Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-286
रायपुर, रविवार 08 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

विवक न्यूज़

## धनखड़ ने दी ईद उल जुहा की शुभकामनाएं



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को मुसलमान के पवित्र त्यौहार ईद उल जुहा की शुभकामनाएं दी है। धनखड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों को ईद उल जुहा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, 'ईद-उल-जुहा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ईद-उल-जुहा हमें त्याग की शक्ति और उदारता के आशीर्वाद की याद दिलाता है। ईद-उल-जुहा में निस्वार्थता और सेवा के मूल्य शाश्वत गुण हैं जो हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को समृद्ध करते हैं।

## टी रवि शंकर 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी. रवि शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे। इनकी नियुक्ति पूर्णकालिक सदस्यों में से एक अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के परिणामस्वरूप हुई है। आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था, जिसके अध्यक्ष नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया थे।



## मैग्नस कार्लसन ने जीता नॉर्वे शतरंज का सातवां खिताब



**स्टवान्गर।** नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का सातवां खिताब जीत लिया है। वहीं अन्ना मुजीचुक ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज 2025 के राउंड 10 अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के बाद डी गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश की हार का मैग्नस कार्लसन को फायदा हुआ। उन्होंने 10वें राउंड में भारत के ही अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर 16 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। फैबियानो कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे तथा अर्जुन एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के संबंध में की चर्चा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहा है, इसी वजह से संभाग सिंचाई साधनों के विकास में पिछड़ गया है, संभाग में सिंचाई साधनों की समस्या को दूर करने और चहुमुखी विकास को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी लिंक परियोजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बस्तर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए, बोधघाट बहुउद्देशीय बांध परियोजना निर्णायक परियोजना साबित होगी। यह परियोजना, लंबे समय से इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। इंद्रावती, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक नदी है। गोदावरी जल विवाद अभिकरण के वर्ष 1980 के अवॉर्ड में भी अन्य योजनाओं के साथ इस परियोजना का उल्लेख है। इस अवॉर्ड में उल्लेखित अन्य परियोजनाओं का क्रियान्वयन दूसरे राज्यों द्वारा किया जा चुका है परंतु दुरस्थ अंचल में होने एवं नक्सल समस्या के कारण इस परियोजना को प्रारंभ नहीं किया जा सका। बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना से संभाग में सिंचाई साधनों का दायरा बढ़ने के साथ ही बस्तर के विकास को डबल रफ्तार मिलेगी। इस परियोजना से 125 मेगावाट का विद्युत उत्पादन, 4824 टन वार्षिक मत्स्य उत्पादन जैसे अतिरिक्त रोजगार, खरीफ एवं रबी मिलाकर 3,78,475 हेक्टेयर में सिंचाई विस्तार एवं 49 मि.घ.मी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगा। वहीं इंद्रावती- महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना से कांकेर जिले की भी 50,000 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सहित कुल 3,00,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बस्तर को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दोनों परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। राज्य में इन्द्रावती नदी कुल 264 कि. मी. में प्रवाहित होती है। यह परियोजना दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड एवं तहसील गीदम के ग्राम बारसूर से लगभग 8 कि.मी. एवं जगदलपुर शहर से लगभग 100 कि. मी. दूरी पर प्रस्तावित है। दोनों परियोजनाओं की अनुमानित लागत 49000 करोड़ रूपए है। जिसमें इंद्रावती-महानदी लिंक परियोजना की लागत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए एवं बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना में लगभग 29 हजार करोड़ रुपए की लागत संभावित है। जिसमें हाइड्रोपावर इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्य, सिविल कार्य (सिंचाई) भी शामिल है। इस परियोजना में उपयोगी जल भराव क्षमता 2009 मि.घ.मी, कुल जल भराव क्षमता 2727 मि.घ.मी, पूर्ण जल भराव स्तर पर सतह का क्षेत्रफल 10440 हेक्टेयर सम्भावित है। बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना से दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा जिले के 269 गांवों को बड़ा लाभ होगा। जबकि इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना से कांकेर जिले के अनेकों गांवों में सिंचाई सुविधा का विस्तार हो सकेगा। बस्तर संभाग को विकसित, आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में दोनों परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



# सुरक्षाबलों ने सात माओवादी नेताओं को ढेर किया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने अब तक कुल 07 माओवादी नेताओं को ढेर कर शव बरामद करने में सफलता पाई है। मारे गये नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर और तेलंगाना राज्य कमेटी सदस्य भास्कर के शव भी शामिल है। बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की तीन दिनों के लगातार में अब तक 05, 06 और 07 जून को हुई कई जगह के मुठभेड़ों के बाद कुल 07 नक्सली शव बरामद किए गए है। 05 जून को सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) सुधाकर उर्फ गौतम का शव बरामद किया गया। वहीं इसके बाद, 06 जून को तेलंगाना स्टेट कमेटी (टीएससी) सदस्य भास्कर का शव बरामद हुआ। इसके बाद 06 और 07 जून की दरम्यानी रात को हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन और माओवादी सदस्यों के शव बरामद किए गए। इसी कड़ी में दो और नक्सली शव माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने बताया कि अब तक बरामद नक्सली शवों का विवरण में सुधाकर उर्फ गौतम- सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम), भास्कर तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य (टीएससी), दो महिला नक्सली सदस्य एवं तीन पुरुष नक्सली सदस्य है जिनकी शिनाख्त नहीं हुई। सुरक्षा बलों द्वारा बरामद पाँच अज्ञात नक्सली शवों की पहचान करने का प्रयास कर रहे है। शवों की बरामदगी के साथ-साथ, मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़े जखीरा, जिसमें दो एके 47 राइफलें भी शामिल है जब्त किया गया।

## 11 सालों में मोदी सरकार ने मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाया : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 11 सालों में मोदी सरकार ने मंहगाई बेरोजगारी बढ़ाया। प्रधानमंत्री बतायें कि उनके तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ? 100 दिन में मंहगाई कम करने का वादे कर क्या हुआ? किसानों की आय दुगुनी का क्या हुआ? मोदी यह बताये 11 साल के बाद भी अपने समर्थन मूल्य गारंटी के लिये भारत का किसान परेशान है। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार क्यों नहीं मिला, पेट्रोल-डीजल के दाम 35 रु. क्यों नहीं हुआ? हर के खाते में 15 लाख क्यों नहीं आया? 2022 तक हर आवासहीनों के मकान के वायदे का क्या हुआ, विदेशों से काला धन लाकर हर नागरिक के खाते में 15 लाख लाने के वादे का क्या हुआ? मोदी बतायें देश के महिलाओं को सुरक्षित वातावरण क्यों नहीं मिल रहा है? प्रधानमंत्री को बयानबाजी के बजाय अपने 11 साल के वादों का हिसाब जनता को दे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं।

## मुकेश अंबानी ने आईसीटी को दिए 151 करोड़ रुपये दान

पायनियर संवाददाता < मुंबई
www.dailypioneer.com



रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी) मुंबई को 151 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की है। उन्होंने इसी संस्थान से पढ़ाई की थी। अंबानी ने प्रोफेसर एमएम शर्मा की जीवनी 'डिवाइन साइंटिस्ट' के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान को दान देने की घोषणा की। अंबानी ने कहा, 'जब प्रोफेसर शर्मा हमसे कुछ कहते हैं, तो हम केवल सुनते हैं और उस पर अमल करते हैं। जब उन्होंने मुझसे कहा - 'मुकेश, तुम्हें आई सी टी के लिए कुछ बड़ा करना है', तब मैंने 151 करोड़ दान देने का निर्णय लिया। मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है।' उन्होंने भारत का रासायनिक उद्योग को अब वैश्विक शक्ति बनने का हवाला देते हुए कहा कि भारत का रासायनिक उद्योग अब वैश्विक शक्ति बन गया है। उन्होंने कहा 'हमें भारत को एक डीप-टेक राष्ट्र और एआई और अन्य सफल तकनीकों का उपयोग करके उन्नत विनिर्माण में विश्व नेता बनाना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षा संस्थानों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं को कल की तकनीकों के उत्पादन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# ब्रिक्स सम्मेलन की भारत करेगा मेजबानी : बिरला

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि ब्रिक्स देशों का अगला सम्मेलन भारत में होगा और इसको लेकर सदस्य देशों के साथ आर्थिक, सामाजिक, व्यापार, एआई तथा अन्य कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बिरला ने ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के समापन के बाद एक वक्तव्य में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए ब्राज़ील की संसद, सरकार और लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा, सार्थक संवाद, विचारों का आदान-प्रदान और ब्रिक्स देशों के बीच संसदीय सहयोग को मजबूत करने, एआई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने और आर्थिक मामलों पर मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात यह है कि इस सम्मेलन के दौरान सदस्य देशों ने सामूहिक रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने का संकल्प लिया और 22 अप्रैल को भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए संयुक्त प्रयासों से आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की सामूहिक नीति अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सभी देशों से आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आह्वान किया है।

## महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव 'मैच फिक्सिंग' से जीता गया, अब बिहार की बारी : राहुल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा ने 'मैच फिक्स' करके जीता और अब बिहार में भी ऐसा ही किया जायेगा। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक अंग्रेजी दैनिक में छपे अपने लेख को पोस्ट करते हुए लिखा,'चुनाव की चोरी का पूरा खेल। वर्ष 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। अपने आर्टिकल में मैंने विस्तार से बताया है कि कैसे यह साज़िश कदम-दर-कदम रची गयी।' उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल पर कब्ज़ा किया गया फिर वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाता जोड़े गये, फिर मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया और जहां भाजपा को जिताना था, वहां टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गयी और फिर सबूतों को छुपा दिया गया। गांधी ने कहा कि यह समझना बिल्कुल मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाई हुई क्यों थी। लेकिन चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है,जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाये लेकिन इससे लोकतान्त्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है।

## आरएसएस के झंडे में भारत माता की छवि प्रदर्शित करने को लेकर कुमार ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र



**तिरुवनंतपुरम।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सांसद पी. संदोष कुमार ने यहां हाल ही राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा इस्तेमाल किए गए झंडे में भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। कुमार ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में भारत माता की छवि के एक विशेष संस्करण को प्रदर्शित करने के राज्यपाल के एकतरफा फैसले पर चिंता व्यक्त की है। इसके कारण केरल के कृषि मंत्री पी. प्रसाद ने समारोह का बहिष्कार किया था। माकपा सांसद ने कहा, यह सिर्फएक मामला नहीं है। कई राज्यों में राज्यपाल तेजी से भाजपा-आरएसएस के राजनीतिक एजेंटों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और खुले तौर पर संवैधानिक ढांचे की अवहेलना कर रहे हैं। संविधान में राज्यपालों की तटस्थता, संयम और निर्वाचित सरकारों के प्रति सम्मान की बात कही गयी है। सांसद के पत्र में लिखा है, माकपा विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपाल द्वारा अधिकारों का बार-बार दुरुपयोग किये जाने की कड़ी निंदा करती है और संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन करने तथा संघीय मूल्यों को कमतर आंकने के लिए केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को तत्काल वापस बुलाने की मांग करती है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950 तथा राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 का उल्लंघन हो सकती हैं। माकपा सांसद दल ने मांग की है कि राष्ट्रपति इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें तथा सुनिश्चित करें कि राज्यपाल के पद की गरिमा और तटस्थता बहाल हो।

## बिहार में हार तय मान कर राहुल चुनाव फिक्सिंग की गढ़ रहे हैं कहानी : नड्डा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने चुनाव में 'फिक्सिंग' के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप पर पलटवार करते हुये कहा कि उन्हें बिहार में अपनी हार निश्चित लगने लगी है, इसलिए वह संस्थाओं को बदनाम करने में जुट गये हैं। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गांधी के 'चुनाव में धांधली के लिये फिक्सिंग' (साठ-गांठ) वाले लेख पर टिप्पणी करते हुए कहा, राहुल गांधी का ताजा लेख झूठी कहानी गढ़ने का एक खाका है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गांधी लगातार हार-के-बाद-हार से खिन्न और हताश हैं और यह लेख उनकी हताशा की देन है। गांधी के कुछ अखबारों में प्रकाशित इस लेख पर अपनी प्रतिक्रिया में भाजपा अध्यक्ष ने कहा, वह (राहुल) ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बिहार में (उनकी) हार निश्चित है। नड्डा ने इस तरह की कहानी को कांग्रेस पार्टी के नेता का नाटक बताया और कहा कि 'लोकतंत्र में नौटंकी' करने की जरूरत नहीं है। इसे जरूरत सत्य की है। कांग्रेस नेता द्वारा महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर लगाये गये आरोप पर भाजपा प्रमुख ने कहा, कांग्रेस पार्टी तथ्यों और आंकड़ों की अनदेखी करती है और संस्थाओं को बिना किसी प्रमाण के आक्षेप करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने के लिए कांग्रेस नेता का एक तरीका है। उन्होंने कहा, वह यह सब चरण-दर-चरण कैसे करते है: चरण 1: उनकी हरकतों के कारण कांग्रेस पार्टी को हर चुनाव में हार का सामना करना पड़ता है। चरण 2: आत्मनिरीक्षण करने के बजाय, वह विचित्र षड्यंत्र रचते हैं और धांधली का रोना रोते हैं। चरण 3: सभी तथ्यों और आंकड़ों की अनदेखी करते हैं। चरण 4: बिना किसी सबूत के संस्थानों को बदनाम करता है। चरण 5: तथ्यों के बजाय सुर्खियों की उम्मीद करते हैं। नड्डा ने पहले प्रकाशित हो चुकी विभिन्न रिपोर्टों का हवाला देते हुये कहा कि महाराष्ट्र की सूचियों के बारे में कांग्रेस के आरोप पहले ही खारिज किये जा चुके हैं।

### गृह मंत्री ने कहा - इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ, जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा

# शाह ने नक्सलवाद के विरुद्ध अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को बधाई दी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से नई दिल्ली में भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। गृह मंत्री ने एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा, हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा। मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के निर्देशन में माओवादी विरोधी अभियानों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत अबूझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में 18 से 21 मई तक छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा (जिसमें जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव एवं बीजापुर पुलिस के डीआरजी बल शामिल थे) संचालित अभियान में 21.05.2025 को ग्राम बोटेर के जंगलों में हुए मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के महासचिव व पोलित ब्यूरो सदस्य बसवाराजू उर्फ गगन्ना सहित 27 नक्सली मारे गये तथा भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद हुए। इस अभियान में शामिल छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान/ एसआईबी/ एसटीएफ) विवेकानंद, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज, नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव और नक्सल मुक्त जिला बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिंह को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन डेका सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या छह हजार के करीब पहुंची



**नयी दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5755 तक पहुंच गयी और अब तक 5484 मरीज स्वस्थ्य हो गये हैं। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 59 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में आठ बजे तक कोराना के 391 नये सक्रिय मामले सामने आये है और 760 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और इस जानलेवा बीमारी से चार और मरीजों की मौत हो गयी। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। उन्होंने लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिये गये।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से देश के विकास को मिलेगी गतिः बंसल

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को मौजूदा समय में देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे खर्च और समय दोनों की बचत होगी तथा देश के विकास को गति मिलेगी। बंसल ने यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लबक्लब में 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर आयोजित संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में जब चुनाव होते हैं तो वहां पैसे के साथ साथ सिस्टम और समय की बर्बादी होती है। उन्होंने कहा, बदलती हुई दुनिया में अगर हमें आगे बढ़ना है तो उसके लिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' जरूरी है। उन्होंने कहा, इस वक्त एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर हमारे यहां कई चर्चाएं हो रही हैं। टीवी डिबेट भी हो रही हैं और साथ ही चुनाव आयोग और नीति आयोग के अधिकारियों ने भी काफी चर्चा की है। उन्होंने इसको लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनायी गयी। उन्होंने कहा. चुनाव सही तरीके से हो इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संकल्पित है और देश की बेहतरी के लिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की व्यवस्था होनी ही चाहिए। बंसल ने कहा. इसी उद्देश्य के साथ हमें अब सोचने की जरुरत है।

# एक श्रेष्ठ भारत, दिग्विजयी भारत, समरस भारत, समृद्ध भारत बनाने में अपना योगदान करें : दीपक विस्पुते

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





बिलासपुर के कोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) मध्यक्षेत्र का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वर्ग के वर्ग कार्यवाह विक्रम सिंह ने सभी प्रमुख अधिकारियों का परिचय कराते हुए वर्ग का प्रतिवदेन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 18 मई से प्रारंभ हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 मध्य क्षेत्र में कुल 308 स्थानों के 382 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन स्वयंसेवकों में कृषक, महाविद्यालयीन छात्र, व्यसायी, कर्मचारी, अधिवक्ता, अभियंता, चिकित्सक, प्राध्यापक आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में 58 शिक्षक, 13 पालक कार्यकर्ता पूर्ण समय वर्ग में उपस्थित रहें। यह वर्ग प्रातः 04:15 से जागरण प्रारंभ होकर रात 10:15 बजे तक संचालित होती थी, जिसमे शारीरिक, बौद्धिक, श्रम साधना के विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों को वर्ग में सेवा कार्य, संपर्क और प्रचार विभाग के कार्यों के प्रति समझ विकसित करने हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण दिए गए। इस समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित छत्तीसगढ़ लोकनाचा राष्ट्रीय रासधारी (रहस) के डॉ. उग्रसेन कन्नौजे अपने संबोधन में कहा कि यह प्रकट कार्यक्रम मेरे जीवन के लिए ऐतिहासिक है। मैंने अपने जीवन काल में बहुत बड़े-बड़े मंचन किये, परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आना मेरे लिए बड़ा सौभाग्य का विषय है। दुनिया में एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही तो है, जो छोटे छोटे समाज को और हिन्दू पद्धति को चिर स्थायी बनाएं रखने के लिए यहां पर जो स्वयंसेवकों के गुण निर्माण की संख्या हो रही है, उसमें हम सब की सहभागिता हो। प्रत्येक वर्ग में अपने बच्चों को ऐसे कोई खास कार्य के लिए तत्पर और मातृभूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने कहा कि प्राचीन भारत श्रेष्ठ भारत रहा है। आक्रांताओं के हजार वर्ष के शासन के समाज में कुछ दोष एवं समाज में आत्महीनता, आत्म गौरव का अभाव हमारे सामाजिक पतन का कारण बना। कृणवन्तो विश्वआर्यम का संदेश देने वाला हिन्दू समाज अभाव एवं संकटो से ग्रस्त होकर नैरास्य (निराशा) के वातावरण में लिप्त था। इसे दूर करने हेतु, समाज में देशभक्ति, अनुशासन एवं संगठन का भाव जागरण करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गत् 100 वर्षों से समाज व राष्ट्र जागरण के प्रयास में साधनारत् है। समाज और देश का वैभव किसी एक संस्था संगठन से नही अपितु सारे जागरूक समाज के प्रयास से ही संभव है। अतः सारा समाज एक श्रेष्ठ भारत, दिग्विजयी भारत, समरस भारत, समृद्ध भारत, बनाने में अपना भी योगदान करें, आने वाले समय में 2047 का भारत दुनिया का नेतृत्व करता हुआ, भारत समस्त समाज के प्रयास से खड़ा होकर विश्वमंगल भारत की संकल्पना को साकार करता हुआ दिखेगा। उन्होंने संघ द्वारा आह्वान पंच परिवर्तन की विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन सायं 06:15 बजे किया गया। इस समारोह में स्वयंसेवकों ने घोष, समता, आसन, नियुद्ध, पद विन्यास, दंड संचालन और राष्ट्रभक्ति गीत का मनमोहक सामूहिक प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 (सामान्य) मध्य क्षेत्र में आए शिक्षार्थियों ने विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में पेड़ लगाए। पौधारोपण का कार्य शिक्षार्थियों के अतिरिक्त शिक्षक और वर्ग में उपस्थित अधिकारियों ने भी लगाया। इसके अतिरिक्त पूरे बीस दिनों में खाद्यान और पानी की बर्बादी रोकने तथा उपयोग की हुई वस्तुओं जैसे प्लास्टिक बोतल से बनायी गयी सामानों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इको वृक्ष एवं सीड बाल के निर्माण का कार्य किया गया। इस वर्ग में मध्य क्षेत्र के सभी प्रान्तों द्वारा कई विभागों का प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रहा। जहाँ एक तरफ सेवा प्रकल्पों के चलाए जा रहे सेवा कार्यों की प्रदर्शनी अपनी सार्थक पहल को प्रकट कर रही थी, वहीं स्वावलंबन की दिशा में कागज के थैले आदि का निर्माण स्वावलंबी होने की प्रेरणा दे रहा था। इसी क्रम में प्रचार विभाग की प्रदर्शनी द्वारा प्रचार के सभी आयामों की संक्षिप्त जानकारी शिक्षार्थियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इसमें भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण और उपयोगी कानून की जानकारी बेहतर सन्देश दे रही थी। वर्ग में मातृभाषा दिवस, स्वदेशी दिवस, पर्यावरण दिवस, गुरूजी पुण्य स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस बार के कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम (सामान्य) मध्य क्षेत्र में आए शिक्षार्थियों में युवाओं का बोलबाला रहा है। इसमें कुल 382 शिक्षार्थी में से 226 शिक्षार्थी 30 वर्ष से कम उम्र के थे। इन युवा शिक्षार्थीयों में समाजहित में काम करने की प्रतिबद्धता दिखी, जो समाज परिवर्तन के लिए बेहतर संकेत है। समापन कार्यक्रम का आभार गणपती रायल ने किया। कार्यक्रम में अमृत वचन बोला गया तथा एकल गीत गाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बिलासपुर विभाग के संघचालक डॉ. राजकुमार सचदेव, अनिरूद्ध काउरवार वर्ग के सर्वाधिकारी, प्रवीण गुप्त वर्ग पालक अधिकारी, सुरेश क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख, कैलाश क्षेत्र प्रचार प्रमुख, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मध्यक्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी तथा मध्यक्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेम सिदार की विशेष उपस्थिति रही।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का कंधमाल के लोगों का सपना हुआ साकार : माझी

एजेंसी ◄ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि लंबी प्रतीक्षा के बाद कंधमाल के लोगों का बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का सपना साकार हो गया है। माझी ने आज फूलबनी में 100 सीटों वाले सरकारी मेडिकल कॉलेज और 650 बिस्तरों वाले अस्पताल का उदघाटन करने के बाद यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उदघाटन करने के साथ ही जिले के विकास के लिए लगभग 750 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कंधमाल के लोग लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की उम्मीद लगाये हुए थे और अब उनका सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि नया मेडिकल कॉलेज न केवल चिकित्सा शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं भी सुनिश्चित करेगा। इससे आसपास के क्षेत्रों में लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। माझी ने कहा, यह 650 बिस्तरों वाला सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल न केवल कंधमाल जिले के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए स्वास्थ्य सेवा में एक नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 24 वर्षों में ओडिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपेक्षा की गयी थी और बुनियादी ढांचा ही तैयार नहीं किया गया लेकिन भाजपा सरकार अब इसे बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक साल में ओडिशा में डॉक्टरों की कोई कमी नहीं रहेगी। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए हर अस्पताल में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मौजूदा बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष रूप से 23,635 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं जो कुल बजट का 8.2 प्रतिशत है। यह राज्य के इतिहास में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल से कंधमाल के निवासियों के साथ-साथ पड़ोसी नयागढ़, बौध और कालाहांडी आदि जिलों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताया कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## ममता ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। बनर्जी ने अपने संदेश में राज्य की जनता को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दीं। तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी अपने संदेश में ईद-उल-अजहा मना रहे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, विश्वास, त्याग और करुणा का यह त्योहार हमें एकता, विनम्रता और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करे। यह हमें याद दिलाए कि सच्ची भक्ति एक-दूसरे की देखभाल करने और एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण के लिए मिलकर काम करने में निहित है। सभी के लिए शांति, समृद्धि और सदभाव की कामना करता हूं।

## फिरोजाबाद में चार लोगों पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज

एजेंसी ◄ फिरोजाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद नगर निगम में भ्रष्टाचार की शिकायत पर आगरा विजिलेंस एंटी करप्शन निरीक्षक ने तत्कालीन अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय के साथ लेखा विभाग के तीन लोगों सहित चार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की कारवाई से निगम कर्मचारियों में हड़कंप मच हुआ है। अरविन्द कुमार राय वर्तमान में प्रयागराज नगर निगम में तैनात है। अरविंद कुमार राय पर आय से अधिक संपत्ति की जांच के घेरे में आ सकते है। सभी को अगली कार्रवाई के लिए शासन के निर्देश का इंतजार है। भ्रष्टाचार की शिकायत का मामला फिरोजाबाद नगर निगम से जुडा हुआ है। वर्ष 2022 में अपर नगर आयुक्त पद पर तैनात अरविंद कुमार राय नगर आयुक्त प्रेरणा शर्मा के अवकाश पर होने के दौरान जव जून 2022 मे कार्यवाहक नगर आयुक्त का कार्यभार देख रहे थे। उसी दौरान उनके द्वारा निगम से संबंधित 19 ठेकेदारों की भुगतान संबंधी पत्रावली लेखा विभाग को संस्तुति कर भुगतान को भेजी गई थी। उसी दौरान शासन ने 28 जून को नए नगर आयुक्त घनशयाम मीणा की तैनाती के आदेश कर दिये गये। घनश्याम मीणा ने 29 जून 2022 को अपना पद भार ग्रहण कर लिया गया। उसी दौरान लेखा अधिकारी ने 29 जून को घनश्याम मीणा की प्रतीक्षा किए बिना अरविंद राय की सहमति पर आनन फानन में 19 ठेकेदारों की भुगतान संबंधी फाइलें निस्तारित कर दी गई।

## नकली नोट तैयार करने वाले तीन युवा बेरोजगार गिरफ्तार



**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में फोटोस्टेट से नकली नोट तैयार करने की जुगत के आरोप में शिक्षित बेरोजगार, नौसिखिए तीन युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि आदमपुर थाना क्षेत्र के ढबारसी ग्रामीण बाजार में आरोपी अजय निवासी ग्राम चन्द पुरा थाना ऐचौडा कम्बोह जिला सम्भल, पवन तथा अनुज निवासी ग्राम गोजनी मिलक थाना ऐचौडा कम्बोह जिला सम्भल समेत तीन युवकों को फोटोस्टेट से तैयार किए जाने वाले 50-50 रुपये के नकली नोट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 50-50 रुपये के 23 नकली नोट, एक प्रिंटर, पांच सादा कागज, छह छपे हुए, एक पेपर पर 50-50 के कुल चार नोटों की कागज के दोनों ओर से सैलो टेप से चिपके हुए हैं। तीन मोबाइल फोन, एक यूपी 14 डीके 9602 नंबर प्लेट की हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि उक्त तीनों आरोपी असली नोट को पारदर्शी टेप से चिपका कर उनकी फोटोस्टेट के जरिए असली नोटों से मिलते-जुलते नकली नोट बनाने के प्रयोग करने की जानकारी संबंधित थाना पुलिस को सूचना दिए जाने पर बाद पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों युवाओं को गिरफ्तार कर लिया।

### ललितपुर में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में रेल पटरी के पास घायल पडे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। आर.पी.एफ. को जानकारी मिली कि कोतवाली सदर अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर रेल पटरी के पास अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पडा हुआ है। सूचना मिलने पर आर.पी.एफ. मौके पर पहुंची और रेल पटरी के पास पडे घायल युवक को उठाकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया व उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जब उसके कपडों की तलाशी ली गई, तो उसके पास से प्राप्त हुये आधार कार्ड पर उसकी पहचान बिहार के ग्राम जहानाबाद निवासी रवि शंकर 30 वर्ष पुत्र सुखविंदर के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उसके परिजनों को सूचना दी।

## बंगलादेशियों को फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत मे प्रवेश कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

एजेंसी ◄ किशनगंज
www.dailypioneer.com

बिहार में किशनगंज जिले की पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बंगलादेशियों को भारत में प्रवेश कराने वाले गिरोह का पर्दाफश कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह कार्रवाई ठाकुरगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (दो) मंगलेश कुमार के नेतृत्व में नेपाल सीमा से लगे जिले के जियापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत गिलाहवाड़ी गांव से की गई है। इस कार्रवाई में एक स्थानीय व्यक्ति असराफुल को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पंकज, जमाल सहित वाहन मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। असराफुल के घर से पुलिस ने नेपाली सिम, रेटिना, स्कैन करने वाली मशीन, नेपाली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर, आधार कार्ड छपने वाला कार्ड सहित अन्य सामान जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार लोग फर्जी आधार कार्ड बनाकर बंगलादेशियों को भारत मे प्रवेश कराते थे। कार्रवाई से पहले अन्य आरोपी नेपाल की ओर फरार हो गए। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। ऐसे गिरोह का नेटवर्क नेपाल सीमा से लगे दिघलबैंक की ओर भी होने की आशंका है, जिसकी जांच की जा रही है।

## खनिज के अवैध परिवहन में शामिल तीन डंपर जप्त



**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में खनिज के अवैध परिवहन में शामिल तीन डंपरों को जप्त किया गया हैं। जिला खनिज अधिकारी आर. पी. कमलेश ने बताया कि खनिज विभाग के दल ने गिट्टी के अवैध परिवहन में शामिल तीन डंपर जप्त किये हैं। खनिज विभाग के दल ने आज हरदा से नीमगांव रोड पर डंपर द्वारा गिट्टी का बिना अभिवहन पास परिवहन किया जाना पाया गया, जिसे चालक से जप्त कर थाना सिविल लाइन हरदा में खडा किया गया है। इसके साथ ही डंपर द्वारा हरदा खंडवा रोड से बमहनगांव मार्ग पर गिट्टी का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया, जिसे चालक से जप्त कर छीपाबड थाना में खडा किया गया। इसके अलावा शुक्रवार को छीपाबड से चारूवा मार्ग में ग्राम पडवा के पास डंपर की जांच गयी, जिसमें गिट्टी परिवहन हेतू अभिवहन पास नहीं पाया गया, जिसे चालक से जप्त कर थाना छीपाबड में खडा किया गया। तीनों वाहनों पर गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## बागपत में प्रदेश का पहला स्तनपान कक्ष 'आंचल' होगा स्थापित

एजेंसी ◄ बागपत
www.dailypioneer.com




उत्तर प्रदेश में बागपत के बडौत बस डिपो पर प्रदेश का पहला स्तनपान कक्ष 'आंचल' आगामी नौ जून को स्थापित किया जाएगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि मातृत्व को सम्मान और शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए बागपत प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल 'आंचल' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत उत्तर प्रदेश का पहला स्तनपान कक्ष बडौत बस डिपो पर स्थापित किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग बूथ की स्थापना मिशन शक्ति, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है, को धरातल पर साकार करेगी। जागरूकता बढाकर, सुरक्षित वातावरण स्थापित करके मिशन शक्ति महिलाओं के जीवन को बदलने और एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करना है जो समावेशी और सशक्त हो। यह स्तनपान कक्ष लिटिल फिट फाउंडेशन डॉ अभिनव तोमर द्वारा संचालित, विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं यूनिसेफ के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। इसे रीसाइकल्ड सामग्री - 350 किलो प्लास्टिक, 170 किलो आयरन स्क्रैप व 15 किलो लकडी से तैयार किया जा रहा है। यह पर्यावरण संवेदनशील भी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराने हेतु सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराना है। यह न सिर्फ नवजात के पोषण व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढावा देगा, बल्कि महिलाओं को शिक्षा व रोजगार के लिए घर से बाहर निकलने में सहूलियत देगा। डीएम अस्मिता लाल ने कहा, मां और बच्चे की सेहत समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आंचल पहल मातृत्व को सम्मान देने और महिला सशक्तिकरण को बढावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह सामाजिक सोच में बदलाव, लैंगिक समानता और परिवार के सहयोग की भावना को मजबूत करेगी।

## उत्तराखंड में जोश-ओ-खरोश से मनाया गया ईद-उल-अजहा

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रमुख इस्लामिक त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) पूरे जोश-ओ-खरोश और अकीदत से मनाया गया। देहरादून में शहर के अकीदतमंदों ने चकराता मार्ग स्थित ईदगाह और क्लेमनटाउन क्षेत्र में सुभाष नगर स्थित ईदगाह में नमाज अता की। इसके अलावा पल्टन बाजार स्थित जामा मस्जिद, माजरा मस्जिद, मेहुंवाला की शाही मस्जिद के अलावा विकासनगर, डोईवाला, मसूरी, सहसपुर आदि क्षेत्रों में मस्जिदों में ईद की नमाज हुई। नमाज अता करने के बाद, अकीदतमंदों ने एक, दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसी तरह राज्य के उद्यमसिंह नगर, ज्वालापुर, मंगलौर, कोटद्वार, हल्द्वानी, रानीखेत आदि स्थानों पर भी अकीदतमंदों ने ईद की नमाज अता की।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण आवश्यक : मंत्री

एजेंसी ◄ भागलपुर
www.dailypioneer.com



बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण आवश्यक है, जिससे जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम किया जा सके। डा. सुनील ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मानव जीवन को दीर्घायु रखने के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिये जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग अपने-अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण के लिये अपना योगदान दें। सभी लोग हर रविवार एक घंटे पर्यावरण के नाम करके एक पौधा जरूर लगाएं। यदि हर नागरिक प्रतिदिन एक घंटा पर्यावरण को दे,तो बिहार फिर से गौरवशाली बन सकता है। जलवायु परिवर्तन मंत्री ने बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्ष 2004 में राज्य का वन क्षेत्र मात्र 7.62 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 15.05 प्रतिशत हो गया है, और 2028 तक इसे 17 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए काफी सराहनीय प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसको दर्शाने के लिए हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से विभागीय थीम आधारित पर्यावरण गीतः हरित बिहार बनाएंगे-नया बिहार बनाएंगे लॉन्च किया गया, जिसमें बिहार के सारे पर्यटन स्थल जैसे माँझर कुंड, गुप्ताधाम, मुंडेश्वरी धाम, ताराचण्डी धाम, नागी-नकटी, मंदार पर्वत, राजगीर, वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व, बोध गया, बक्सर आदि स्थलों के विकास का उल्लेख किया। मंत्री ने कहा कि यह गीत विभाग के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर (एक्स) पर उपलब्ध है। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार होने की जरुरत है,जिससे राज्य में आने वाले पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर पाएं। उन्होंने कहा कि कि बिहार सिर्फ ऐतिहासिक धरोहरों की भूमि नहीं, बल्कि समृद्ध पर्यावरण और भविष्य की अपार संभावनाओं का केंद्र भी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो बिहार फिर से अपने गौरव को प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व सदस्य सचिव डॉ. एस चन्द्रशेखर, सुधीर कुमार,वन प्रमंडल पदाधिकारी श्वेता कुमारी एवं जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष संतोष कुमार भी मौजूद थे।

## भूमि विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या




**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में भूमि विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलागढ़ गांव में भूमि विवाद को लेकर पंचायती के दौरान दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुयी। इस घटना में जयप्रकाश यादव (20) की गोली लगने से मौत हो गयी तथा एक अन्य युवक सुग्रीव कुमार घायल हो गया। घायल सुग्रीव को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद वह अस्पताल से फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि मृतक जयप्रकाश धर्मपुरा पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र के कृष्णापुर टोला का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## प्रगतिरत परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाये : भोंडवे

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) की समीक्षा बैठक कम्पनी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे ने प्रगतिरत परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए मासिक आधार पर सूक्ष्म कार्ययोजनाओं तैयार करने पर बल दिया। भोंडवे की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने नगरीय निकायों के लिए प्रस्तावित समूह सौर ऊर्जा योजना तथा भूमि आधारित सौर संयंत्रों की आधुनिकतम तकनीक और अनुमानित लागत के संबंध में ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैस से चर्चा की। उन्होंने आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम्पनी को अधोसंरचना और शहरी विकास के अन्य संभावित क्षेत्रों में भी अपनी भूमिका का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने प्रगतिरत परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु मासिक आधार पर सूक्ष्म कार्ययोजना (माइक्रो प्लान) तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रकार के भुगतानों को समय पर सुनिश्चित करने, वित्तीय सुरक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ावा देने और 'मिशन कर्मयोगी' के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए। भोंडवे ने विलंब से चल रही परियोजनाओं में आ रही समस्याओं के संबंध में संबंधित संविदाकार के साथ बैठक कर समाधान कारक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी दोहराया कि एमपीयूडीसी का उद्देश्य राज्य में नगरीय एवं अन्य अधोसंरचना सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और जनकल्याण है। उन्होंने चित्रकूट में अधोसंरचना विकास हेतु तैयार किये जा रहे इंटीग्रेटेड अर्बन डेवलपमेंट प्लान की प्रस्तुति का अवलोकन किया।

# युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस चलाएगी शिक्षा न्याय मुहिम : अनिला भेड़िया

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नए सेटअप के नाम पर युक्तियुक्तकरण एवं शिक्षा, रोजगार विरोधी नीति के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा राजीव भवन में जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकार वार्ता प्रभारी एवं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि युक्ति युक्त करण रोजगार विरोधी एवं शिक्षा विरोधी कदम है, इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए हैं। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों की न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद को खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद एवं 12000 शिक्षकों के पद को भी खत्म किया गया था। वर्तमान भाजपा सरकार सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने एवं नए शिक्षकों की भर्ती ना करनी पड़े इसलिए यह युक्तियुक्तकरण की नीति ला रही है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर होगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के युक्तियुक्तकरण नीति से स्कूलों को जबरन बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों में कार्यरत हजारों रसोईया, स्वीपर और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी प्राथमिक, माध्यमिक,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे इससे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पढ़ना निश्चित है। भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की गयी ना ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा गया। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले ना शिक्षक संगठनों की राय ली गयी, ना पालक संघ से पूछा गया और ना ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गई। सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षको के पद रिक्त हैं हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी नहीं बना पाए ऐसे में युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों को डरा कर भाजपा सरकार वसूली करना चाहती है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार के इस युक्तियुक्तकरण नीति से 10000 से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद को समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से दूरस्थ क्षेत्र विशेष कर बस्तर, सरगुजा,जशपुर जैसे जगह पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही है कि स्कूल बंद नहीं होंगे जबकि सच्चाई यहां है कि मर्ज किए गए स्कूलों का डायस कोड विलोपित कर दिया गया है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में दावा किया था कि राज्य में 58000 शिक्षकों के पद खाली है एवं यहां घोषणा भी किया गया था कि 35000 पद भरे जाएंगे इस वर्ष के बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई है लेकिन यह भर्ती नहीं करनी पड़े इसलिए 45000 पद समाप्त किया किया जा रहा है। जब पद ही खाली नहीं रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे, युक्तियुक्तकारण शिक्षा विरोधी कदम है स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार जैसे सभी पद समाप्त हो जाएंगे। हजारों लोग रोजगार के अवसर से समाप्त हो जाएंगे। कांग्रेस इसके खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ेगी। जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चरणबद्ध शिक्षा न्याय आंदोलन किया जाना है जिसके तहत 9 से 11 जून तक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा, 16 से 25 जून तक 3 से 5 किमी तक शिक्षा न्याय पदयात्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा एवं 1 से 10 जुलाई तक प्रत्येक ब्लॉक में 5 से 10 बंद किए जाने वाले स्कूलों में तख्ती के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, जनकनंदन कश्यप, मुकेश ठक्कर, सुनील गोस्वामी, नरेन्द्र यादव, नितिन पोटाई, तरेंद्र भंडारी, सावित्री वटटी, रोहिदास शोरी, मनोज जैन, सरजू शोरी, यासीन कराणी, अजय सिंह रेणु, लोमेन्द्र यादव, मतीन खान, हिरवेंद्र साहू, विश्राम गावड़े,शिवभान ठाकुर, कमलेश कोमरा, दीपक शोरी, चंद्रलोक ठाकुर, आनंद चौरसिया, अजय भाषवानी, कमलेश देवांगन, सूर्या नेताम, सुमित राय, महेन्द्र नायक, शेष गजबिए, किसन साहू, अमन गायकवाड़, अमित साहू, विनय ठाकुर, देवा कोरेटी, सुरेन्द्र कोर्राम आदि उपस्थित थे।

# स्थानीय स्तर पर हो एनएमडीसी में वर्णित पदों की भर्ती प्रक्रिया



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी में विभिन्न प्रकार के पदों की भर्ती के संबंध में श्रमिक संघ संयुक्त खदान मजदूर संघ किरंदुल ने एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया है कि किरंदुल कॉम्पलेक्स में विभिन्न प्रकार के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इस संबंध में आपके संज्ञान में यह लाना उचित होगा कि विज्ञप्ति में फील्ड अटेंडेंट को छोड़कर मेंटेनेंस असिस्टेंट एवं अन्य पदों के लिए लिखित परीक्षा सीबीटी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम से आयोजित किया जाना लेख किया गया हैं। इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि यह आदिवासी के बाहुल्य क्षेत्र हैं। ज्यादातार बेरोजगार युवक गांव में रहकर अपनी पढ़ाई-लिखाई करते हैं। यहां शिक्षा का स्तर अन्य शहरों की तुलना में बहुत ही कम है। जिस कारण से यहां के बेरोजगार युवकों को सीबीटी की जानकारी बिल्कुल भी नहीं है। इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा होने से यहां के बेरोजगार युवक एनएमडीसी में रोजगार पाने से वंचित रह जाएंगे। इसलिए यहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखित परीक्षा ओएमआर के माध्यम से संपन्न कराये जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही यह भी पता चला है कि इस रोजगार अधिसूचना में वर्णित पदों की भर्ती प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर नहीं किये जाने की योजना है। इस संबंध में भी श्रम संघ द्वारा अवगत कराया जाता है कि यहां के बेरोजगार युवकों को बाहर जाकर प्रतियोगी परीक्षा देना बिल्कुलि भी संभव नहीं है।पूर्व की भांति जिस प्रकार से स्थानीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाती थी, उसी प्रकार से इस बार भी आयोजित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि यहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके। अतएव अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा सीबीटी के स्थान पर ओएमआर द्वारा कराये जाने एवं पूर्व की भांति स्थानीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करें।

# ऑयल पॉम प्लांटेशन अभियान की तैयारी प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल पॉम की योजना कोण्डागांव जिले में संचालित है। जिला कोण्डागांव में ऑयल पॉम खेती की संभावनाओ के दृष्टिगत वर्ष 2022-23 से निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के लिए चालू वर्ष 2025-26 केन्द्र शासन द्वारा देय अधिकतम अनुदान प्रावधान के अलावा राज्य शासन द्वारा अतिरिक्त अनुदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला कोण्डागांव में चालू वर्ष हेतु 1000.000 हैक्टर में ऑयल पॉम लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिले के सभी वर्ग के कृषक ऑयल पॉम योजना से लाभ लेने हेतु पात्र होंगें, कृषक व्यक्तिगत अथवा एक से अधिक सामूहिक रूप में योजना का लाभ ले सकेंगें। योजना का कियान्वयन क्लस्टर आधार पर किया जा रहा है। प्रत्येक क्लस्टर का न्यूनतम रकबा 10.000 हैक्टर अनिवार्य है, जो कि चयनित ग्राम पंचायतों में ही व्यवस्थित होगी। कृषकों को ऑयल पॉम की खेती से संबंधित समस्त गतिविधि, तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा निरंतर की जा रही है। हितग्राहियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। योजना में पौधे की उपलब्धता के साथ-साथ रखरखाव, अंतर्वतीय फसले, बोरवेल, पम्प सेट, फेंसिंग, ड्रिप आदि का प्रावधान है। इस वर्ष ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राईव का शुभारंभ ग्राम चिंगनार विकासखण्ड फरसगांव के चयनित क्षेत्र 16.000 हैक्टर में अनुमानित 09 जून को रोपण कराया जाना है, 9 जून के बाद जिले के समस्त विकासखण्ड में चयनित कृषको के प्रक्षेत्र में ऑयल पॉम रोपण 9 जुलाई तक प्लांटेशन ड्राईव के रूप में निरंतर रहेगा। ऑयल पॉम रोपण हेतु इच्छुक कृषको से आव्हान किया जाता है कि, वन पट्टाधारी कृषक बड़े हिस्से में रिक्त जमीन, भर्री, टिकरा, जमीन में ऑयल पॉम रोपण कर सुनिश्चित आय का साधन निर्मित करें, अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड में स्थापित उद्यान रोपणियो मैदानी क्षेत्र के अमलो तथा जिला कार्यालय सहायक संचालक उद्यान में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। इच्छुक कृषक स्वयं घर में हार्टिकल्चर बेनिफिसरी ट्रेकिंग सिस्टम के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

# 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में होगा रक्तदान शिविर




**कोण्डागांव।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान के लिए जिला अस्पताल में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। ज्ञात हो कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्ष 2005 से प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित किया जाता है। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 वर्ष से अधिक आयु एवं 45-50 किलोग्राम से अधिक वजन वाले व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। स्वास्थ्य जांच के उपरांत किसी भी प्रकार का रोग नहीं पाए जाने पर ही रक्तदान किया जा सकता है। रक्तदान से 24 घण्टे पूर्व से ही शराब, धूम्रपान एवं तम्बाकू के सेवन नहीं करना चाहिए। रक्तदान से हार्ट अटैक, खून का थक्का जमने, लिवर संबंधित समस्याओं आदि से राहत मिलती है साथ ही रक्तदान से वजन कम करने, नये ब्लड सेल्स के निर्माण आदि में सहायता मिलती है। चिकित्सा अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करें, ताकि आपात स्थितियों में किसी जरूरतमंद इंसान को रक्त देकर सहायता की जा सके।

# जिला परिवहन विभाग द्वारा मोटर कराधान अधिनियम के तहत घोषणा दर्ज न किए जाने के संबंध में वाहन मालिकों को दिया गया नोटिस

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला परिवहन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया गया है कि कार्यालयीन पत्र 19 मई 2025 के द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा (1) 8(2) में निहित प्रावधानों के अधीन घोषणा करने हेतु समय-सीमा दी गई थी परन्तु आज दिनांक तक महाप्रबंधक किरंदुल, डीवाई. जी.एम. (सामग्री) एनएमडीसी लि. किरंदुल, महाप्रबंधक एनएमडीसी लिमिटेड बचेली, जीएमएनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल, जीएम एनएमडीसी किरंदुल, आदर्श ट्रांस.सेर.कंपनी, अरुणोदय पब्लिक स्कूल, आदेश्वर पब्लिक स्कूल, बस्तर अर्बन सोशल ट्रांस सोसाइटी, भीमा राम मंडावी, जिला मिशन समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, दुलेश्वरी महिला स्व शायता समुह, गायत्री शिक्षा एवं स्वास्थ्य, गायत्री विद्यापीठ दंतेवाड़ा, जय माता दी सवा सहायता समो, लोजर माता स्व सहायता समुह, रामबरन सिंह भदौरिया,मैसर्स शैलेन्द्र प्रताप मोटर ट्रैवल्स, मैसर्स शालीन्द्र प्रताप मोटर ट्रैवल्स, राम भरोसे सिंह चौहान मैसर्स शैलेन्द्र प्रताप मोटर ट्रेवल्स, एमएस शैलेन्द्र प्रताप मोटर ट्रेवल्स, राम बरुण सिंह प्रसाद एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड,अलका गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, लाइवलीहुड कॉलेज, प्राथमिक वनाचंल यातायात पी.एस, युवा जागृति स्व सहायता समूह, अध्यक्ष नावा कसौली महिला एस, सरपंच कदमपाल, शिव प्रसाद शिवहरे, एस.एस.एम. स्कूल प्रिंसिपल, सकोरी दंतेश्वर राव, श्रीनिवास कन्नम, एस.एस.एम. हाई स्कूल बीजापुर, शिव प्रसाद शिवहरे, नरेंद्र कुमार टावरी, राम सिंह संधू,रॉयल इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेंट थामस स्कूल बीजापुर, प्रबंधक सरस्वती शिक्षा मंदिर, प्रबंधक निर्मल निकेतन स्कूल, गायत्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मॉर्निंग स्टार स्कूल बीजापुर, अनुप ध्रुव, मनीष सिंह, मुन्ना राम मरकाम, माँ दंतेश्वरी एस.एच.जी. मचुनार बारसूर, महालक्ष्मी स्व सहायता समूह कटेकल्याण तथा भीमा और जोगा बरसे के द्वारा घोषणा दर्ज नही कराया गया है।

# त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए सुपरवाइजरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, बीएलओ एप्प एवं ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न फॉर्मों के निराकरण के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का तहसीलवार दो दिवसीय प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय (शंकनी) के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिले के सहायक प्रोग्रामर एवं उनके सहायक द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि कई बार ऐसे मतदाता जिनका नाम तो सूची में होता है, लेकिन उनका फोटो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसे देखते हुए बीएलओ को अपने कार्यों का पूर्ण निर्वहन करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नए हितग्राहियों के नाम जोड़ने के लिए आईडी दस्तावेजों के साथ आवष्यक फार्मों के उपयोग, विशेष रूप से फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कार्य की प्रक्रिया, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फार्म प्रोसेसिंग की जानकारी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी गई।

## सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ-25) भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 10067 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा हेतु जिले में 41 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# कोंडागांव जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के अवसर पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान योजना से जुड़े श्रमिकों को जहां जन मनरेगा ऐप की जानकारी दी गई, वहीं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जागरूक किया गया। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया, जॉब कार्ड संधारण तथा श्रमिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी रोजगार दिवस के मौके पर योजना अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को जन मनरेगा मोबाइल ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें ऐप की विशेषताएं, जैसे कार्यस्थल की जानकारी, मजदूरी भुगतान की स्थिति और जॉब कार्ड की जानकारी देखने की प्रक्रिया समझाई गई, साथ ही श्रमिकों के मोबाइल में ऐप को स्थानीय रोजगार सहायकों द्वारा इंस्टॉल भी कराया गया, ताकि वे योजना से जुड़ी अद्यतन जानकारी स्वयं प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों द्वारा श्रमिकों को बताया गया कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से भूजल स्तर को पुनः संतुलित किया जा सकता है। उन्हें गली प्लग, बोरी बंधान, खेत तालाब जैसे संरचनात्मक उपायों की जानकारी दी गई और जल संचयन के लिए आधिकारिक भागीदारी का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में 100 कार्य दिवस पूर्ण कर चुके परिवारों को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत कौशल विकास से जोड़ने की पहल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें सिलाई, मोबाइल रिपेयरिंग, राज मिस्त्री जैसे विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद मिलाने वाली लाभ के बारे भी बताया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्वीकृत मनरेगा कार्यों की सूची भी श्रमिकों को साझा की गई। उन्हें योजना के तहत सुलभ रोजगार अवसरों की भी जानकारी दी गई।

# किरन्दुल में अदब व एहतराम के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



सुन्नी मदीना मस्जिद में ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई सुबह 08 बजे से ही छोटे बड़े बुजुर्ग बच्चे सब नए-नए कपड़े पहनकर इत्र लगाकर मस्जिद में शिरकत किए और विशेष नमाज अदा की। इस दौरान सुन्नी मदीना मस्जिद के मौलाना इकबाल रज़ा ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा करवाई और मुल्क में अमन व चैन की दुआएं मांगी गई ईद उल अजहा का त्यौहार बलिदान त्याग भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है इस त्यौहार को हज़रत इब्राहीम व हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की सुन्नत के तौर पर मनाया जाता है।

## नक्सल प्रभावितों के पुनर्वास हेतु शिविर का आयोजन में 280 से अधिक लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

**दंतेवाड़ा।** कुआकोण्डा ब्लॉक के ग्राम अरनपुर में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए एक दिवसीय पुनर्वास सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 280 हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी गोवर्धन प्रसाद साहू, उप संचालक संतोष टोप्पो सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लाभार्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, पीएम आवास, बैंक खाता, स्वयं सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया।

## शत प्रतिशत नौकरी की गारंटी के साथ फ्री कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन नवगुरुकुल में प्रवेश प्रारंभ

# दंतेवाड़ा के युवाओं को सशक्त बनाने की पहल

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली पहल की है। स्थानीय युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025,26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यवसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को निःशुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें।

उल्लेखनीय है कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के 100 से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 52 से अधिक छात्र देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक चयनित हो चुके हैं। इन छात्रों को 12,000 से 25,000 रुपये मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है, जिसमें औसत वेतन 15,000 से 20,000 रुपये के बीच है। विशेष बात यह है कि इस कार्यक्रम में भाषा को कोई बाधा नहीं माना जाता केवल मौलिक अंग्रेजी ज्ञान पर्याप्त है। कार्यक्रम सभी जेंडर के लिए खुला है, हालांकि महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, और अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है।

### मौजूदा सत्र हेतु नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा हेतु तिथियां जारी

इस सत्र हेतु नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा के लिए तिथियां जारी कर दी गई है। इस क्रम में विकासखंड, गीदम में 9 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बारसूर,) विकासखंड, कुआकोंडा में 10 जून को (परीक्षा केंद्र पोटा केबिन स्कूल पालनार,) विकासखंड, कटेकल्याण में 12 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कटेकल्याण,) विकासखंड, दंतेवाड़ा में 13 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, बचेली) प्रवेष परीक्षा होगी। नवगुरुकुल में प्रवेश हेतु आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित की गई है। (अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है)। इसके अलावा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। चयनित सभी प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण एवं सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही अधिक जानकारी के लिए कॉल या व्हाट्सएप नंबर 8103248471,6265158142 संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन लिंक https://admissions-navgurukul-org/partnerLanding/dantewada पर देखा जा सकता है।

# कोण्डागांव कलेक्टर ने अबूझमाड़ मल्लखंब के खिलाड़ियों से की मुलाकात, खेलों इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को नारायणपुर के अबूझमाड़ मल्लखंब के प्रतिभावान खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके हालिया प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता समर्पण, अनुशासन और अथक मेहनत का परिणाम है, जो पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व का विषय है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स और बीच गेम्स में शानदार प्रदर्शन

खिलाड़ियों ने बिहार में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 में भाग लेकर एक रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं, खेलो इंडिया गेम्स 2025, जो दीव (यूनियन टेरिटरी) में आयोजित हुआ, उसमें भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक एवं बालिका वर्ग की टीम चौंपियनशिप में उन्होंने कुल 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर बस्तर की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया। खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने उनकी उपलब्धियों को बस्तर के आदिवासियों के लिए एक मिसाल बताया। उन्होंने आगे कहा, आप सबकी सफलता न केवल नारायणपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। आपकी मेहनत, लगन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

# यज्ञ स्थल मे सत्संग भवन निर्माण का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के हृदय स्थल दशहरा मैदान के समीप यज्ञ स्थल मे धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति के सदस्यों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करते हुए बलौदाबाजार विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा ने सत्संग भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया था जिसे उन्होंने पूरा करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जिसका भूमिपूजन टंकराम वर्मा द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं बलौदाबाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन शामिल हुए। कार्यक्रम मे आए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा श्रीफल श्री रामनामी पटिटका पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। यज्ञ समिति के संरक्षक एवं धर्माचार्य पं.द्वारिका प्रसाद शास्त्री ने भूमिपूजन विधि संरक्षक एवं यजमान अशोक कुमार तिवारी कमला देवी तिवारी से सम्पन्न कराई, जिसमें संरक्षक श्यामसुंदर केशरवानी प्रमोद शुक्ला सचिव सपन केशरवानी कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल व्यवस्थापक शिवप्रकाश तिवारी सदस्यगण अभिषेक तिवारी, हेमन्त वर्मा, वासुदेव ठाकुर, गजेंद्र देवांगन, आयुष बरनवाल, नवनीत अग्रवाल, गार्गीशंकर बाजपेयी, दीप बाजपेयी, महेश ठाकुर, विनय गुप्ता, कृष्णानंद अग्रवाल, सुंदर साहू, नीलम दीक्षित, योगेश शुक्ला पीयूष मिश्रा, अरविंद मिश्रा, श्याम शुक्ला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, खोडष राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय मनवा कुर्मी समाज, टेशुलाल धुरंधर अध्यक्ष भारतमाता सेवा ट्रष्ट, सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के विजय केशरवानी योगेश अग्रवाल संकेत शुक्ला चित्तावर जायसवाल रवि वर्मा हरिशचंद्र वर्मा गणेश जायसवाल धीरज बाजपेयी, राकेश ध्रुव नीलम सोनी सुनीता वर्मा सरिता मार्के विहिप बजरंग दल सदस्य दिनेश यादव खिलावन पटेल दिपेश पंजवानी भूपेंद्र यादव दुर्गेश साहू आदि बड़ी संख्या मे नागरिक एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

यज्ञ स्थल मे हो रहे निर्माण कार्य को लेकर यज्ञ समिति के सदस्यों तथा धर्मप्रेमियों मे खासा उत्साह है। समिति के सदस्य अभिषेक तिवारी ने अवगत कराया कि यज्ञ स्थल पर विगत पाँच वर्षो से नगरवासियों, राइस मिलर्स और व्यापारियों के उदार सहयोग से ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का गरिमामय आयोजन किया जाता रहा है। इसमें स्थानीय के साथ-साथ राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। यज्ञ मंडप का निर्माण समिति के सौजन्य से हुआ है। यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष सत्संग भवन की चिरलंबित आवश्यकता रखी गई थी, जिसकी पूर्ति हो रही है। भविष्य में धार्मिक कर्मकांड अनुष्ठान इत्यादि संपन्न कराने वालों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए यज्ञ स्थल को सर्वसुविधायुक्त सुंदर और हरा-भरा स्वरूप प्रदान करने की योजना है।

# बीपी शुगर लो कमजोरी हालत में आम लोगों की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे संजय लोकेश्वरी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बीते 3 दिनों से मैनपुर क्षेत्र की सड़क पानी अस्पताल शिक्षा सिंचाई जैसे विभिन्न समस्या के निराकरण को लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम अपने समर्थकों के साथ भूख हड़ताल पर दिन रात डटे हुए है। इस बीच बीते संजय नेताम की अचानक तबियत खराब को देखते प्रशासन ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने स्वास्थ प्रशिक्षण कर बीपी शुगर लो होने के साथ कमजोरी बताने के बावजूद संजय नेताम अस्पताल से लौटकर वापस धरना स्थल पहुंच गए ताकि अमलीपदर नाला पर पुल जल्दी बने, इसके साथ क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था किया जाएं, इसके अलावा भवन विहीन एवं शिक्षक विहीन बच्चों को शिक्षक और भवन मिल सके साथ सलब जलाशय को पूर्ण करने अस्पताल में डॉक्टर और बिजली का विस्तार करने के साथ अनुसूचित क्षेत्रों में पेशा एक्ट लागू है, ऐसे में छुरा मैनपुर गरियाबंद सहित प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में यूकयुक्तिकरण मुक्त रखने की मांग को लेकर अन्न त्याग कर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम की इस भूख हड़ताल ने आम लोगों में एक बार फिर से उम्मीद जगा दिया है कि वर्षो की समस्या के निराकरण की पहल अब हो सकती हैं, तभी संजय लोकेश्वरी सहित तमाम आन्दोलनकारियो आर पार की लड़ाई छेड़ दिया है। हालांकि स्थानीय प्रशासन भी भूख हड़ताल को समाप्त कराने में एडी चोटी का जोर लगाए हुए है।



## संजय के स्वस्थ रहने युवाओं ने मांगी दुआ

देवभोग अमलीपदर सहित मैनपुर इलाके में संजय नेताम की तबियत बिगड़ने की सूचना फैलते ही युवाओं में काफी ज्यादा मायूसी छाई है और वह लगातार ऊपर वाले से संजय नेताम के स्वस्थ होने की कामना मंदिरों के साथ देवी देवता स्थलों में भी कर रहे हैं।

## आश्वासन पर नहीं बन रही बात

स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार मांग पर पहल करने के आश्वासन पर भी बात नहीं बन रही है क्योंकि कईओ बार आश्वाशन से आन्दोलन खत्म कर दिया। कई बार यह मांग को लेकर सैकडो की तादात में लोग सड़कों पर आए लेकिन अब कोई भी सार्थक परिणाम सामने नहीं आया, इसलिए संजय नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम सहित तमाम समर्थक नाराजगी जाहिर करते मांग को मनवाने पर लगे हैं जिसे युवा बुजुर्ग का समर्थन भी काफी अधिक देखने को मिल रहा है। लोग अमलीपदर देवभोग सहित दूर दराज से भूख हड़ताल में भागीदारी निभाने पहुंच रहे है।

# सोनपुर ओडिशा से रायपुर के रास्ते इंदौर गांजा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ राज्य की सीमा पर स्थित सिंघोड़ा थाना द्वारा काफी दिनों बाद एक बड़ी कार्यवाही लिए जाने में सफलता मिली है। अभी तक छुटमुट व छोटी घटनाओ के ही मामले आते थे, पर काफी दिनों बाद सिंघोड़ा पुलिस को 36 लाख रुपये कीमत का 240 किलो गांजा रायपुर पासिंग ट्रक से जप्ती करने में भारी सफलता मिली। इस संबंध मे मिली जानकारी अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि एक लाल रंग के आयशर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 में दो व्यक्ति ओड़िशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा का बडा खेप रायपुर के रास्ते इंदौर लेकर जाने वाले है कि सूचना पर थाना सिंघोडा पुलिस की टीम के द्वारा राजमार्ग पर स्थित रेहटीखोल मे बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी तभी उडिसा से रायपुर की ओर एक लाल कलर की आईचर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 आई जिसे ऐंटी नॉरकोटिक टास्क फोर्स व सिंघोड़ा पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। वाहन में 02 व्यक्ति सवार थे जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम राजेश ऊर्फ राजु जाट पिता रेवाराम जोट उम्र 47 साल साकिन सुर्योदय नगर सेक्टर क्रथाना हवाबंगला जिला इंदौर मध्यप्रदेश व बलवेश नाथ पिता कैलाश नाथ उम्र 25 साल साकिन खाते गांव सुंदलपुर थाना खाते गांव जिला देवास मध्यप्रदेश का निवासी होना बताये पुलिस टीम के द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के पीछे डाला मे 07 नग प्लास्टिक बोरिया भरा हुआ कुल 240 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन मे अवैध गांजा परिवहन करते पाये जाने पर मौके पर आरोपीयो को गिरफ्तार कर 240 किलोग्राम गांजा जिसका बाजार मूल्य लगभग 36,00,000 रूपये व घटना मे प्रयुक्त एक लाल कलर की आईचर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 जप्त किया गया। आरोपी से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर सोनपुर उड़ीसा से लाना और रायपुर ले जाना बताये। भारी मात्रा में गांजा परिवहन किये जाने पर आरोपीयों के विरूद्ध थाना सिंघोडा में अपराध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत् न्यायिक रिमार्ड पर भेजा गया।

# समूह की महिलओं ने ली लेखांकन, जीएसटी और टीडीएस प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



स्व सहायता समूह की महिलाओं का रोजगार सृजन के उददेश्य से बड़ौदा आरसेटी में 5 दिवसीय लेखांकन, जीएसटी, टीडीएस और आयकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा पहुंचे और प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दिए गए जानकारियां समूह की कार्यप्रणाली में शामिल करने में आसानी होगी। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि को बढ़ाने के लिए निवेदन किया गया। इस पर कलेक्टर ने सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वस्त भी किया। प्रशिक्षण में सीए आशुतोष मिश्रा ने जीएसटी पंजीयन की विधि और टीडीएस रिटर्न के प्रकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं लेखांकन प्रशिक्षक एस के पटेल ने बैंक समाधान विवरण व मूल्य ह्रास पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को दिया और इसका अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम के अंत में सहाकारिता उपायुक्त प्रदीप ठाकुर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनिता टुडू, सहित जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी साहू, ए पी गुप्ता, सहकारी निरीक्षक ए के मिश्रा, चार्टर्ड एकाउंटेंट आशुतोष मिश्रा, सहाकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय रायपुर के व्याख्याता एस के पटेल उपस्थित रहे। गौरतलब है कि छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कलेक्टर मिश्रा के दिशा-निर्देश पर जिला प्रशासन व सहकारिता विभाग के जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत यह कार्यक्रम बड़ौदा आरसेटी भवन में आयोजित किया गया।

# युवा क्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति का पुनर्गठन, नरेन्द्र किशोर कानूनगो अध्यक्ष मुकेश साहु सचिव



**सरायपाली।** युवा क्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति का एक आवश्यक बैठक शाउमावि कलेंडा में अध्यक्ष राजकुमार पटेल के अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें समिति के कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गय। संस्थापक सदस्य आर एस साहु, के आर पटेल संरक्षक ध्रुव मलिक, आर एल पटेल, गिरधारी लाल साहू, अनंत सिंह नेताम अध्यक्ष नरेंद्र किशोर कानूनगो, उपाध्यक्ष शिव पटेल, जयकृष्ण चौधरी, बरुण बाघ, सचिव मुकेश साहु, सलाह कार प्रफुल्ल बारीक, राजकुमार पटेल, साथराम अजय, मिनकेतन पटेल, जयप्रकाश साहु कोषाध्यक्ष हेमन्त बारीक सहसचिव दिव्य कुमार संगठन सचिव भूपेन्द्र प्रधान मिडिया प्रभारी केशव सेठ और कार्यकारिणी सदस्य अक्षय सिदार, क्षिति पति साहु, नरेश प्रधान, नीलांचल पांडे, मिलेश सिदार अश्वनी भोई मिलेन्द्र विशाल को सर्व सहमति से र्निविरोध चयन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सादराम अजय तथा आभार व्यक्त संस्थापक सदस्य के आर पटेल ने किया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का शपथग्रहण बहुत जल्द कराया जायेगा उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी केशव सेठ ने दिया है।

## रेणु चन्द्राकर का निधन



**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर की धर्मप ी रेणु चंद्राकर (65) का निधन हो गया है, अन्त्येष्टि मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# एक और गुरुजी पाकर खुश हुए बच्चे

## युक्तियुक्तकरण सरकार का सबसे अच्छा निर्णय : गेंदलाल



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

वर्षो बाद लगभग 20साल की तपस्या कोकड़ी गांव वालों का साकार हो गया, गांव वाले बेहद खुश हुये, प्रधानपाठक कोकड़ी सरकारी स्कूल गेंदलाल कोकडिया के माध्यम से प्रेस को बतायें कि युक्तियुक्तकरण छग सरकार का अब तक का सबसे बड़ा और साहसिक निर्णय है, कोकड़ी गांव जो दो दशक से एक शिक्षकीय था, उसे शिक्षक हेमंत कुमार देवांगन के रूप में मिला, ऐसे न जाने कितने गांवों के ग्रामीण खुश होंगे, उसकी कल्पना तो ग्रामीण पालक ही कर सकते हैं, वर्षो से शहरों के स्कूलों में काबिज शिक्षकों को अब गांव के स्कूल वापस आना पड़ा, नेतागिरी नहीं चली, कलेक्टर महासमुंद स्वयं सारी प्रक्रिया के गवाही बनें, पूरी ईमानदारी से नियुक्ति हुई, सभी एक शिक्षकीय विद्यालय में शिक्षक आ गये, शिक्षक संगठनों ने कभी अपने साथी शिक्षकों पर गांव जाने के लिए दबाव नहीं बनाया, पहल नहीं किए, नहीं तो इसकी जरूरत ही नहीं पड़ती, कोकड़ी गांव वालों ने कभी स्कूल में ताला नहीं लगाया शिक्षक मांगने के लिए, शहर के एक शिक्षक कोकड़ी गांव में पाकर गांव वाले व बच्चे खुश हो गये, मुख्यमंत्री और छग सरकार कलेक्टर महासमुंद, स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद को कोकड़ी गांव के ग्रामीणों ने सादर साधुवाद दिया है, और युक्तियुक्तकरण को सरकार का बेहतर निर्णय बताया है, शिक्षक गेंदलाल को कडिया ने भी सरकार का समर्थन किया है, शिक्षा जगत में गांव के बच्चे बेहतर पढ़ पायेंगे, ये जरूरी था बहुत सारे स्कूलों में काबिज आवश्यकता से अधिक शिक्षकों, शहर और शहरों के समीप शिक्षकों ने वर्षो तक ऐशो आराम किया, अब गांव की माटी में जाकर बच्चों को पढ़ायेंगे तो शिक्षक भी स्वस्थ होंगे और विकसित भारत का सपना भी, सरकार के हर अच्छे निर्णय का स्वागत सबको करना चाहिए ताकि सरकार का मनोबल बढे।

# कांग्रेस ने किया भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में प्रेस वार्ता

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति का विरोध में प्रेस वार्ता का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, जनक राम वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू की विशेष उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुबोध हरितवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुआ कहा कि युक्तियुक्तकरण से सरकार 10463 विद्यालय को बंद करने का प्रस्ताव, 45000 शिक्षक से अधिक पद समाप्त होने जा रहे है। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी है। नए शिक्षकों की भर्ती न करना पड़े इसलिए भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरणका का कार्य कर रही है। सरकार के इस फैसले का कांग्रेस ने विरोध करने का फैसला किया है। युक्तियुक्तकरण से बंद होने जा रहे स्कूलो के रसोइयों अन्य कर्मी हजारो की संख्या में बेरोजगार होने जा रहे है। भाजपा पूर्व में पंद्रह साल तक एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की है अब युक्तियुक्तकरण के माध्यम से स्कूल बंद कर शिक्षको को बेरोजगार कर शिक्षा के क्षेत्र में युक्ति युक्तकरण की माध्यम विकाश नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ को धोखा दे रही है। भाजपा सरकार में बैठे मुख्यमंत्री, मंत्री और नेताओं को जनता को स्पष्टीकरण देना चाहिए। प्रदेश भर में युक्तिकरण का विरोध कर रहे छात्रों शिक्षकों को सरकार द्वारा धमकी देकर विरोध को दबाया जा रहा जो निंदनीय है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आएगी।पूरे प्रदेश में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर कांग्रेसजन शिक्षा न्याय यात्रा के माध्यम से जनता को युक्तियुक्तकरण के विसंगति से अवगत कराते हुए पद यात्रा कर बीओ, डीओ कार्यालय का घेराव कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। उक्त अवसर पर प्रभाकर मिश्रा, संतोष यादव गणेश शंकर साहू, प्रवीण सेन, अजय भारती, जीतू नवर , जय सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# आदिवासी भूमि, अनुमति दिलाने भूमाफिया फिर हुए सक्रिय

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जबसे नये कलेक्टर ने पदभार संभाला है, तबसे लेकर अब तक प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त हो चुकी है। समय पर अधिकारी, कर्मचारी पहुंच रहे हैं, जिलेवासियों की मांगों का निराकरण हो रहा है। न्यायालयीन कार्य में भी तेजी आई है। कलेक्टर की कार्यशैली को लेकर जिले में काफी प्रशंसा हो रही हैं। वर्षो से अबाध गति से चलने वाली रेत, मुरूम, गिटटी की तस्करी पर भी लगाम लग चुकी है। कलेक्टर के तेवर देखकर यहां ऐसे लोग जो रेत के उत्खनन, परिवहन में लगे थे, उनकी घिघ्घी बंध गई है। लेकिन एक वर्ग ऐसा है कि जो यह कहते फिर रहा है कि मेरा कलेक्टर से मधुर संबंध है और में उनसे अपना काम करवा सकता हूं। यह और कोई नहीं, एक व्यक्ति है जो आदिवासियों की जमीन को औने-पौने दाम पर खरीदकर मालामाल हो चुका है। इसके द्वारा उक्त न्यायालय में आदिवासियों के विभिन्न नामों पर चल रहे प्रकरण जिसमें उन्होंने अपनी जमीन को बेचने की अनुमति मांगी है, उसे अनुमति दिलाये जाने का दावा भी किया जा रहा है। जिले के वर्तमान जिलाधीश अबिनाश मिश्रा से कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज ने मांग की थी आदिवासी भूमि बिक्री की अनुमति न दी जाये। अब देखना है कि वर्तमान कलेक्टर इस मामले को लेकर क्या रूख अपनाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पिछले लंबे समय से आदिवासियों की जमीन की खरीद-फरोख्त धड़ल्ले से जारी है जिसमें अनेक लोगों ने तत्कालीन कलेक्टरों से भारी भरकम आदिवासियों की जमीन बिक्री की अनुमति प्राप्त कर ली है और उक्त भूमि को न सिर्फ ऊंचे दामों में बेच दिया गया, साथ ही साथ ऐसे स्थलों पर बड़ी-बड़ी अवैध कालोनियों का निर्माण कर आशीयाना बनाने के इच्छुक भोले-भाले व्यक्तियों को सर्वसुविधायुक्त कालोनी के नाम पर लाखों करोड़ों रूपये वसूलकर पंजीयन करा लिया गया जहां आज भी ऐसे लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है जिसके लिये वे अपनी राशि की वापसी की मांग संबंधित भूमाफिया से करते आ रहे हैं। जिले में सफेदपोश नेताओं द्वारा रेत, मुरूम, गिटटी की इतनी खुदाई तोड़ाई की गई जिससे अब संबंधित क्षेत्रों में बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे बन चुके हैं जिसमें पिछले दिनों दर्री रेत खदान में एक बालिका को ले-देकर उक्त गड्ढे से निकाला गया। इसी तरह जिले में आदिवासी भाईयों की भूमियों को आपसी सेटिंग कर खरीदी-बिक्री का खुला खेल चल रहा है। इसमें ऐसे लोग कलेक्टर कार्यालय का चक्कर लगाते देखे गये हैं। कुछ तो उनके चेंबर से भी निकलते पाये गये हैं जिससे एक बार फिर शहर में चर्चाओं का बाजार तेज है कि शायद नये कलेक्टर भी इन बातों से अनजान है और वे भी पूर्व अधिकारियों की तर्ज पर चलेंगे।



बताया जाता है कि जिले में आदिवासियों की भूमि की खरीद-बिक्री के कारण खेती का रकबा कम होते जा रहा है। जहां कल तक हरा-भरा खेत नजर आता था, वहां बड़ी-बड़ी अविकसित भवनें नजर आ रही हैं। छग भू-राजस्व संहिता के तहत किसी भी आदिवासी भूमि की बिक्री को लेकर संबंधित भूमाफिया पहले कलेक्टोरेट में आवेदन पेश करवाते हैं, उसके बाद यह प्रकरण जांच हेतु एसडीएम के माध्यम से तहसीलदार के पास पहुंचता है जिनके द्वारा पटवारी, आरआई को उक्त प्रकरण में संलग्न आवेदन के अनुसार जांच हेतु मामला प्रेषित किया जाता है और संबंधित हल्का के पटवारी द्वारा बिना स्थल का अवलोकन किये स्वार्थपूर्ति कर आवेदन में दर्शित तथ्यों को हूबहू बताकर उसे क्लीनचिट दे देते हैं। उसके पश्चात यह मामला तहसीलदार से एसडीएम और एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय भेजा जाता है जिसमें दी गई पेशियों में संबंधित पक्ष और उसके पीछे दलाल खड़े रहता है और अपनी पहुंच का नाजायज फायदा लेकर इस प्रकरण में बिक्री अनुमति प्राप्त कर लेता है। जबकि होना यह चाहिये कि छग भू-राजस्व संहिता में नियमों का सख्ती के साथ पालन होना चाहिये। यही नहीं बिक्री के बाद उक्त कृषि भूमि का स्वरूप भी नहीं बदला जाता। तीन साल के बाद इसके स्वरूप में परिवर्तन के लिये पृथक से आवेदन देना पड़ता है। लेकिन ऐसी प्रक्रिया किसी भी प्रकरण में लागू नहीं की गई। इधर आदिवासी समाज के द्वारा अपने समाज बंधुओं के साथ भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे छल कपट को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कलेक्टर धमतरी को भी शिकायत पेश कर इस पर अपनी नाराजगी जताई है। इनका कहना है कि आदिवासी समाज की भूमि को भू-माफियाओं द्वारा खरीदकर उसे गैर कृषक की श्रेणी में लाया जा रहा है और विक्रेता आदिवासी बंधु अपनी जमीन को बेचकर आज मन मसोसकर इधर उधर घूम रहा है। समाज के तरफ से एक ज्ञापन जो प्रेषित किया गया है उसमें इन्होंने जितनी भी जमीने आदिवासी समाज की विक्रय की गई है, उसे वापस दिलाने की मांग की जा रही है, वरन इसके विरूद्ध जबरदस्त जमीनी आंदोलन किये जाने की बात कही जा रही है। इनका तर्क था कि जब राजस्व संहिता में किसी भी आदिवासी व्यक्ति की खेती योग्य भूमि विक्रय करने की दशा में संबंधित विक्रेता के पास में पांच एकड़ कृषि योग्य भूमि या 10 एकड़ असिंचित भूमि होना अनिवार्य है। लेकिन कुछ लोगों ने अपने पहुंच का गलत फायदा उठाकर ऐसे आदिवासियों की भूमि जिनके पास विक्रय करने के पश्चात पांच एकड़ से भी कम रकबा बचता है, उसकी भी अनुमति प्राप्त कर ली जिससे उक्त व्यक्ति का जीवन परेशानी के दलदल में फंस चुका है। आदिवासी समाज ने समाज सदस्यों की भूमि क्रय-विक्रय पर सख्ती के साथ प्रतिबंध लगाये जाने की मांग कलेक्टर से की है।

# दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक बनने वाले 1.85 किमी डिवाइडर के विरोध में नगरवासी

## नगरवासी एवं व्यवसायियों ने रोड़ की चौड़ाई को यथावत रखते हुए की सौंदर्याकरण किये जाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





नगर के दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक मार्ग में प्रस्तावित 1.85 किमी बनने वाले डिवाइडर के विरोध में नगरवासी आ खड़े हुए है। नगरवासियों ने डिवाइडर नही बनाए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए विधायक संगीता सिन्हा से मिल ज्ञापन सौपा हैं। शनिवार को जिला राजीव कांग्रेस भवन में नगर के निवासी एवं व्यापारीगण विधायक संगीता सिन्हा से मुलाक़ात कर चर्चा की। चर्चा में उन्होंने बताया कि दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक का मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है, बल्कि शहर के अंदर के आवागमन का मार्ग है, जहां विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सामाजिक आयोजिक कार्यक्रमों से संबंधित जुलुस व शोभा यात्रा हमेशा निकलते रहता है, डिवाईडर बनने से हमेशा रोड जाम की स्थिति बनी रहेगी, गाड़ियां दुकानों एवं घरों के नजदीक से चलने लगेगी जिससे रोड किनारे रहवासियों, बच्चे, बुजुर्ग एवं परिवार वालों को हमेशा दुर्घटना का भय बना रहेगा एवं दुर्घटना आदि होने से शारीरिक, आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा अपूर्णीय क्षति होगी। इस दौरान सोहन लाल टावरी, गणेश राम देवांगन, राहुल दुबे, संतोष राव, परसराम सिन्हा, योगेंद्र सिन्हा, विष्णु दुबे, रवि टुवानी, शिवानंद शर्मा, आरके अवस्थी, सलीम खान, अमित केलवानी, अनिल जैन सहित नगर के अन्य वासी तथा व्यवसायी मौजूद रहे।

### दुर्घटना घटित होने की हमेशा बनी रहेगी संभावना

नगर के प्रतिष्ठित नागरिक सोहन लाल टावरी ने बताया की दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक मार्ग में कई स्कूलें, बैंक, एटीएम, अस्पताल एवं छोटे-बड़े दुकानें स्थापित व संचालित हैं तथा स्कूली बच्चों, स्कूल बसों का हमेशा आना-जाना रहता है।

जहां डिवाईडर बनने से मार्ग बाधित होगी एवं सड़क दुर्घटना के साथ ही कई प्रकार की घटनाओं से दोनों तरफरोड से लगे निवासियों, मोहल्लेवासियों, व्यावसायियों के घरों व दुकानों को क्षति पहुंचने एवं स्कूली बच्चों के साथ कोई भी दुर्घटना घटित होने की हमेशा संभावना बनी रहेगी। अधिवक्ता राहुल दुबे ने कहा कि उक्त मार्ग से ही बैंकों, स्वास्थ्य विभाग, रेस्ट हाऊस, बिजली आफिस, पोस्ट आफिस, नगर पालिका, तहसील कार्यालय एवं जिला सत्र न्यायालय, सामाजिक भवनों एवं अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभागों व कार्यालयों का पहुंच मार्ग होने से हमेशा रोड में लोगों के आने-जाने एवं दोपहिया-चारपहिया वाहनों के चलने से भीड़ की स्थिति बनी रहती है जिससे आम जनता, निवासियों एवं व्यावसायियों को कई प्रकार की घटना दुर्घटना एवं परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

### डिवाइडर की आवश्यकता नहीं

श्याम टावरी ने कहा की वर्तमान में दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक मार्ग में बड़ी माल वाहक गाड़ियों का आना-जाना नहीं हो रहा है, क्योंकि ऐसे वाहनों के आवागमन हेतु पूर्व से ही बायपास रोड का निर्माण हो चुका है। उक्त मार्ग में दोपहिया, चारपहिया वाहनों एवं यात्री बसों का आना-जाना हो रहा है। ऐसी स्थिति में भी दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक मार्ग में डिवाइडर की आवश्यकता नहीं है। आरके अवस्थी व विष्णु दुबे ने कहा कि इस मार्ग में बहुत ही पुराने छोटे-बड़े पेड़ स्थित है, जिसके कारण शहर में पर्यावरण संतुलित बना रहता है जो उक्त मार्ग में डिवाईडर बनने से पेड़ों के कट जाने से शहर का पर्यावरण असंतुलित एवं प्रभावित होगा एवं आम जनता को शारीरिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सोनउ राम सारथी व दिव्यम साहू ने कहा की उक्त मार्ग में कई छोटे-छोटे दुकानें स्थित, संचालित हो रहे हैं, जिनका डिवाईडर बनने से व्यवसाय प्रभावित होने से उन्हें व परिवार वालों को आर्थिक क्षति व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। नगर के वासी एवं व्यवसायियों में विधायक संगीता सिन्हा से निवेदन करते हुए कहा है कि उनकी उक्त सभी समस्याओं एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दल्ली चौक से रेलवे फाटक तक मार्ग में किसी को कोई भी क्षति न पहुंचाते हुए रोड की चौड़ाई को यथावत रखते हुए सौंदर्यीकरण किये जाने की मांग की हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अलट्राटेक रावन लाजिस्टिक विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत् हुआ पौधा रोपण




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अल्ट्राटेक रावन लाजिस्टिक विभाग द्वारा संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव और मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत कर्मचारीयों एवं ट्रक ड्राइवरो को अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा पर्यावरण के महत्व के बारे में प्रेरित किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत लाजिस्टिक विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आमिय पात्रो (पीएलएच), प्रकाश जेना, युगल शर्मा, अभिषेक बाजपायी, कृष्णा साहू, विजय वर्मा एवं परमेश्वर की उपस्थिति रही।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति विधायक दीपेश साहू ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने बेमेतरा जिले के तीन मंडल शहर मंडल बेमेतरा, सरदा ग्रामीण मंडल तथा देवरबीजा ग्रामीण मंडल में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पार्टी जिलाध्यक्ष अजय साहू द्वारा जारी आदेश के अनुसार युगल देवांगन को शहर मंडल बेमेतरा का अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा को सरदा मंडल का अध्यक्ष सेवा राम साहू को देवरबीजा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि युगल देवांगन, देवेन्द्र वर्मा और सेवा राम साहू अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती ही सुशासन की आधारशिला है। मैं तीनों अध्यक्षों को उज्जवल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। नियुक्ति के पश्चात तीनों नवचयनित मंडल अध्यक्षों ने विधायक निवास पहुँचकर दीपेश साहू से भेंट की और अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया। शहर मंडल अध्यक्ष बेमेतरा युगल देवांगन ने कहा मैं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ और संकल्प लेता हूँ कि पार्टी की नीति व नेतृत्व को और अधिक मजबूती के साथ शहर के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुँचाऊँगा। सरदा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र वर्माने कहा यह दायित्व मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु पूरी लगन और मेहनत से काम करूँगा। देवरबीजा मंडल अध्यक्ष ने सेवा राम साहू ने कहा मैं विधायक दीपेश साहू एवं संगठन का धन्यवाद करता हूँ। हम सब मिलकर कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट होकर संगठन को और ऊँचाइयों तक ले जाएँगे। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद गौरव साहू, सोसायटी अध्यक्ष बिशन साहू, भानू राम साहू, रेवा राम निषाद, छत्रपाल साहू, राकेश वर्मा, दोहाई लाल वर्मा, राजीव तंबोली, नरेश साहू, अमृका निर्मलकर, संदीप यादव, पप्पू देवांगन, गोलू साहू, सियाराम सिन्हा, दीना साहू, रवि गुप्ता, प्रकाश साहू समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले के 7 शिक्षकविहीन व 78 एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की हुई पदस्थापना

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के सबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेस वार्ता ली। उन्होंने जिले में संपन्न हुए शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की प्रकिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ है। प्रक्रिया से शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होने के साथ शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगा। युक्तियुक्तकरण के तहत किसी भी स्कूल को बंद नहीं किया गया हैं केवल मर्ज किया गया है। शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना किया गया है। शालाओं में पहली बार दो शिक्षकों की व्यवस्था हुई है एवं जिले में कोई भी शाला शिक्षकविहीन नही रह गया है। जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में न्यूनतम 3 शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार व्याख्याताओं की व्यवस्था हुई है। कलेक्टर बताया कि जिले के 3 शिक्षकविहीन प्रथमिक स्कूल एवं 4 मिडिल स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है। 65 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला एवं 13 एकल शिक्षकीय मिडिल स्कूल अब एकल शिक्षकीय से मुक्त हो गये हैं। युक्तियुक्तकरण से छात्र शिक्षक अनुपात में कोई बदलाव नही आया है। साथ ही किसी शिक्षक की सेवा या पद की समाप्ति नही हुई है।उन्होंने बताया कि जिले के एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के शालाओं के समायोजन के उपरांत प्राथमिक शालाओं में 383 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 60 शिक्षक अतिशेष रहे जिनकी विभिन्न चरणों मे आयोजित कॉउंसलिंग के माध्यम से नई पदस्थापना की गई है। कॉउंसलिंग हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन किया गया।युक्तियुक्त करण की प्रकिया में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा सभी अतिशेष शिक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है। युक्तियुक्तकरण से जिले में 3 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है जिनमे छात्रों की संख्या बहुत कम है। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई: 6 आरोपी गिरफ्तार, 60 नग मवेशी जब्त



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में पशु तस्करी व मवेशियों के प्रति क्रूरता जैसे अपराधों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं को उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। 06 जून की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत मछरीरेवार जंगल के पास ग्रामवासी दिलीप नायक द्वारा सूचना दी गई कि 03 पुरुष एवं 03 महिलाएं लगभग 60 नग गाय-बछड़ा (मवेशी) को बिना चारा-पानी के, डंडे से हांकते हुए मध्यप्रदेश की ओर क्रूरता पूर्वक ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना तरेगांव जंगल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी 6 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम भगतसिंह मरावी पिता रनमत सिंह मरावी (उम्र 34 वर्ष), रामलाल यादव पिता सुखनालाल यादव (उम्र 30 वर्ष), बुद्धूलाल यादव पिता फिन्नूलाल (उम्र 34 वर्ष), चमेली बाई पति बुद्धूलाल यादव (उम्र 27 वर्ष), सुनीता बाई पति रामलाल यादव (उम्र 26 वर्ष), सोनारिन बाई पति भगतसिंह मरावी (उम्र 30 वर्ष) सभी निवासी ग्राम उसरीभूंडी, थाना समनापुर, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 60 नग मवेशी 09 बछिया, 28 गाय व 23 बछड़े, अनुमानित मूल्य 2,70,800 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया और ग्राम तरेगांव जंगल स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया। मवेशी ले जाने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस भी दिया गया, परंतु आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। प्रकरण में थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 11/2025, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 07 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## चारागाह भूमि के लिए विरोध प्रदर्शन,सरपंच को सौंपा ग्रामीणों ने ज्ञापन

**अम्लेश्वर।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खुड़मुड़ी के पंचायत भवन के सामने कला मंच में राजेश चौहान, यशवंत डहरीया, भीष्म पटेल, दिलीप साहू, ओमकार वर्मा, के संयुक्त नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष एकत्रित होकर बैठक कर चारगाह की मांग की गई। आपको बता दें ग्राम वासियों ने मांग करते हुए कहा कि पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा 65 एकड़ ग्राम के भूमि को उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा को दे दिया गया है। जिसमें से 35 एकड़ जमीन चारागाह हेतु निस्तारी के लिए भूमि है। जिसे ग्राम वासियों द्वारा वापस निस्तार हेतु मुक्त करने की मांग कर रहे हैं एवं अन्य मांग किया गया है। कॉलेज प्रबंधन के कर्मचारी योगेश सिन्हा के व्यवहार से ग्राम वासियों में आक्रोश है।वही कालेज प्रबंधन द्वारा तत्काल योगेश सिन्हा का स्थानांतरण कर दी गई एवं निस्तार भूमि चारागाह का 35 एकड़ के लिए ग्राम वासियों द्वारा सरपंच गुलाब जोशी को पंचायत कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही ग्रामीणों ने हरेली सहेली योजना के तहत लाभवाहिंत किसानों को मुआवजा और रोजगार देने के लिए कॉलेज प्रबंधन से मांग किया है। वही ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा बताया गया की 35 एकड़ चारागाह हेतु निस्तार भूमि को मुक्त कराने का ज्ञापन मुझे सौपा है जिसे विधिपूर्वक पंचायत एवं ग्राम सभा का बैठक लेकर आगे की कार्यवाही की जावेगी। बैठक के दौरान प्रमुख रूप सुंदरलाल ठाकुर, दिलीप ठाकुर, राधेश्याम, सूर्यकांत साहू, जैन कुमार पटेल, पुनीत राम साहू, जगमोहन ठाकुर, बसंत यादव, नेहा ठाकुर, मीना ठाकुर, जानकी ठाकुर, कोमल ठाकुर, कोमल चौहान सहित दर्जनों की संख्या में गांव के महिला पुरुष उपस्थिति रहे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी हुआ।



# हत्या के प्रयास के आरोपी को चिल्फी पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



थाना चिल्फी पुलिस द्वारा एक पारिवारिक विवाद में हुई गंभीर मारपीट की घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में प्रार्थी सुखलाल गोड़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 05 जून 2025 की रात्रि वह अपनी पत्नी के साथ घर के सामने बैठा था, तभी उसका छोटा भाई पतिराम गोड़ अचानक आकर विवाद करने लगा। प्रार्थी विवाद से बचते हुए पास ही के ग्रामीण रमेश यादव के घर चला गया, परन्तु आरोपी पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गया। आरोपी ने प्रार्थी पर यह कहते हुए कि तू पुलिस को सूचना देता है, अशोभनीय गालियाँ दी और जान से मारने की नीयत से उसके सिर व पैर पर डंडे से प्राणघातक हमला किया। इस हमले में प्रार्थी के सिर में गंभीर चोट आई। घटना की रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 23/25 धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी पतिराम गोड़ पिता सुखरू गोड़, उम्र 45 वर्ष, निवासी मराडबरा को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया गया है।

# अवैध, अनाधिकृत प्रवासियों की पतासाजी हेतु टीम बनाकर चलाया जा रहा है विशेष चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध/अनाधिकृत रूप से प्रवासियों की संभावना हो सकती है। सांस्कृतिक, जातीय बोलचाल, रहन-सहन में समानताएं होने के कारण कई बार ऐसे प्रवासियों पर ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसे अवैध प्रवासी नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के साथ-साथ गंभीर सुरक्षा की चुनौतियां भी पैदा कर सकते हैं। पुलिस द्वारा कानून संबंध प्रक्रिया के तहत ऐसे तत्वों की पहचान अति आवश्यक है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध/अनाधिकृत प्रवासियों की गहन जांच एवं पहचान के लिए जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अवैध रूप से बांग्लादेशी/रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए विशेष टीम गठित कर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर प्लांट एरिया, फैक्ट्री/लकड़ी चालों, भीड़-भाड़ वाले रहवासी क्षेत्रों, रहने वाले किरायेदारों, वनांचल क्षेत्रों के फार्म हाउस आदि को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विशेष रूप से जिले के सीमेंट संयंत्रों न्यू विस्टा, अंबुजा एवं न्यूवोको संयंत्र में कार्यरत एवं इन संयंत्र के आसपास क्षेत्र में निवासरत ठेका कर्मियों की जांच तस्दीक उनके फिंगरप्रिंट लिए गए है। इस दौरान मानव कॉलोनी रवान, ग्राम रिसदा, सोनाडीह, रावन आदि क्षेत्रों में रहने वाले बाहरी प्रांत से आए श्रमिकों के आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर एवं उनके फिंगरप्रिंट लिया गया है। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उनके मूल निवास की जांच तस्दीक पृथक से की जा रही है। इसी क्रम में भाटापारा अनुविभाग क्षेत्र अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, श्री सीमेंट, थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित विभिन्न संयंत्रों, ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात संयंत्र, भाटापारा रेलवे स्टेशन के आसपास क्षेत्र एवं शहर क्षेत्र में स्थापित विभिन्न पोहा एवं दाल मिल में कार्यरत श्रमिकों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। कसडोल अनुविभाग अंतर्गत वनांचल राजादेवरी, बया क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में कार्यरत मजदूर एवं श्रमिकों के संबंध में जानकारी लेकर उनका फिंगरप्रिंट लिया गया है। इसके साथ एक गिरौदपुरी मंदिर क्षेत्र में आने वाले ठेला, खोमचा लगाने वाले बाहरी प्रांत के लोगों के भी दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं। संपूर्ण प्रक्रिया में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ठेला, खोमचा, रोड किनारे विभिन्न फुटकर की दुकान लगाने वाले लोगों, नेशनल हाईवे एवं सड़क मार्ग के किनारे दुकान लगाने वाले बाहरी लोगों से सभी पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण जांच अभियान के तहत कुल 1115 लोगों के फिंगरप्रिंट लिए गए हैं।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम पर जिला कार्यशाला संपन्न

## कोरोना काल की आपदा हो या वर्ष में 365 दिन का कार्यक्रम लेकर भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच रहते है : रामू रोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com







भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी नगर निगम के महापौर जगदीश रामू रोहरा मुख्य वक्ता के रूप में मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियो को लेकर भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर जिला भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे। आपेक्षित श्रेणी के जनप्रतिनिधि, नेता एवं कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारी 250 कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन में काम बढ़ रहे हैं किंतु आम जनता तक हमारे सरकार के किए कार्यों को पहुंचना एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है। इसी का परिणाम है कि बालोद जिले में भाजपा ने इतिहास बनाया है नगरी निकाय व पंचायती राज में कांग्रेस पार्टी को क्लीन स्वीप करते हुए प्रचंड बहुमत से जीत हासिल किया, आगे भी इस जीत को जारी रखना है। केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के समय जनता के बीच नहीं जाती, बल्कि वर्ष में 365 दिन विभिन्न कार्यक्रमों त्योहारों में भी हम लोगों के बीच कार्य करते है।

### 19 से 21 जून तक सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत उल्लेखनीय रूप से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार के 11 वर्ष अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां के साथ पूरे हो रही हैं। पूरे देशवासी मोदी को कोटि-कोटि अभिनंदन कर रहे हैं। भारतवासी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ सशक्त और समृद्ध भारत पर गौरांवित है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेना ने जो पराक्रम दिखाया है। उससे हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है यह दुनिया भर में आतंक के खिलाफलड़ाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की 11 साल पर आधारित है। इसमें विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिला स्तर पर प्रदेश से निर्धारित वक्ताओं द्वारा प्रेस वार्ता, केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी, तीन अलग-अलग वक्ताओं द्वारा विषयों पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन, 19 से 21 जून तक सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन, प्रत्येक शक्ति केंद्रों में चौपाल कार्यक्रम, शहरों में मोहल्ला चौपाल पंचायत, केंद्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन, आयुष्मान योजना में 100 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन करवाना, विकसित भारत के लिए लोगों को संकल्प दिलाना, प्रत्येक चौपाल में पांच लाभार्थियों के अनुभव लेना, मोदी सरकार की उपलब्धियां का साहित्य घर-घर पहुंचना, 5 अगस्त तक वृहद वृक्षारोपण सिट बाल के माध्यम से सघन वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम जनप्रतिनिधियों के द्वारा सामाजिक संस्थाओं द्वारा अभियान चलाना, 23 जून से 6 जुलाई तक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करना, भारत का काला अध्याय आपातकाल के 50 साल पूर्ण होने पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, छात्रों कॉलेज शैक्षणिक संस्थाओं को लक्षित कर कार्यक्रम एवं आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन सहित विभिन्न कार्यक्रमों को धरातल तक संपन्न करना होगा।

### डौंडी के जनपद सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश

कार्यशाला के प्रस्तावना संबोधन एवं विगत चार माह से संगठनात्मक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने आयोजित समस्त कार्यक्रमों को विस्तार पूर्वक बताया नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का पूर्ण रूपेण परचम लहराने के लिए सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी नेताओं का आभार माना। वही मोदी के जन सेवा के कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर डौंडी की जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी, आशा आर्य, झमित बाई ने विधिवत भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। कार्यक्रम का संचालन संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। वही आभार प्रदर्शन पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं में प्रीतम साहू, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, देवलाल ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, मोहन जैन, त्रिलोकी साहू, ठाकुर रामचंद्रकर, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, अनिता कुमेटी, प्रतिभा चौधरी, तोरण लाल साहू, प्रमोद जैन, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, हरीश कटझरे, लोकेश श्रीवास्तव, कमल पनपालिया, अमित चोपड़ा, रामेश्वर साहू, विवेक वैष्णव, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, उत्तरा धीरेंद्र, युवराज मारकंडे, प्रकाश सिंन्हा, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, आनंद शर्मा, रुपेश नायक, जयेश ठाकुर, कृतिका साहू, प्रेम साहू, कौशल साहू,मनीष झा, राकेश द्विवेदी, टिनेश्वर बघेल, जितेन्द्र साहू, नरेंद्र सोनवानी, चंद्रिका गंजीर, प्रभा नायक, लक्ष्मी साहू, कुंती सरस्वती टेमरिया, कुंती देवांगन, मोहती चौरका, कांतिबाई सोनेश्वरी, शैली महोबिया, कमलेश सोनी, दुर्गानंद साहु, शोभित राम यादव, हेमंत साहू, सौरभ लुनिया, रामलाल नायक, अकबर तिगाला, डिशोक जांगड़े ,अश्वन बारले, चित्र सेन साहू, विकास साहू, मनीष गांधी, प्रदीप साहू, संतोष साहू, आनंद साहू, पालक ठाकुर, सतानंद साहू, सुरेश कुमार, रोशन लाल दुलार, प्रीतम साहू, दुष्यंत गोस्वामी, सुरेन्द्र देशमुख, संदीप जैन, बिरधा ठाकुर, ताम्रध्वज यादव, धर्मेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, महेश पाठक, राजेश दशोडे, मनोज दुबे, दुर्जन साहू, पुष्पेंद्र तिवारी, जयलाल मलेकर, डोमेन, टीकम, हीरेन गायकवाड, भूपेंद्र श्रीवास, रमेश कुमार गुर्जर, दमन दीप सिंह, राकेश सिंह मेहता, महावीर ठाकुर, हितेश डोंगरे, राजू राठी, संजीव मानकर, सुरेंद्र बेहरा, महेंद्र सिंह, लखेश्वर साहू, तेजराम साहू, देवघर साहू, रामनारायण धनकर, अजय चौहान, शशिकांत निषाद, हरीश साहू, संजय कुमार, छबिलाल, पंकज चौधरी, ढलेन्द्र सार्वा, युगल ताम्रकार, सूरजमल जैन, आशीष कुमार, अश्विनी कुमार, सूरजभान, सखाराम पूनम जैन, मुकेश कौडो, कमलेश गौतम, समर्थ लखानी, राकेश देवांगन, विनोद जैन, रोहित कुमार, हरिश कौशिक, संतोष कौशिक सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यशाला में सम्मिलित हुए।

## संपादकीय

## पर्यावरण दिवस सामूहिक चेतावनी

**पर्यावरण दिवस** हमारे लिए सामूहिक चेतावनी है कि धरती एक जीवित व सांस लेता परिस्थितिकी तंत्र है, वह हमें जीवित रखती है तथा भयानक संकट में है। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मानाया जाता है। यह हमारे लिए सामूहिक चेतावनी और हमारी चेतना का आवाहन है कि हमारे ग्रह का भविष्य हमारे द्वारा रोज की जाने वाली गतिविधियों पर निर्भर है। 1972 में स्टाकहोम में मानव पर्यावरण पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने इसे स्थापित किया और इसे पहली बार 1973 में मनाया गया। अब यह दिवस दुनिया में पर्यावरण जागरूकता के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म बन गया है जिसका नेतृत्व 'युनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम'-यूएनईपी करता है। लेकिन इस दिन आयोजित रैलियों, भाषणों और जागरूकता अभियानों के बावजूद हमारे सामने पर्यावरण संकट साल में केवल एक दिन की समस्या नहीं है। रोज पर्यावरण संबंधी आपात स्थितियां पैदा होती हैं जिन पर किसी खास मौसम में नहीं, बल्कि लगातार ध्यान देने की जरूरत है।

विश्व पर्यावरण दिवस, 2025 की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण से मुकाबला' है जो हमारे पर्यावरण के लिए सर्वाधिक भयानक खतरे की ओर ध्यान दिलाता है। प्लास्टिक प्रदूषण धरती के लगभग हर कोने तक पहुंच गया है और खतरनाक रूप से यह मानव शरीर में माइक्रोप्लास्टिक के रूप में मौजूद है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार दुनिया में हर साल 400 मिलियन टन प्लास्टिक तैयार होता है जिसका आधा केवल एक ही बार प्रयोग के लिए होता है। इसके 10 प्रतिशत से भी कम की रिसाइक्लिंग होती है। लगभग 11 मिलियन टन प्लास्टिक हमारी झीलों, नदियों और समुद्रों में हर साल पहुंच जाता है जिसके कारण जलीय परिस्थितिकी संकट में पड़ती है तथा यह हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाता है। अनुमान है कि औसतन हर मनुष्य भोजन-पानी के साथ हर साल 50,000 से अधिक प्लास्टिक कण भीतर ले लेता है। सांस के साथ भीतर जाने वाले प्लास्टिक कणों को देखते हुए यह संख्या और अधिक है।

इस प्रकार पर्यावरण संकट हमारे चारों ओर है और हमारे भीतर प्रवेश कर गया है। विश्व पर्यावरण दिवस अब दुनिया के 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है, पर इसका महत्व केवल इसके विस्तार में नहीं है। इसके पीछे उद्देश्य वास्तविक परिवर्तन लाना है। इसका उद्देश्य सरकारों, बिजनेसों, समुदायों और लोगों को एकसाथ लाना है ताकि वे पर्यावरण को पैदा खतरों पर विचार व सुधार कर इनका मुकाबला करें। लेकिन कटु सत्य यह है कि इस एक दिन को चाहे जितने प्रभावशाली ढंग से मनाया जाए, यह बाकी 364 दिन की लापरवाही या निष्क्रियता की भरपाई नहीं कर सकता है। हमारे पृथ्वी ग्रह को एक और प्रतीक की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इसकी सुरक्षा के लिए सोच और व्यवहार में गंभीर परिवर्तन जरूरी है। यह चुनौती इसलिए भी जटिल हो जाती है क्योंकि आधुनिक जीवन में प्लास्टिक भीतर तक प्रवेश कर गई है। अनेक देशों में अब भी रिसाइक्लिंग की बेहतर व्यवस्था नहीं है, जबकि प्लास्टिक के उत्पादन और डिस्पोजल में कार्पोरेट की जिम्मेदारी सीमित है। पर्यावरण को नुकसान हमारी दैनिक जीवनशैली और पसंद के कारण है, जबकि यह मानव समाज से आगे बढ़ कर सारी दुनिया को प्रभावित करता है। इससे परिस्थितिकी तंत्रों में बाधा आती है, वन्यजीवों की मौत होती है, जल स्रोत प्रदूषित होते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर होती है। इस स्थिति को उलटने के लिए हमें केवल नीतिगत परिवर्तनों या अलग-थलग स्वच्छता अभियानों से आगे बढ़ना होगा।

पर्यावरण संरक्षण और खासकर प्लास्टिक खतरे से बचाव के लिए सांस्कृतिक परिवर्तन जरूरी है। हमें अपने जीवन, उत्पादन, उपभोग एवं निस्तारण का पुन: उन्मुखीकरण करना होगा। सरकारों को नियम बनाने से आगे बढ़ कर यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका तत्काल पूरी निष्ठा से क्रियान्वयन हो। कार्पोरेशनों को आगे बढ़ कर अपने उत्पादों के पूरे जीवनचक्र की जिम्मेदारी लेनी होगी। सरकारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के वितरण के साथ ही इसके उत्पादन पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। प्लास्टिक की अस्वीकृति, परिस्थितिकी की बहाली तथा व्यवहार में परिवर्तन टिकाऊ भविष्य की दिशा में हमें एक कदम आगे ले जाएंगे।

# प्रकृति सुरक्षा का संघर्ष

प्रकृति सुरक्षा का संघर्ष अब केवल परिस्थितिकी तक सीमित नही है। यह राष्ट्रीय दृढ़ता, आर्थिक स्थायित्व और सार्वजनिक सुरक्षा का संघर्ष है। यह हमारे जीवन के लिए आवश्यक हो गया है।



**सतेन्द्र सिंह**
(लेखक, आपदा प्रबंधन से संबद्ध हैं)



पूरी दुनिया ने 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। इस वार्षिक आयोजन का भारत के लिए पहले के किसी भी समय की तुलना में गहरा अर्थ है। देश आज चरम मौसमी घटनाओं, पर्यावरण क्षरण तथा जलवायु संबंधी खतरों का सामना कर रहा है। इसके लिए उसे परिस्थितिकी संरक्षण की आवश्यकता है जो परिस्थितिकी संरक्षण से आगे जा कर परिस्थितिकीय मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और दृढ़ता के दायरे में शामिल करे। इस वर्ष देश भर के समुदायों ने विभीषिकाओं की नई लहर का सामना किया है जिसमें पूर्वोत्तर में विनाशकारी बाढ़ों के साथ मैदानों को झुलसा देने वाली लू तथा अस्थिर हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि केवल पर्यावरण की सुरक्षा अब काफी नहीं है। जीवन और आजीविका बचाना जरूरी हो गया है जो विकास का ढांचा निर्धारित करते हैं। भारत का प्रकृति से बहुत गहरा संबंध है। 60 प्रतिशत से अधिक हमारी जनसंख्या अपनी दैनिक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए सीधे वनों, नदियों, समुद्रतटों तथा जमीन पर खेती पर निर्भर हैं। ये परिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम हमारे लिए संसाधनों से आगे बढ़ कर विभीषिकाओं से हमारी रक्षा भी करते हैं।

जंगल वर्षाजल सोख कर भूस्खलन का खतरा कम करते हैं। दलदल और झीलें अतिरिक्त वर्षा जल सुरक्षित रख कर बाढ़ों से बचाने में सहायता करती हैं। मैंग्रूव वन तटीय समुदायों की समुद्री तूफानों तथा पानी अचानक बढ़ने से सुरक्षा करते हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों से पर्यावरण क्षरण खामोशी और पूरी शक्ति के साथ विभीषिकाओं का प्रमुख कारण बन गया है। निर्वनीकरण, प्रदूषण, शहरी विकास, कब्जों या खनन के कारण इन इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचने पर हमारी रक्षा करने की उनकी क्षमता घटती है। इससे बाढ़ों की संख्या बढ़ जाती है, भूस्खलन ज्यादा गंभीर हो जाते हैं तथा समुद्री तूफान भयानक विनाश करते हैं। अक्सर प्रबंधन योग्य विभीषिकायें भी बड़ी आपदाओं में बदल जाती है क्योंकि प्रकृति द्वारा इनसे हमारी सुरक्षा करने की व्यवस्था कमजोर हो जाती है।

शहरों में बाढ़ इसका उदाहरण है। बैंगलुरू, चेन्नै व मुंबई जैसे शहरों ने भयानक बाढ़ों का सामना किया है जिसका कारण केवल भारी बरसात न होकर अनुपयुक्त जल निकासी व्यवस्थायें, नालियों का भर जाना, झीलों पर कब्जे, दलदलों का अभाव तथा हरित क्षेत्रों की कमी है। उत्तराखंड के जोशीमठ में इकोलोजी संवेदनशील क्षेत्र में अत्यधिक निर्माण के कारण जमीन धंसने की घटनायें सामने आईं जो प्राकृतिक सीमाओं को अनदेखा कर विकास के परिणाम हैं। जलवायु परिवर्तन भारत में विभीषिकाओं के गंभीर होने का कारण बन गया है। भारत में अभूतपूर्व ढंग से तापमान बढ़ने की घटनायें सामने आई हैं। 2024 में राजस्थान और दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जिसके कारण गरमी से होने वाली मौतों और बीमारियों में वृद्धि हुई तथा जल संकट का सामना करना पड़ा। हिमालयी क्षेत्रों में गरमी वैश्विक औसत से अधिक तेजी से बढ़ रही है जिसके कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं तथा अस्थिर ग्लेशियर झीलें बन रही हैं जो उफना कर नीचे घाटियों में बाढ़ का कारण बन सकती हैं। पहले बंगाल की खाड़ी की तुलना में शांत अरब सागर अब 'बिपरजाय' व 'टिकटेई' जैसे विनाशकारी समुद्री तूफानों का कारण बन रहा है। कृषि पर अनियमित व विलंबित मानसून का असर पड़ रहा है जिससे फसलों और किसानों की आय पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बिहार, पंजाब और मध्य प्रदेश जैसे राज्य बेमौसम बरसात या लंबे समय तक सूखे के कारण फसलों की बरबादी देख रहे हैं। तटीय क्षरण के कारण ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भूमि का नुकसान हो रहा है जिसमें मैंग्रूव वनों का विनाश तथा बालू खनन अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

'वर्ड मैटीरियोजालिकल आर्गेनाइजेशन' के अनुसार, 1970 से लेकर 2019 तक मौसम और जल-संबंधी विभीषिकाओं के कारण दुनिया भर में लगभग दो मिलियन लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है जिसकी बड़ी संख्या भारत में भी है। सूखा, समुद्री तूफान, बाढ़ और बहुत अधिक तापमान के कारण सर्वाधिक नुकसान हुआ है। हालांकि, सभी प्रकार की विभीषिकायें केवल प्राकृतिक नहीं हैं और उनमें से अनेक मानवों के व्यवहार से गंभीर हो जाती हैं। बाढ़ वाले क्षेत्रों में निर्माण, जंगलों की कटाई, जलमार्गों में कचरा फेंकने या पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने से हम जोखिम बढ़ाते हैं। चेन्नै में इमारतें बनाने के लिए झीलें व दलदल पाट दिए गए जिसके कारण बाढ़ की स्थितियां गंभीर हो गईं। मुंबई में विकास के लिए मैंग्रूव वन काटे गए जिससे शहर में समुद्री तूफानों से गंभीर स्थिति पैदा हुई। विभीषिकाओं के बाद भी अनुपयुक्त कचरा प्रबंधन और प्रदूषण स्थाई नुकसान का कारण बनते हैं। 2004 में सुनामी तथा हालिया समुद्री तूफानों के बावजूद खतरनाक कचरे वाली सामग्री और प्लास्टिकों से समुद्रों का प्रदूषण बढ़ा है। इससे समुद्री इकोसिस्टम प्रभावित हुए हैं जिनका हानिकारक प्रभाव मछली पकड़ने वाले समुदायों पर पड़ा है जो आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। सकारात्मक रूप से देखें तो प्रकृति की सुरक्षा करने से हमारी स्थिति बेहतर होती है। स्वस्थ इकोसिस्टम विभीषिकाओं का जोखिम घटाते है तथा समुदायों की ज्यादा तेजी से बहाली में सहायता करते हैं। वनों के कारण पानी का बहाव धीमा होता हे, जिससे बाढ़ की भयावहता घटती है तथा भूमिगत जल का पुन: भरण सुनिश्चित होता है। दलदल अतिरिक्त वर्षाजल गृहण कर बाढ़ का प्रभाव घटाते हैं। मैंग्रूव वन भी लहरों और हवाओं की गति कम कर समुद्री तूफानों के दौरान जीवन और संपत्ति को रक्षा प्रदान करते हैं। 2013 में समुद्री तूफान 'फालिन' के बाद ओडिशा सरकार ने तटरेखा पर मैंग्रूव वन लगाने को प्राथमिकता दी जिसके परिणामस्वरूप बाद में समुद्री तूफानों का असर कम हुआ। गोहाटी में दलदलों की बहाली और जल निकासी में सुधार से शहरी बाढ़ की विभीषिका कम हुई। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रकृति-आधारित समाधान इकोसिस्टमों को विभीषिकाओं के प्रबंधन में सक्षम बनाते हैं।

भारत ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए कुछ प्रभावशाली नीतियां बनाई हैं। जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना में जल प्रबंधन, टिकाऊ खेती तथा हरित शहरी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। जलवायु परिवर्तन पर अनेक राज्यों ने अपनी कार्य योजनायें बनाई हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना में ऐसे दिशानिर्देश दिए गए हैं जो जलवायु की जोखिमों को कम करते हैं तथा इकोसिस्टमों का संरक्षण सुनिश्चित करते हैं। 'मनरेगा' जैसे सरकारी कार्यक्रमों ने पेड़ लगाने, जल संरक्षण तथा मृदा सुरक्षा जैसे प्रयासों में सहायता की है। लेकिन नीतिगत दस्तावेजों का जमीनी प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए सार्थक कार्रवाई जरूरी है।

अक्सर पर्यावरण प्रभाव अध्ययन बहुत जल्दबाजी में किए जाते हैं जिनसे बड़ी परियोजनाओं को बिना समुचित सावधानियों के अनुमति मिल जाती है। नियोजन में दीर्घकालीन रूप से विचार करते हुए जलवायु जोखिमों तथा स्थानीय परिस्थितिकी सीमाओं पर गौर किया जाना चाहिए। स्थानीय समुदायों को सक्रिय भूमिका देने पर सार्थक प्रगति होती है।

नगालैंड में समुदाय-प्रबंधित वन सरकारी वनों की तुलना में ज्यादा बेहतर सिद्ध हुए हैं। सिक्किम में आर्गेनिक खेती स्वीकार करने से टिकाऊ कृषि व्यवहारों का विकास हुआ है तथा मृदा स्वास्थ्य सुधरा है। पूरे भारत में महिलायें, आदिवासी समुदाय और नौजवान अनेक छोटी पर प्रभावशाली पर्यावरणीय पहलें कर रहे हैं जिनमें कचरा प्रबंधन तथा जल संरक्षण शामिल हैं। तकनीक का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। सेटेलाइट छवियों, रिमोट सेंसिंग तथा जीआईएस के कारण बाढ़ों व सूखे तथा भूमि की प्रकृति में परिवर्तन पर निगरानी आसान हो गई है। भारतीय मौसम विभाग तथा इसरो शीघ्र चेतावनी व्यवस्थाओं में सुधार कर रहे हैं। लेकिन जीवन बचाने के लिए इन महत्वपूर्ण सूचनाओं का स्थानीय भाषाओं में शीघ्र संप्रेषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए तथा इसे मोबाइल एलर्ट, रेडियो प्रसारणों व स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक रूप से प्रचारित किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी जरूरी है। भारत को लगातार जलवायु न्याय, हरित फाइनेंसिंग तथा विकसित देशों से तकनीकी सहायता की पैरवी करनी चाहिए। विभीषिकायें किसी राष्ट्रीय सीमा से बाधित नहीं होती है, इसलिए उनके समाधान भी वैश्विक स्तर पर होने चाहिए। हमें इस ग्रह, अपने तथा भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

# भारतीय हॉकी के सौ वर्ष

"ध्यानचंद ने विशेष रूप से हॉकी के जादूगर की उपाधि अर्जित की, अपनी स्टिक के काम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और खेल की महाशक्ति के रूप में भारत का स्थान मजबूत किया।"

**दिलीप टिर्की**
(लेखक, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी व पद्म श्री पुरस्कार विजेता हैं)



भारत में हॉकी के सौ साल पूरे होने पर, यह केवल एक खेल का जश्न नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय जुनून को श्रद्धांजलि है जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है, एक विविध राष्ट्र को एकजुट किया है और हमारे देश को वैश्विक पहचान दिलाई है। हॉकी सिर्फ़ भारत का राष्ट्रीय खेल नहीं है-यह उन लाखों लोगों के दिल की धड़कन है जिन्होंने इसका जादू जिया है, इसकी नब्ज़ महसूस की है और इसकी महिमा देखी है। ओलंपिक जीत के स्वर्णिम युग से लेकर आधुनिक समय के पुनरुत्थान तक, भारतीय हॉकी की यात्रा लचीलापन, पुनआविष्कार और उत्कृष्टता की निरंतर खोज की यात्रा है।

भारत का हॉकी के साथ रिश्ता 20वीं सदी की शुरुआत में शुरू हुआ था, लेकिन 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में, हमने वास्तव में विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वह जीत एक स्वर्णिम सिलसिले की शुरुआत थी-भारत ने 1928 से 1956 तक लगातार छह ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते, जो खेल इतिहास के इतिहास में बेमिसाल उपलब्धि थी। हमारी टीम न केवल अपनी जीत की लय के लिए बल्कि टर्फ पर लाए गए कलात्मकता, लालित्य और प्रभुत्व के लिए भी सम्मानित थी। जयपाल सिंह मुंडा, ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू और बलबीर सिंह सीनियर जैसे दिग्गज घर-घर में जाने जाते थे।

ध्यानचंद ने विशेष रूप से हॉकी के जादूगर की उपाधि अर्जित की, अपनी स्टिक के काम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और खेल की महाशक्ति के रूप में भारत का स्थान मजबूत किया। इस बैटन को गुरबख्श सिंह, अजीत पाल सिंह, मोहम्मद शाहिद, उत्तम सिंह, अशोक कुमार, माइकल किंडो और वी भास्करन जैसे दिग्गजों ने आगे बढ़ाया- प्रत्येक ने वैश्विक प्रतियोगिताओं में भारत के निरंतर प्रभुत्व में योगदान दिया, खासकर 1980 के दशक की शुरुआत तक।

**7-जून विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



हालांकि, हर महान यात्रा की तरह, हमारी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। 1980 का दशक एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि वैश्विक खेल आधुनिकीकरण से गुजर रहा था बुनियादी ढांचे की कमी, टर्फ सुविधाओं तक पहुंच की कमी और अपर्याप्त जमीनी स्तर के कार्यक्रमों ने हमारे प्रदर्शन को प्रभावित करना शुरू कर दिया। जहां एक बार हमने दुनिया को बेहतरीन तरीके से मात दी, वहीं हमने खुद को खेल की नई गति और शैली के अनुकूल होने के लिए संघर्ष करते हुए पाया।

परगट सिंह, एमएम सोमैया और गतिशील धनराज पिल्लई जैसे खिलाड़ियों के बहादुर प्रयासों के बावजूद, हम अब विश्व हॉकी के निर्विवाद राजा नहीं रहे। हॉकी इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण (ऱुद्ध), युवा मामले और खेल मंत्रालय के बीच दूरदर्शी सहयोग और वर्तमान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, खेल मंत्री सूर्य बंशी के अटूट समर्थन और निश्चित रूप से, गतिशील नेता पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा निभाई गई बड़ी भूमिका के लिए धन्यवाद। भुवनेश्वर में कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला में बिरसा मुंडा स्टेडियम जैसे विश्व स्तरीय स्टेडियमों ने दुनिया के कुछ सबसे बड़े हॉकी टूर्नामेंटों की मेजबानी की है। राज्य ने बुनियादी ढांचे, एथलीट कल्याण और जमीनी स्तर के प्रशिक्षण को एक समग्र मॉडल में जोड़कर खेल विकास में एक बेंचमार्क स्थापित किया है। यह निरंतर निवेश तब फलित हुआ जब भारत ने 2020 टोक्यो ओलंपिक (महामारी के कारण 2021 में आयोजित) में कांस्य पदक जीता - एक मोचन का क्षण जिसने राष्ट्रीय गौरव को फिर से जगा दिया। 41 साल के सूखे के बाद, हमारी टीम एक बार फिर ओलंपिक पोडियम पर खड़ी थी, जिसने दुनिया को भारत की स्थायी हॉकी विरासत की याद दिला दी।

जैसे-जैसे हम भारतीय हॉकी की दूसरी शताब्दी में कदम रख रहे हैं, भविष्य में अपार संभावनाएं हैं-अगर हम दूरदर्शिता, एकता और उद्देश्य के साथ कार्य करें। (द्व) जमीनी स्तर पर विकास को मजबूत करना- सफलता को बनाए रखने के लिए, हमें अपने जमीनी कार्यक्रमों का विस्तार और पुनरुद्धार करना होगा। इसमें राज्य स्तरीय अकादमियां स्थापित करना, स्कूलों और ग्रामीण खेल केंद्रों के साथ सहयोग करना और देश के हर क्षेत्र में हॉकी हब स्थापित करना शामिल है। भारत में प्रतिभा प्रचुर मात्रा में है; हमें बस इसे सही प्रशिक्षण और प्रदर्शन के साथ पोषित करने की आवश्यकता है।

भारतीय हॉकी की शताब्दी पर विचार करते हुए, न केवल एक पूर्व खिलाड़ी के रूप में बल्कि इस खेल को जीने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं आशा से भर गया हूं।

अतीत का गौरव, वर्तमान का जुनून और भविष्य का वादा, सभी अवसर के एक अनूठे क्षण में एक साथ जुड़े हुए हैं। हम अपने दिग्गजों, अपने वर्तमान नायकों और अगली पीढ़ी के प्रति कृतज्ञ हैं कि हम भारतीय हॉकी को न केवल पुरानी यादों की कहानी बनाएं बल्कि निरंतर उत्कृष्टता का भविष्य बनाएं। आइए हम दिल, दूरदर्शिता और एकता के साथ इस उद्देश्य के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें।

इस सदी को एक शानदार अध्याय का अंत न होने दें, बल्कि एक और भी बड़ी विरासत की शुरुआत होने दें।

जय हिंद। जय हॉकी!

## आप की बात

### सरकार की जिम्मेदारी

**रायल चैलेंजर्स** बेंगलूर की जीत के जश्न में आई बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ में मची भगदड़ से ग्यारह लोगों की जान चली गई एवं तीस से भी अधिक घायल हो गए। सवाल यह है कि वहां का पुलिस इंतजाम इतना कमजोर कैसे निकला कि यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना को कुम्भ के आयोजन में हुए हादसे से जोड़ कर जिस तरह कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, वह शर्मनाक ही कही जाएगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कुम्भ के हादसे में पचास से भी अधिक लोग मरे थे तो क्या हमारी सरकार ने इसकी आलोचना की थी। उनका यह संकुचित व विकृत दृष्टिकोण ठीक नहीं कहा जा सकता है। हादसा कहीं भी हो उसकी आलोचना तो अवश्य होती है। कर्नाटक सरकार ने इस पर कई अधिकारियों को बर्खास्त कर न्यायिक जांच का आदेश दिया है और उच्च न्यायालय ने मामले का स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। लेकिन कर्नाटक सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकती है क्योंकि उसके अनेक नेता वहां फोटो खिंचवाने पहुंचे थे। ऐसे में सरकार यह नहीं कह सकती कि उसे स्थिति के गंभीर होने की आशंका नहीं थी। वैसे भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से हादसे से सबक लेते हुए पूरे देश में उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

मनमोहन राजावत, शाजापुर।

### रेलवे का योगदान

**विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर भारतीय रेलवे सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत पंचामृत लक्ष्यों, विशेषकर 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य की दिशा में रेलवे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यातायात को सड़कों से रेलवे की ओर मोड़ना और हरित ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना इस दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं। रेलवे द्वारा डीजल इंजन की जगह विद्युत इंजन का प्रयोग, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का उपयोग और स्टेशनों पर ऊर्जा दक्षता बढ़ाने जैसे सभी प्रयास देश की अर्थव्यवस्था को डीकार्बोनाइज करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। हालाँकि, रेल लाइनें बिछाने के दौरान बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई गंभीर चिंता का विषय है। यदि विदेशों से वृक्षों को स्थानांतरित-ट्रांसप्लांट करने की मशीनें मंगवाई जाएँ तो पेड़ काटने से बचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों के लिए लोकल डेमू-मेमू ट्रेनों की संख्या बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल छोटे शहरों के नागरिकों को सस्ती और प्रदूषण रहित परिवहन सुविधा मिलेगी, बल्कि सड़क यातायात पर भी बोझ कम होगा।

**-विभूति बुपक्या**, खाचरौद

### आस्ट्रेलिया में पक्षपात

**ऑस्ट्रेलिया** में भारतीय मूल के व्यक्ति के साथ पुलिस द्वारा की गई क्रूरता बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। यह घटना सिर्फ कानून व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि नस्लभेद की गहरी मानसिकता को उजागर करती है जो अब भी पश्चिमी देशों के एक तबके में जड़ें जमाए हुए है। विडंबना है कि यहां भारतीयों और अन्य एशियाई समुदायों के साथ रंग और मूल के आधार पर भेदभाव किया जाता है। भारतीय समुदाय ने ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में अपनी मेहनत और प्रतिभा से मजबूत पहचान बनाई हैए जिससे कुछ कट्टरपंथी मानसिकता के लोग असहज महसूस करते हैं। नतीजतन ऐसे घटनाएं सामने आती हैं जिनमें साफ दिखता है कि पुलिस और प्रशासन के कुछ हिस्सों में अब भी नस्लीय पूर्वाग्रह मौजूद है। इस घटना पर भारत सरकार को केवल औपचारिक विरोध दर्ज कराने से आगे बढ़ कर अधिक ठोस कदम उठाने चाहिए। इसे कूटनीतिक स्तर पर गंभीरता से उठाना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही विदेशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा के लिए व्यापक रणनीति बनानी चाहिए। भारत को कूटनीतिक उपायों के साथ ही साफ्ट डिप्लोमेसी का प्रयोग कर समाधान निकालने चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### भगदड़ में मौतें

**बेंगलुरु** में आयोजित विक्ट्री परेड के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई है। आखिर वह कौन सी कमियां थी जिनकी वजह से देश के नौजवानों की जान गई है और करीब 33 लोग युवा जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। यदि आरसीबी को जश्न मनाना था तो कर्नाटक सरकार के साथ समन्वय और संवाद स्थापित करते हुए पूरी सावधानी पूर्वक मानना चाहिए था। बड़े दुख का प्रश्न है कि सरकार भी वहां थी और सरकारी एजेंसी वहां थी उसके बावजूद ऐसी घटना हो गई। हालांकि, राज्य सरकार ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं, पर सच यह है कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक घटना मन को विचलित करती है। ऐसी विक्ट्री परेड का आयोजन किसी भी संस्था द्वारा किया जाए तो राज्य सरकार को उसकी पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह भगदड़ में होने वाली मौतों की कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि ऐसी घटनायें पूरे देश में बार-बार हुई हैं। लेकिन विडंबना है कि इनसे सबक लेकर भीड़ प्रबंधन का कोई ऐसा प्रोटोकाल नहीं बना है जिसका जमीनी प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ जिम्मेदारी तय करने को भी स्थान दिया जाए।

**– वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बाढ़ एवं आपदा से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

## किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु पूरे समय मुस्तैद रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में वर्षा ऋतु के दौरान अतिवृष्टि, बाढ़ एवं आपदा के अलावा इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंध समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी लेकर उनके विभागों के द्वारा बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु का आगमन शीघ्र होने वाला है इसके फलस्वरूप समय रहते बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बाढ़ नियंत्रण आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी अपात स्थिति से निपटने हेतु पूरे समय मुस्तैद एवं सजग रहकर अपने निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिससे की इस दौरान जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर एवं अजय किशोर लकरा सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सेनानी नगर सेना, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने वर्षामापी यंत्रों की समुचित उपलब्धता की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में स्थापित जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक को सार्वजनिक करने के अलावा इसे 24 घण्टे क्रियाशील रखने तथा पूरे समय ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के प्रत्येक तहसीलों में तत्काल जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर इसे 24 घण्टे क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में वर्षामापी यंत्रों की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी लेते हुए सभी राजस्व निरीक्षक सर्कलों में अनिवार्य रूप से वर्षामापी यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान आम जनता को अत्यधिक वृष्टि एवं बाढ़ के अलावा आकाशीय बिजली, जल जनित एवं मौसमी बीमारियों तथा सर्पदंश आदि से बचाव के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इन सभी जानकारियों का समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले के सभी राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति निर्मित हो जाने पर प्रभावित लोगों को बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन तथा आरबीसी 6/4 के तहत तत्काल मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने तहसील स्तर पर गठित की जाने वाली कंट्रोल रूम का नंबर भी समुचित प्रचार-प्रसार करने को कहा।

### नदी नालों के किनारे स्कूल व आंबा केंद्र में रोक लगाने के निर्देश

उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को वर्षा के दौरान शीघ्र जल भराव वाले संवदेनशील नदी-नालों का नियमित रूप से जाँच कर इन नदी-नालों में समय पूर्व बचाव एवं सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को नदी-नालों एवं खेतों के किनारे स्थित स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर इन स्थानों में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी के संचालन पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जरूरतमंद लोगों के लिए न्यूनतम एक क्विंटल अनाज की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में जून से अगस्त माह तक के 3 माह के लिए राशन भंडारण करने की भी जानकारी दी।

### खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने वर्षा ऋतु के दौरान जिले में आम जनता के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी पानी टंकी, कुएं आदि जल प्रदाय के सभी स्त्रोतों का अनिवार्य रूप क्लोरिनेशन करने को कहा। इसके अलावा वर्षा ऋतु के दौरान शाक-सब्जी, फल, हॉटल, ठेले आदि में बिकने वाली खाद्य पदार्थों आदि का नियमित रूप से जाँच करने के निर्देश भी दिए। जिससे आम जनता को ताजे एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और बीमारियों की रोकथाम हो सके।

### सर्पदंश से बचाव हेतु एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर ने सीएमएचओ को वर्षा ऋतु के दौरान जिले के सभी चिकित्सालयों में दवाईयों की समुचित उपलब्धता के अलावा पूरे समय चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के चिकित्सालयों में सर्पदंश से बचाव हेतु समुचित मात्रा में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को बारिश के दौरान पशुओं में होने वाली बीमारियों की समय पर इलाज हेतु समय रहते दवाइयां आदि सभी आवश्यक चीजों का प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिला सेनानी नगर सेना को बाढ़ एवं आपदा से उत्पन्न परिस्थिति से निपटने नाव, गोताखोर आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला सेनानी नगर सेना को समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने के निर्देश दिए।

# वन मंत्री संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण में शामिल हुए, वन मंत्री ने जल संकट से निपटने अहम बातें बतायी

### बेमेतरा जिले को हराभरा करना हम सबकी जिम्मेदारी : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज यहाँ जिला पंचायत के सभागार में आयोजित जल-वन-जन संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी का आयोजन वनमंडल दुर्ग द्वारा आयोजित किया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जल संकट और पर्यावरण के महत्व पर पावर प्रजेंटेशन के जरिए तथ्यों और आँकड़ों को साझा किया। उन्होंने जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और जल संचयन के महत्व पर जोर दिया। प्रगतिशील किसानों ने कम पानी वाली फसलों के बारे में जानकारी दी और अपने गांवों को जल संकट से बचाने के उपाय बताए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बेमेतरा जिला वन विहीन है, और इसे हराभरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन अपने स्तर पर काम कर रहा है, पर स्थानीय लोगों को भी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने ट्यूबवेल, पंप बोरिंग, उद्योग आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायत भवनों और भवन निर्माण स्थलों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से कम पानी की फसलों, जैसे कोदो-कुटकी, अरहर, मक्का, दलहन, तिलहन जैसी फसलों को अपनाने पर जोर दिया। वन मंत्री ने जल संकट से निपटने के लिए जल मित्र ग्राम की अवधारणा पर भी चर्चा की, जिसमें हर गाँव को अपना जल बजट तैयार करने और वर्षा जल संग्रहण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि जल संरक्षण सिर्फ सरकार या प्रशासन का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि खाद्य उत्पादन की दिशा में भी हमें फसलों के चयन में विवेक रखना होगा और किसानों को कम पानी वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी लोग अपने घरों में भी वर्षा जल संचयन की व्यवस्था बनाएं। अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा ने कहा कि हमें वर्षा जल संचयन को आदत में शामिल करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूलों और कॉलेजों में जल जागरूकता अभियान चलाकर नई पीढ़ी को इस अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ओर से एक घर-एक पौधा अभियान के रूप में लिया जाए, जिससे हर घर में कम से कम एक पौधा लगाया जाए और उसकी देखभाल सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न में पौधा भेंट किया। इस अवसर पर इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, वनमंडलाधिकारी दुर्ग दीपेश कपिल, एसडीओ वन एच, वी दुबे, रेंजर माधुरी तिवारी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ रजकर बोर्ड प्रह्लाद राजकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, अध्यक्ष जनपद हेमा दिवाकर, अजय साहू, राजेन्द्र साहू, सहित जनप्रतिनिधि किसान गणमान्य नागरिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी सीनियर जूनियर पब्लिक स्कूल में किया गया पौधारोपण






पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा। विश्व पर्यावरण दिवस पर स्थानीय डीएवी सीनियर / जूनियर पब्लिक स्कूल दल्लीराजहरा में प्राचार्य जी.वी. राजशेखर एवं विद्यालय में कार्यालयीन कर्मचारियों ने अपने विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर अपने संदेश में कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में हमारी सम्पूर्ण धरती वृक्षों एवं जंगलों के अभाव में अपनी जीवनदायिनी के अस्तित्व को खोती जा रही है। अतः इस विकराल परिस्थिति में हमारे बच्चे जो कि हमारी भावी पीढी हैं। इन्हें ही अपनी धरती को बचाना है। ताकि हमारा भविष्य हरा भरा रहे एवं सम्पुर्ण प्रकृति का सौन्दर्य बना रहे। प्राचार्य जी.वी.राजशेखर राव ने कहा कि हमारा उद्देश्य व्यक्तिगत न होते हुए एक पेड बच्चों के नाम एवं एक पेड हमारे अभिभावकों के नाम लगाया है।

# महतारी वंदन योजना से वंचित लाखों महिलाएं मोदी गारंटी पर उठे सवाल : सीमा अनंत

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सरकार की बहुचर्चित और महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' को लेकर अब विपक्ष ने सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष और महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीमा अनंत ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार उन लाखों पात्र महिलाओं को नजरअंदाज कर रही है, जो आज भी इस योजना के लाभ की बाट जोह रही हैं। सीमा अनंत ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले दी गई 'गारंटी' में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 21 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं इससे वंचित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उन्हीं महिलाओं के साथ धोखा कर रही है, जिनके समर्थन से वह सत्ता में आई थी। इतना ही नहीं, जिन महिलाओं को पहले से पेंशन मिल रही थी, उनकी पेंशन से राशि घटाकर महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि में समायोजित किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर उनके अधिकारों का हनन है। सीमा अनंत ने सरकार की कथनी और करनी पर सवाल खड़े करते हुए कहा, एक ओर भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, दूसरी ओर उन्हीं महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। यह दोहरा चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिला, तो वे राज्यभर में विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगी।

# कलेक्टर ने राजस्व शिविर में सुनी आमजनों की समस्याएं शिविर में 15 किसानों को निःशुल्क किसान किताब वितरण

### त्रुटि सुधार के 25 मामलों का किया त्वरित निराकरण


पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन राजनांदगांव के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और राजस्व मामलों के निराकरण हेतु सभी तहसीलों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में तहसील डोंगरगांव में भी राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील डोंगरगांव के समस्त राजस्व अमले उपस्थित थे। शिविर में कलेक्टर राजनांदगांव ने औचक निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारी कर्मचारी को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से नामांतरण के 47, बटवारा के 26, सीमांकन के 21, बटाकन के 45, त्रुटि सुधार के 48, आय जाति निवास के 54, अतिक्रमण के 14, पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन में से मौके पर ही 75 आवेदन पर त्वरित कार्यवाही कर निराकृत किया गया। शिविर में 15 किसानों को निःशुल्क किसान किताब वितरित की गई। एसडीएम श्रीकांत कोराम ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजिता पड़ौती, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सदस्यगण, निकाय के पार्षदगण, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार जेपी खूंटे व झरना राजपूत सहित समस्त हल्के के पटवारी शामिल हुए।



# टूट गई विकास की सड़क : छीतापार ग्राम पंचायत की सीसी रोड बदहाल दरारों-गड्ढों से परेशान ग्रामीणों ने उठाई जांच और कार्रवाई की मांग





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकास की योजनाएं जब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ जाती हैं, तो नतीजा छीतापार ग्राम पंचायत जैसी दुर्दशा के रूप में सामने आता है। जनपद पंचायत पंडरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छीतापार में दस माह पूर्व बनी सीसी रोड आज पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण की शुरुआत से ही गुणवत्ता से समझौता किया गया था और आज उसका परिणाम जगह-जगह पड़ी मोटी दरारों और गहरे गड्ढों के रूप में दिखाई दे रहा है।

### जांच समिति की आवश्यकता

ग्रामीणों ने मांग की है कि एक स्वतंत्र जांच समिति गठित कर इस निर्माण कार्य की पूरी जांच करवाई जाए। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, निर्माण एजेंसी और अन्य जिम्मेदारों से राशि की वसूली की जाए और उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए।

### नागरिक सूचना पटल भी नदारद

पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लगाए जाने वाला नागरिक सूचना पटल (साइट बोर्ड) तक मौके से नदारद है, जिससे संदेह और भी गहराता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सूचना पटल लगा होता तो निर्माण की लागत, निर्माण एजेंसी और कार्यावधि की जानकारी सार्वजनिक होती, जिससे जवाबदेही तय करना आसान होता।

### प्रशासन मौन, ग्रामीणों में रोष

जहाँ एक ओर ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता से लोगों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य और जांच शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### दरारों में फंसते पहिए, गिरते लोग

सड़क पर मोटरसाइकिल और साइकिल सवारों के लिए चलना किसी जोखिम से कम नहीं है। दरारों में फंसकर आए दिन लोग गिर रहे हैं और कई बार गंभीर चोटें भी लग चुकी हैं। सड़क के किनारे सोल्डर न होने के कारण बरसात के दिनों में कीचड़ और फिसलन से परेशानी और बढ़ जाती है।

### निर्माण में अनियमितताएं

ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण में स्थानीय हाफनदी की रेत का उपयोग किया गया, जबकि नियमानुसार गुणवत्ता वाली प्रोसेस्ड रेत का प्रयोग होना चाहिए था। साथ ही मुरूम की परत ठीक से नहीं डाली गई और सामग्री का अनुपात भी निर्धारित प्रकलन के अनुसार नहीं रखा गया।

### घर बैठे किया गया मूल्यांकन

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत छीतापार में सोसायटी तक जाने के लगभग दो सौ मीटर बनाया गया सी सी रोड में तकनीकी अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता निभाई गई और निर्माण के मूल्यांकन में भारी गड़बड़ी हुई। कुछ लोगों ने तो यह तक कहा कि 'घर बैठे' मूल्यांकन, सत्यापन कर रिपोर्ट बना दी गई, जिससे गुणवत्ता की पोल कुछ ही महीनों में खुल गई।

# डॉक्टर से मारपीट करने वाला सोनू डाहिरे गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले के पंडरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक डॉक्टर के साथ मारपीट और अभद्रता करने वाले आदतन अपराधी हीरालाल उर्फसोनू डाहिरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए की गई। घटना के संबंध में पीड़ित डॉक्टर ने पंडरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर अपराध क्रमांक 46/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 121(1), 132, 296, 226, 115(2), 351(3) और चिकित्सा सेवा संस्थान संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 2010 की धारा 4 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी। हीरालाल उर्फसोनू डाहिरे, निवासी पंडरिया, वर्ष 2014 से गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और शांति भंग जैसे कई प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। वह थाना पंडरिया के निगरानी बदमाशों में शामिल है। घटना के बाद से फरार चल रहे डाहिरे की मौजूदगी की सूचना आज सुबह मिली, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के पर्यवेक्षण में गठित इस टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल हुए रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में व्यापक रूप से कृषि विकसित संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, सरकार की प्रमुख योजनाएं, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग, प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम डिंडो में विकसित कृषि संकल्प अभियान में रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में फसलों का उत्पादन बढ़ाने लगातार सतत प्रयासरत है और विकसित कृषि संकल्प अभियान हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए लाभदायक होगा। इस अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार के कृषि वैज्ञानिक किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं उन्नत और संतुलित कृषि की जानकारी किसानों को दे रहे हैं। यह अभियान किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कृषि में विविधिकरण को बढ़ावा देने वाली तकनीकों प्राकृतिक खेती, कृषि में ड्रोन का उपयोग, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन इत्यादि, प्रमुख विषयों पर कृषकों को जानकारी देने के लिए यह अभियान बहुत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने उपस्थित किसानों को बीज वितरण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक तंत्र सहित जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

रामविचार नेताम ने 15 करोड़ 12 लाख रुपये के कुल 64 कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। रामचन्द्रपुर मुख्य मार्ग से मुख्य बस्ती तक गौरव पथ निर्माण, लंबाई 1 किलोमीटर लागत 87.34 लाख रुपए एवं त्रिकुंडा मुख्य मार्ग से पुराना बाजार होते स्कूल तक गौरव पथ निर्माण कार्य लंबाई 1 किलोमीटर लागत से 87.34 लाख रुपय का भूमि पूजन किया गया। इसी प्रकार मंडी बोर्ड के द्वारा कुल 42 ग्राम पंचायतो में कुल लागत 13.37 करोड़ रुपये की राशि के कुल 62 कार्यो का शिलान्यास किया गया।

## दो पुलिस टीआई को मिली एक साथ पदोन्नति पुलिस मुख्यालय ने किया डीएसपी के पद पर पदोन्नत

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के पुलिस विभाग के नगर निरीक्षक टीआई वर्ग के पुलिस अधिकारियों को डीएसपी के पद पर पदोन्नत किया है, तथा इस पदोन्नति में शक्ति जिले से पहली बार दो टीआई एक साथ डीएसपी के पद पर पदोन्नत हुए हैं, जिसमें वर्तमान में पुलिस थाना शक्ति में पदस्थ नगर निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी को जहां उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी के पद पर पदोन्नत किया गया है, तो वहीं शक्ति पुलिस थाने के पूर्व में टीआई रहे एवं वर्तमान में आरक्षी केंद्र में पदस्थ विवेक शर्मा को भी उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी के पद पर पदोन्नत किया गया है, उपरोक्त दोनों ही पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं पुलिस के कार्यों में संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करते हैं, तथा उनको मिली इस पदोन्नति पर जहां पुलिस महमेंने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तो वहीं शक्ति शहर की जनता ने भी दोनों टीआई को मिली इस पदोन्नति पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, यह पहली बार ऐसा अवसर है जब जिले से दो नगर निरीक्षक वर्ग के पुलिस अधिकारियों को एक साथ डीएसपी के पद पर पदोन्नति मिली है।

# करही महानदी में अवैध रेती उत्खनन करने वाले रेत माफियों के विरुद्ध की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




ग्राम करही तहसील हसौद जिला सक्ती थाना बिर्रा क्षेत्रांतर्गत के महानंदी में स्थित रेत घाट में बड़े पैमाने पर रेत के अवैध उत्खनन कर छत्तीसगढ़ राज्य के अंदर एवं बाहर के राज्यों को लगातार रेत तस्करी करने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय उमेश कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। जिसमें खनिज विभाग एवं बिर्रा पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम करही महानदी रेत घाट पर दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 01 एक नग वाल्वो कंपनी का चैन माउंटेन मशीन 02 एक नग टाटा हिटाची कंपनी का चैन माउंटेन मशीन 03 एक नग हुंडई कंपनी का चैन माउंटेन को 30.05.25 एवं 02.06.2025 को जप्त कर अवैध रेत उत्खनन रोकने हेतु शील किया गया था।

रेत माफियों के द्वारा जप्तसुदा चैन माउंटेन मशीनों का शील को तोड़कर पुनः बड़े पैमाने में चैन माउंटेन मशीनों को बेखौफ होकर महानदी रेत घाट में पुनः लगातार अवैध रेत उत्खनन कर छत्तीसगढ़ एवं दूसरे राज्यों में बड़े पैमाने पर रेत की अवैध तस्करी कर शासन को करोड़ की क्षति पहुंचाया जा रहा था कि उक्त रेत माफियाओं के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण अभी विवेचनाधीन है। उक्त कार्यवाही में गोविन्द राम, शिव सिंह प्रभारी खनिज अधिकारी जिला सक्ती, उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, आरक्षक लक्ष्मीनारायण कश्यप, दीपक तिवारी, रामसाय साहू एवं नगर सैनिक विश्वनाथ राठौर, समीर राठौर, महेश्वर तिवारी, दिलीप राठौर, प्रवीण तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने की मांग, नेता प्रतिपक्ष सहित पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद चांपा क्षेत्र की गलियों और सड़कों पर खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर अब पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। नेता प्रतिपक्ष हरिश पाण्डेय के नेतृत्व में कई वार्डों के पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें नगर में लगे खराब या बंद स्ट्रीट लाइटों को जल्द बदलने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर के कई मुख्य सड़कों और वार्डों में लगी लाइटें खराब हो चुकी हैं, जिनकी वजह से रात्रि के समय अंधेरा छा जाता है। इससे आम लोगों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को आवागमन में कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। पार्षदों ने पूर्व में भी इस विषय में मौखिक निवेदन किए जाने की बात कही, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर नाराजगी जताते हुए पार्षदों ने नगर की सभी गलियों और सड़कों की खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने की तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पेड़

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com




विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन-4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आकाश सिंघानिया एवं जागृति शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल के नेतृत्व मे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर अग्रसेन भवन नैला जांजगीर के पीछे गार्डन में 11 पेड़ लगाए गए जिन में प्रमुख रूप से आम जामुन अमरूद नींबू आवला के पेड़ प्रमुख थे उक्त कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 अमर सुल्तानिया ने कियाअमर सुल्तानिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके अंतर्गत शाम 5:00 बजे अग्रेशन भवन के पीछे स्थित गार्डन में पेड़ लगाया गया। मैं चाहूंगा कि दोनों शाखा मिलकर इस प्रकार जनहित के कार्य को हमेशा करते रहें। वर्तमान समय में पर्यावरण को बचाने की दृष्टिकोण से पेड़ लगाना बहुत ही अनिवार्य है। हमारी दोनों शाखा का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। जो सभी को प्रेरणा प्रदान करता है शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा लगातार ऐसे जनहित कार्य किया जा रहा है जो समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसी के तहत हमारे द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाने का आयोजन पुरुष एवं महिला दोनों शाखा द्वारा किया गया था उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर दोनों शाखा के सदस्य बहुत उत्साहित हुए एवं पेड़ लगाने में सहयोग किया उसके साथ-साथ सदस्यों ने शाखा का धन्यवाद दिया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आकाश सिंघानिया एवं जागृति शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपने अपना कीमती समय निकालकर शाखा के द्वारा कराए जा रहे आयोजन पर अपना समय दिया, इसके लिए दोनों शाखा आपका धन्यवाद ज्ञापित करती है। जागृति शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने दोनों शाखा के समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से मारवाड़ी युवा मंच से प्रांतीय सदस्य विक्रांत अग्रवाल अध्यक्ष आकाश सिंघानिया सचिव नवदीप गुप्ता निकुंज अग्रवाल आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# गांजा तस्करी मामले में उड़ीसा निवासी एक और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



सरगुजा रेंज में नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। खड़गवां थाना क्षेत्र में दर्ज गांजा तस्करी के मामले में उड़ीसा राज्य का एक और आरोपी नरेश दिगल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना खड़गवां में दर्ज अपराध क्रमांक 93/2025, धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित है। प्रारंभिक कार्यवाही में स्थानीय आरोपी सुलेश कुमार को 2 किलो 195 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पूछताछ में आरोपी ने गांजा की आपूर्ति 08वीं बटालियन, पेंड्री, राजनांदगांव में पदस्थ आरक्षक क्र. 905 बुंदेलाल से संपर्क में रहते हुए उड़ीसा राज्य से मंगवाने की जानकारी दी थी। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह आईपीएस और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को आगे बढ़ाया गया। आरक्षक बुंदेलाल से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि गांजा उड़ीसा निवासी नरेश दिगल द्वारा आपूर्ति किया गया था। खड़गवां थाना और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उड़ीसा राज्य के कंधमाल जिले के ग्राम कलाड़ी, थाना गुच्छापोड़ा से आरोपी नरेश दिगल (उम्र 24 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को उड़ीसा से छत्तीसगढ़ लाकर आरक्षक बुंदेलाल को बेचने, मोबाइल के माध्यम से बातचीत और फोन-पे से पैसों का लेनदेन स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पाये जाने पर उसे 05 जून 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने इस सफलता के लिए खड़गवां थाना प्रभारी विजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक नईम खान, आरक्षक मो. आज़ाद (174), सोनल पांडेय (116), दिनेश साहू (205), एवं सैनिक प्रमोद साहू के कार्य की सराहना की है। पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अवैध नशा तस्करी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में साइबर ठगी पर शक्ति पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, बैंक खातों में करोड़ों रुपए के लेनदेन का हुआ खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



म्यूल अकाउंट धारक को गिरफ्तार कर सक्ती पुलिस ने जेल भेज दिया है, दो मामलो में कार्रवाई करते हुए मामले का पुलिस ने खुलासा किया है, एवं शक्ति जिला पुलिस ने कहा है कि साइबर ठगों पर जारी रहेगी सक्ती पुलिस की कार्यवाही, आरोपियों के खिलाफ देश भर के कई राज्यों में साइबर ठगी का अपराध दर्ज होना बताया जा रहा है, मामले में विदित हो कि भारत सरकार के समन्वय पोर्टल पर साइबर ठगी से जुड़े संदिग्ध खाते पर कार्यवाही के लिए प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा के विस्तृत निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के म्यूल खाता धारक के संदिग्ध लेनदेन पर कार्यवाही के निर्देश पर सक्ती निवासी एक युवक के पीएनबी खाते में 14 जनवरी से 30 जनवरी 2024 तक कुल 3,48,73,171, संदिग्ध रूप से लेन देन करना पाया गया है, जिस पर थाना सकती में उक्त युवक के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी का अपराध दर्ज किया गया है, उक्त खाते का सत्यापन पीएनबी बैंक से प्राप्त दस्तावेज एवं आरोपी से उसके चालू खाता की चेक बुक और एटीएम जप्त की गई है, एवं अन्य जानकारी बैंक से प्राप्त करना शेष है, आरोपी युवक के अकाउंट के विरुद्ध देश में कुल 60 साइबर ठगी संबंधी शिकायतें और हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना में ठगी के तथा छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाँपा में ऑनलाइन सटटा का अपराध दर्ज है, समन्वय पोर्टल के अनुसार फर्स्ट लेयर म्यूल अकाउंट होल्डर युवक की सहभागिता साइबर ठगी में पाए जाने पर आरोपी के आरोप स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के आधार से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमाड प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया है। इसी प्रकार चरौदा निवासी निखिल कर्ष जिसके पीएनबी बैंक खाते में 11 से 30 जनवरी 2024 तक कुल 5,43,62,525 संदिग्ध रूप से लेनदेन पाया गया था, जिस पर थाना सक्ती में धारा 420 आईपीसी का अपराध दर्ज किया गया, उक्त खाते के विरुद्ध देश में 66 साइबर शिकायते और पश्चिम बंगाल, बिहार और कर्नाटक में कुल 05 मामले दर्ज हैं।

# हारून मेमन को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मिली जिम्मेदारी



पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने खनिज संसाधन विभाग का हारून मेमन को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। हारून मेमन क्षेत्र के एक सक्रिय और समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। वह लंबे समय से पार्टी के लिए निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं और क्षेत्रीय स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों और संगठन के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# श्वेता जायसवाल बनी जिला संगठन आयुक्त गाइड

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव द्वारा जिले में स्काउटिंग गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव की अनुशंसा पर जिला आयुक्त ए के भारद्वाज के प्रस्ताव पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मड़वा में पदस्थ श्वेता जायसवाल को जांजगीर चांपा जिला संगठन आयुक्त गाइड नियुक्त किया है। नए दायित्व मिलने पर श्वेता ने कहा कि जिले में गाइड सदस्यों को प्रशिक्षित करना, गाइड समूहों का विकास करना और समुदाय के साथ मिलकर कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। जिले में भारत स्काउट्स गाइड्स की गतिविधियों का बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले की टीम अब और सशक्त होकर काम कर पायेगी जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड डॉ धनमत महंत, संयुक्त सचिव प्रेमलता साहू ने कहा कि राज्य से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले में गाइड व रेंजर की सहभागिता को बढ़ाने के लिए अच्छी टीम बनाकर अब और सक्रियता पूर्वक कार्य कर पाएंगे। डीओसी स्काउट सुरेन्द्र कुमार सोनी, डीटीसी स्काउट पुरन लाल पटेल, सहायक सचिव अनिल सिदार, हरिशंकर वर्मा, राजेंद्र कश्यप नूतन पटेल, डॉ अरुणा व्यास मिरी एडवांस गाइड कैप्टन, उमा महोबिया एडवांस रेंजर लीडर, अनुभव तिवारी मीडिया प्रभारी ने कहा कि स्काउटर गाइडर्स के मार्गदर्शन में हम सब जिले में बेहतर ढंग से स्काउटिंग को मजबूत करेंगे।

## सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार का बड़ा षड्यंत्र

# कांग्रेस की प्रेस वार्ता : तखतपुर की पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा- युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी एवं रोजगार विरोधी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विगत दिनों प्रदेश भर के स्कूलों के शिक्षकों के युक्ति युक्त करण कार्य को लेकर कांग्रेस इसे शिक्षा के विरोध में निर्णय बता रही है, कांग्रेस ने जहां इस आदेश के बाद तत्काल इसका विरोध करना चालू कर दिया था, तो वहीं शक्ति जिले के जिला मुख्यालय के स्थानीय शासकीय विश्राम गृह रेस्ट हाउस में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें तखतपुर की पूर्व कांग्रेस विधायक रश्मि सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के कोषाध्यक्ष नरेश गेवाड़ीन, जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के प्रवक्ता एवं एडवोकेट तथा शिक्षा विभाग के नेता प्रतिपक्ष महंत के प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, कांग्रेस नेता पिंटू ठाकुर, वार्ड क्रमांक- 04 के पूर्व पार्षद एवम कांग्रेस नेता ईश्वर लोधी, मुकेश डेंसिल, पूर्व पार्षद पति लव सोनी सहित अनेको कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए तखतपुर की पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का यह निर्णय शिक्षा विरोधी तथा रोजगार विरोधी है, एवं कांग्रेस पार्टी ने इस बड़े विषय को लेकर राज्य सरकार को चेताया है, एवं सरकार अगर अपने इस निर्णय को नहीं बदलेगी तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं शिक्षा दफ्तरों में घेराव किया जाएगा तथा शिक्षा के विरोध में काम करने वाली इस सरकार की मंशा को उजागर किया जाएगा, रश्मि सिंह ने कहा कि 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है, इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदो की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रो के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रत्ति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। कांग्रेस की पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े, इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है।

# पुलिस की गस्त की खुली पोल : चांपा के गणेश मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी, सीसीटीवी कैमरा में कैद हुए 5 चोर

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com




चांपा शहर के प्रमुख व व्यस्त इलाके सुभाष चौक स्थित गणेश मोबाइल दुकान में देर रात एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। जहां दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए। घटना के बाद से पूरे व्यापारिक समुदाय में हड़कंप मच गया है। इस वारदात ने पुलिस गस्त की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार, जांजगीर से चांपा की ओर आने वाले रपटा मार्ग से दो बाइक पर सवार होकर पांच चोर आए और सुभाष चौक स्थित मोबाइल शॉप का शटर तोड़कर अंदर घुसे। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोरों की गतिविधियां साफ देखी जा सकती हैं। चोरी की यह घटना रात के लगभग 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। चोर केवल कुछ ही मिनटों में दुकान से महंगे मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान समेट कर फरार हो गए। घटनास्थल की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया है, और पुलिस जांच में जुटी है। लेकिन इस घटना ने नगर की पुलिस गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात के समय पुलिस गश्त की निष्क्रियता को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन से चांपा में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# झांकी के खेत में मिटटी गिराने को लेकर खूनी संघर्ष, 23 लोग घायल

## 9 गंभीर घायलों को बिलासपुर रेफर, रूपकली और अंजली की हालत नाजुक, पंचायत चुनाव से चली आ रही रंजिश बनी विवाद की जड़

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ विकासखंड के ग्राम झांकी में शनिवार सुबह बहुत सामान्य बात खेत में मिटटी डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद देखते देखते खूनी मोड़ ले लिया, जिसके चलते लाठी, डंडे और धारदार हथियारों से एक दुसरे के उपर गभीर रुप से हमला किया गया, जिसमें दोनों पक्षों के 23 लोग घायल हो गए, इसमें से 9 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश के चलते शुरू हुई कहासुनी कुछ ही पलों में हिंसक झड़प में बदल गई। यह घटना जिला बेमेतरा के नवागढ़ विकास खंड में स्थित ग्राम झांकी है जहां पर शनिवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। एक पक्ष अपने खेत के मेड़ में मिटटी गिरवा रहा था, तभी दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। इसी दौरान पुरानी रंजिश और पंचायत चुनाव के दौरान हुए आपसी तनाव फिर सतह पर आ गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लोग लाठी-डंडा, फावड़ा, टांगी और अन्य धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। मारपीट में महिलाएं भी घायल हुईं। घटना के बाद 23 घायलों को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 9 लोगों को बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इनमें रूपकली (45 वर्ष) और अंजली टण्डन (36 वर्ष) की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। रेफर किए गए अन्य घायलों में पृथ्वीराज (24 वर्ष), रनिया कुर्रे (36 वर्ष), सागर कुर्रे (15 वर्ष), विष्णुप्रसाद (80 वर्ष), बलराम टण्डन (35 वर्ष), दिलीप कुमार (55 वर्ष) और कैलाश (50 वर्ष) शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नवागढ़ थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। लेकिन दोनों पक्षों की भारी भीड़ और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाना समेत अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। दोनों पक्षों के बयान लेकर घटना की विधिवत जांच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच कई वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच पंचायत चुनाव में भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं। चुनाव के दौरान भी कहासुनी हुई थीं। शनिवार की घटना उसी रंजिश का विस्फोट मानी जा रही है।

# पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने चिंतामन गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चना

## सीहोर साहू समाज ने किया भव्य स्वागत




पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के महासमुंद संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रभारी, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू का आगमन सीहोर के प्रख्यात चिंतामन गणेश मंदिर में हुआ। उन्होंने यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर आगमन पर सीहोर साहू समाज के सामाजिक बंधुओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, मनीष साहू, महेश साहू, पत्रकार नेमीचंद साहू, भगवानदास मकरिया, धर्मेश साहू, पत्रकार धीरज साहू एवं निखिल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। भोपाल से पधारे समाज के वरिष्ठ सदस्य किशोर कुमार लहरपुरे, अशोक साहू होशंगाबाद, चंद्रमोहन साहू भेल, प्रवीण साहू सीए एवं गणेशराम साहू, शंभूदयाल साहू, आशा साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज जनों ने पूर्व सांसद के साथ सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पूरे आयोजन में समाजिक एकता एवं उत्साह का भाव देखने को मिला।

# खेती किसानी से जुड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम कर रही हैं मोदी सरकारः ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com



देश के किसानों को एक बड़ी खुशखबरी देते हुए मोदी सरकार द्वारा धान की एमएसपी में 69रूपये की वृद्धि कर प्रति क्विंटल 2369 रुपए किया जाना अन्नदाताओं की समृद्धि के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। निश्चित ही छत्तीसगढ़ के किसानों को इससे दोहरा लाभ होगा। इस शानदार फैसले के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया और आगे कहा की मैं भी एक किसान का बेटा हूं और मैं भी खेती किसानी जुड़ा हुआ हूं। यह निर्णय किसानों, खेती किसानी से जुड़े लोगो के जीवन में खुशियां लाने का काम करेगा। केन्द्र में मोदी सरकार बनते ही अपने विजन को पूरा करने में लग गए हैं। किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा पहुंच गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्री मंडल ने देशभर के करोड़ों किसानों को एक बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए बड़े फैसलों का एलान करते हुए यह बताया है कि सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया। इस एलान के बाद आने वाले सीजन में 1 क्विंटल धान के लिए किसानों को कम से कम 2369 रुपये दिए जाएंगे। इससे पहले किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए करीब 2300 रुपये दिए जाते थे। इसे अब 69 रुपये बढ़ा दिया गया है। विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी स्वीकृति दी गई है।14 खरीफ फसलों में धान के साथ मूंग, उड़द, कपास, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, सोयाबीन (पीला), तिल और रामतिल शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को खेती में आने वाली लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत का मार्जिन मिलना चाहिए।

# राजहरा रेलवे प्रीमियर लीग सीजन 1 का रंगारंग शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

रेलवे इंस्टिट्यूट के द्वारा आयोजित राजहरा रेलवे प्रीमियर लीग सीजन 1 रंगारंग शुभारंभ रेलवे ग्राउंड में किया गया। उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी थे। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पार्षद विशाल मोटवानी, चेम्बर ऑफ कामर्स मंत्री स्वाधीन जैन, श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष शेखर गुप्ता, राजहरा व्यापारी संघ उपाध्यक्ष अशोक लोहिया, पार्षद टी. ज्योति, सीनियर इंजीनियर के.हरीश राव, समाजसेवी क्रांति जैन, सुजीत झा पूर्व क्रिकेटर प्रवीण शर्मा एवं रूपलाल साहू थे। मंच संचालन एडवर्ड स्टीफन एवं बसंत कुमार ने किया। आभार टी रमना राव ने किया। मैच का शुभारंभ मुख्य अथिति नपा अध्यक्ष तोरणलाल साहू,राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी व आयोजन के संरक्षक विशाल मोटवानी ने श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता के गेंदबाजी के बल्लेबाजी कर किया। इस दौरान समर कैंप ने शामिल बच्चों ने डांस परफॉमेंस कर रंगारग प्रस्तुति दी। पहले दिन पहला मैच ज्योति वारियर्स और सन्नी स्टार के मध्य खेला गया। ज्योति वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 74 रन बनाए। रोमांचक मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए सन्नी स्टार में पारी के अंतिम ओवर में कप्तान सन्नी भाटिया ने छक्का मारकर टीम को विजय बनाया। सन्नी भाटिया को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

# पंजीयन शिविर 10 जून को देवरी में

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं का चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे से ग्राम पंचायत भवन देवरी मे आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं का कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जाएगा।

# विशेष समुदाय के लड़के द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, सौपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग



**सरायपाली।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 की लड़की को विशेष समुदाय के लड़के द्वारा बहला फुसला कर भगा कर ले जाने का मामला सामने आया है। परिवारजनों का आरोप है कि विशेष समुदाय के लड़के द्वारा उनकी लड़की को गैर समुदाय का जानते हुए भी षड्यंत्र पूर्वक बहला फुसला कर अपहृत कर लिया गया है। परिवारजनों को आशंका है कि भविष्य में उनकी लड़की के साथ बलात्कारी, हत्या देश से बाहर अन्यत्र ले जाया जाने जैसी घटना होने की आशंका है। उपरोक्त कारणों को देखते हुए सरायपाली हिंदू समाज ने आक्रोश व्यक्त किया है एवं प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंप कर लड़की को परिवारजनों को सुपुर्द कर आरोपी व्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही की माँग की गई है। उक्त समय संगम सेवा समिति के संस्थापक एवं भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल, राम राज परिवार संस्थापक मयंक शर्मा, तुषार सेन (अधिवक्ता) विजय नाग, अभिनय शाह, युगांत मीरी एवं परिवार जन सहित वार्ड वाशी उपस्थित रहे।

# शिव संस्कार धाम महिला समिति द्वारा किया गया वृक्षारोपण




पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिव संस्कार धाम महिला सेवा समिति के महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया। इस विशेष आयोजन में समिति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार तथा औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। उपस्थित महिलाओं ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बताया और सभी से अधिक पेड़ लगाने की बात कही। एक वृक्ष सौ पुत्र समान है। पर्यावरण दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि जीवनभर हरियाली और स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में शिव संस्कार धाम महिला सेवा समिति द्वारा सभी को वृक्षों की देखभाल और संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शिव संस्कार धाम में हुआ यह आयोजन नारी शक्ति की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और योगदान का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

# 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है : वोरा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला के कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा ने शासन के शिक्षा विभाग के युक्ति युक्त करण को लेकर पत्रकारों को बताया कि भाजपा ने 2023 के घोषणा पत्र में कहा था कि मोदी की गारंटी से 57,000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसी वादे पर बेरोजगारों ने भरोसा करके वोट दिया लेकिन कई महीने बीत चुके हैं, अब तक कुछ नहीं हुआ। अब सरकार ने सिर्फ पहले चरण में 5,000 पदों पर भर्ती की बात कही है। पिछली भाजपा सरकार में भी 'युक्तियुक्तकरण' के नाम पर 2,000 से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए थे। भाजपा की वही नीति अब फिर से दोहराई जा रही है स्कूल बंद करो, तबादले करो, शिक्षकों को परेशान करो। 'युक्तियुक्तकरण' दरअसल शिक्षा और रोजगार विरोधी नीति है विधानसभा में 33,000 शिक्षकों की भर्ती का वादा करने वाली सरकार अब चुपचाप बैठी है।56,333 स्कूलों में से 300 स्कूल ऐसे हैं जहाँ एक भी शिक्षक नहीं है। 5.500 स्कूलों में केवल एक शिक्षक से ही पूरा स्कूल चल रहा है। 3,978 स्कूल एक ही परिसर में जबरन अलग-अलग स्तरों पर संचालित किए जा रहे हैं। हर साल 10 से 15 हजार शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, लेकिन सरकार चुपचाप पद ही समाप्त कर रही है। सरकार न तो नए स्कूल खोल रही है, न पुराने स्कूलों का जीर्णोद्धार कर रही है और न ही शिक्षकों की भर्ती कर रही है। वोरा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे।शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यो की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले न शिक्षक संगठनों की राय ली गयी, न पालक संघ से पूछा गया, न ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गयी। सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए, सम्प्यमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है ऐसे में युक्तिकरण के नाम पर शिक्षकों को डरा कर वसूली करना चाहती है यह सरकार। वोरा ने कहा कि भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे, जबकि सच्चाई यह है कि मर्ज किये गये स्कूलों का डायस कोड़ विलोपित कर दिया गया है। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में दावा किया था राज्य में 58000 शिक्षकों के पद खाली है। विधानसभा में घोषणा किया 35000 पद भरे जायेंगे, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है लेकिन यह भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे। युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, मृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे।

### कांग्रेस का 'शिक्षा न्याय आंदोलन' चार चरणों में जनता को किया जाएगा जागरूक

अरुण वोरा ने बताया कि 6 और 7 जून 2025 - जिला स्तर पर प्रेस वार्ता, पत्रकारों को शिक्षा संकट की जानकारी दी जाएगी। 10 और 11 जून 2025 ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बियो) कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। 15 से 25 जून 2025- 3 से 5 किलोमीटर लंबी शिक्षा-न्याय यात्रा निकाली जाएगी और जिला शिक्षा अधिकारी (डियो) कार्यालयों का घेराव होगा। 10 जुलाई 2025 - प्रदेश के 5 से 10 बंद किए जाने वाले स्कूलों में जनसंपर्क अभियान और विशेष प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरुदयाल बघेल सुरेन्द्र तिवारी सहित कविता साहु ललित विश्वकर्मा शशी प्रभा गायकवाड़ अविनाश तिवारी लूकेश वर्मा दिनेश पटेल जोगेंद्र छाबड़ा रीता पाण्डेय हरीश साहु सहित अन्य लोग मौजूद थे

# जल वितरण संचालक में प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 13 जून को

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं को नलजल मित्र के तहत बहु कौशल प्रशिक्षण के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 13 जून को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन होगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवा, जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें इस काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा अनुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित नलजल मित्रों का जल्द से जल्द प्रशिक्षण शुरू किया जा सके। गौरतलब है कि लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत 60 हितग्राहियों को दो बैचों में प्रशिक्षण मई माह में पूरा हो गया है। वर्ष 2025.26 में निर्धारित लक्ष्य 120 की पूर्ति के लिए जून के पहले सप्ताह में 60 हितग्राहियों का दो बैचों में प्रशिक्षण शुरू किया जाना है, जिसके लिए काउंसिलिंग सह पंजीयन 13 जून को होगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास सिंह ठाकुर निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद, (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, प.ह.न. 144/91, तहसील व जिला महासमुंद (छ. ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 09, कुल रकबा 0.41 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र क्रमांक 47/क/डी.ई.आई.ए.ए./न.क.46/2016 महासमुंद, दिनांक 22/11/2016 को उत्खनन क्षमता 2177.5 टन (871 घनमीटर) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
श्री विकास सिंह ठाकुर

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोशन अग्रवाल पिता स्व. श्री पवन अग्रवाल निवासी कॉलेज रोड महासमुंद, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, प.ह.न. 38, तहसील व जिला महासमुंद (छ. ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 331, 333/1, कुल रकबा 0.26 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र क्रमांक 1086/क/डी.ई.आई.ए.ए./न.क.46/2016 महासमुंद, दिनांक 21/03/2017 को उत्खनन क्षमता 500 घनमीटर/वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
श्री रोशन अग्रवाल

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कोमन लाल साहु पिता स्व. श्री सोनू साहू, निवासी ग्राम कुकराडीह, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम अछोली, प.ह.न. 85, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.. 84/1, 84/2, 84/3, 84/4, 85 व 89/2, कुल रकबा 0.57 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र कमांक 1230/क/डी.ई.आई.ए.ए./ न.क.46/2017 महासमुंद, दिनांक 09/05/2017 को उत्खनन क्षमता 456 घनमीटर /वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
श्री कोमन लाल साहु

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति मंजरी सिंह पति स्व. श्री राजेश्वर सिंह, निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, प.ह.न. 144, तहसील व जिला महासमुंद (छ. ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 329, कुल रकबा 1.60 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र कमांक 972/क/डी.ई.आई.ए.ए./न.क.46/2016 महासमुंद, दिनांक 16/01/2017 को उत्खनन क्षमता 646.50 घन.मी/वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
श्रीमती ज्योति मंजरी सिंह

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जनक राम साहू पिता श्री रेवा राम साहू, निवासी ग्राम अछोली, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग), उनके द्वारा ग्राम अछोली, प.ह.न. 138, तहसील व जिला महासमुंद (छ. ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1226, 1237/1, कुल रकबा 0.64 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र कमांक 1309/क/डी.ई.आई.ए.ए./न.क.46/2017 महासमुंद, दिनांक 13/03/2018 को उत्खनन क्षमता 1090.28 घनमीटर/वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
श्री जनक राम साहू

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स साईं फर्शी उघोग, प्रो. श्री अजय सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री दलगंजन सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम मुढ़ेना, तहसील व जिला महासमुंद, (छ.ग.), उनके द्वारा ग्राम मुढ़ेना, प.ह.न. 91, तहसील व जिला महासमुंद (छ. ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 333/3, कुल रकबा 0.54 हेक्टेयर, भूमि पर गौण खनिज फर्षीपत्थर खदान का पर्यावरण स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, महासमुंद के पत्र कमांक 28/क/डी.ई.आई.ए.ए./न.क.46/2016 महासमुंद, दिनांक 22/11/2016 को उत्खनन क्षमता 2167.50 टन (867 घनमीटर) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कृते
मेसर्स साईं फर्शी उघोग,
प्रो. श्री अजय सिंह ठाकुर

# सौहार्दपूर्ण माहौल में कोटा मुस्लिम समाज ने मनाया कुर्बानी का त्यौहार ईदुल-अजहा

**नमाज के दौरान कोटा पुलिस के जवान मौजूद रहे, मुस्लिम समाज के लोगों ने कोटा-पुलिस को धन्यवाद प्रेषित करते हुए बकरीद की बधाई दी**

पायनियर संवाददाता | करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com



मुस्लिम समुदाय के लोगों में कुर्बानी का त्यौहार कहे जाने वाला ईदुल-अजहा बकरीद का त्यौहार सौहार्द पूर्ण वातावरण में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इसी पावन महीने की शुरुआत में मुस्लिम समुदाय के लोगों का हज के लिए सऊदी अरब के मक्का मदीना जाने की शुरुआत होती है। जहां भारत के मुस्लिमों सहित पूरे विश्व से लाखों करोड़ों की तादात में मुस्लिम-समुदाय के लोग हज के लिए पहुंचते हैं।

**सुबह 08 बजे बकरीद की नमाज ईदगाह में संपन्न हुई -** शनिवार सुबह 08:00 बजे ईदगाह में कोटा मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदुल-अजहा बकरीद की नमाज अदा की मस्जिदें ताहा कोटा के पेश ईमाम हाफिज गुलजार ने बकरीद की नमाज अदा कराई नमाज से पहले हाफिज गुलजार ने ईदुल-अजहा त्यौहार के बारे में रौशनी डालते हुए बताया कि अल्लाह के नबी हजरत इब्राहिम अलैहस्सलाम और हजरत इस्माइल-अलैहस्सलाम का अल्लाह की राह में कुर्बान होने की एक दास्तान है, ईदुल-अजहा का त्यौहार अल्लाह के नबी और उनके औलाद की याद में मनाया जाता है, बकरीद की नमाज में कोटा मुस्लिम समाज के लोगो साहित कोटा से लगे आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए, नमाज के बाद मस्जिदे ताहा के पेश-ईमाम हाफिज गुलजार ने छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पूरे हिंदुस्तान में अमन चैन खुशहाली आपसी भाईचारे के लिए दुवाए मांगी गई. दुवा के बाद मुस्लिम समाज के लोग एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देने के बाद अपने घर परिवारों के कब्रो पर जाकर उनके कब्रो पर फूल इतर पेश करते हुए उनके हक में दुवाए करते दिखे।

**कोटा-पुलिस के जवान रहे मौजूद मुस्लिम समाज ने दी बधाई -** नमाज के दौरान हर साल की तरह इस साल भी पुलिस-विभाग के जवानों की ईदगाह में मौजूदगी रही। बकरीद की नमाज से एक दिन पूर्व मौजूदा थाना प्रभारी तोपसिंह नवरंग द्वारा मुस्लिम समाज के लोगो से सौजन्य मुलाकात करते हुए नमाज की तैयारी सहित अन्य व्यवस्था की जानकारी लेते हुए पेट्रोलिंग पार्टी सहित पुलिस बल को नमाज के दौरान ईदगाह में मौजूद के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद पुलिस विभाग जवानों शनिवार की सुबह से ही ईदगाह में मौजूद रहे, नमाज के बाद पुलिस के जवानों को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सहित बाकी पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवानों को धन्यवाद प्रेषित किया। बकरीद की नमाज के लिए ईदगाह में पूरी व्यवस्था बनाने में मस्जिद कमेटी कोटा के मौजूदा अध्यक्ष जनाब बशीर बेग सहित बाकी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा इस दौरान जब्बार खान, मोहम्मद जावेद खान, अब्दुल गफ्फार खान, मोहम्मद फिरोज रजा, सईद खान, अमजद खान, मोईद कुरैशी, शहिद खान, शेख सिराज, अहमद कुरैशी, अशरफ कुरेशी, अमजद कुरैशी फिरोज खान, अरमान खान, आमिर खान आकिब खत्री, अदनान खत्री, असलम खत्री, दादा भाई, बग्गू खान, शमीम खान, हासिम अली, अरमान खान, आमिर खान, शरीफ खान, अहमद हसन, शमीम खान, सदरुद्दीन खत्री, शाबिर अली, शमशुल हक, फिरोज खान, आरिफ मिर्जा, रियाज खान, सुब्राती खान, रुब्बी खान, साहेब आलम मिंन्नु खान, अज्जू बागड़ी, हसन खान सहित बड़ी संख्या में कोटा मुस्लिम समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने 24वें कॉन्वोकेशन का आयोजन किया; उद्यमिता कार्यक्रमों में 74 छात्र स्नातक हुए

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद, जिसे भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में मान्यता प्राप्त है, ने शुक्रवार को अपने अहमदाबाद परिसर में शैक्षणिक कार्यक्रमों के 24वें कॉन्वोकेशन का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय कुमार सारस्वत, सदस्य नीति आयोग, पूर्व सचिव डीआरडीओ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक शामिल हुए। समारोह में राकेश शर्मा, अध्यक्ष ईडीआईआई तथा मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड; डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई तथा ईडीआईआई गवर्निंग बोर्ड के सम्मानित सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे, जिनमें राजेश आर. गांधी, मैनेजिंग डायरेक्टर, वाडीलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अहमदाबाद राहुल भावे, मेनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईएफसीआई लिमिटेड, नई दिल्ली तथा पूर्णिमा भार्गव, सीजीएम एवं हेड, लर्निंग एवं एम्प्लॉयी एंगेजमेंट, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड शामिल थे। 24वें कॉन्वोकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट- एंटरप्रेन्योरशिप (पीजीडीएम-ई), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट- इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (पीजीडीएम-आईईवी) तथा फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत 74 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। यह समारोह छात्रों की अकादमिक यात्रा और सफलता का उत्सव है, जो अब विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों में उद्यमिता की भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करता है। इस वर्ष के ग्रेजुएट होने वाले बैच में कुल 74 विद्यार्थी शामिल थे, जिनमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट- एंटरप्रेन्योरशिप (पीजीडीएम-ई) के 64 छात्र, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (पीजीडीएम-आईईवी) के 8 छात्र एवं फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) के 2 छात्र देश के 12 विभिन्न राज्यों से हैं। पीजीडीएम-ई के 21 छात्रों ने अपनी 5 वर्षीय परस्पेक्टिव ग्रोथ प्लान को अंतिम रूप दिया है, जबकि इस कार्यक्रम के 43 छात्रों ने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कर ली है। छात्रों ने छात्र स्टार्ट-अप इनोवेशन पॉलिसी से ग्रांट स्वीकृतियाँ भी प्राप्त कर ली हैं। उनमें कुछ व्यावसायिक डोमेन शामिल हैं: वाणिज्यिक एवं आवासीय उपयोग के लिए छोटे स्तर के पवन टरबाइन विकसित करना; व्यावसायिक जीवन में समय प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने हेतु सॉफ्टवेयर तैयार करना; तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय ब्लड डिलीवरी प्रणाली बनाना; आवासीय भवनों में डिजिटल लॉकर स्थापित करना, जिससे कूरियर एजेंट सुरक्षित रूप से पार्सल छोड़ सकें और निवासी मोबाइल अलर्ट के जरिए किसी भी समय पार्सल प्राप्त कर सकें, बेहतर अवस्क ग्रेड प्राप्त करने के लिए और बहुमूल्य जल संसाधनों का उपयोग किए बिना शुष्क और व्यवहार्य तरीकों से लौह अवस्क का लाभकारीकरण, विद्युत दक्षता और उपयोगकर्ता सुविधा बढ़ाने वाले इनोवेटिव उत्पाद तैयार करना और अन्य कई समसामयिक व्यावसायिक अवसरों को पहचान कर उन्हें व्यावहारिक रूप देना।

# रामगढ़िया सेवक सभा ने किया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा हीरापुर, तेंदुआ में एक्यूरेट वालडॉक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से बलदेव सिंह, ओंकार सिंह, हरपाल सिंह, जसविंदर सिंह, अटल सिंह, मलकीत सिंह, चरणजीत सिंह, गुरबचन सिंह, हरदीप सिंह, मलकीत सिंह बाड़े एवं एक्यूरेट वेल्डर के दलजीत सिंह सैंभी, दिव्यजीत सिंह, डॉ. नरेंद्र भंवाल, सुरिंदर खुराना, मयंक खुराना, कुमुद नाथ शामिल थे।

# एएम-एनएस इंडिया का भारत के दो प्रमुख रेलवे इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट में अहम योगदान

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिका निभाते हुए देश के दो ऐतिहासिक रेलवे ब्रिजों के निर्माण में महत्वपूर्ण स्टील की आपूर्ति करके अपना योगदान और मजबूत किया है। दुनिया का सबसे ऊँचे रेलवे ब्रिज चेनाब ब्रिज के लिए 70% प्लेट स्टील और भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज अंजी खाड के लिए 100% स्टील की आपूर्ति की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन ऐतिहासिक ब्रिजों का उद्घाटन करके 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। ये इंजीनियरिंग चमत्कार भारत की इच्छाशक्ति और भविष्य निर्माण की क्षमता को दर्शाते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में विश्वस्तरीय स्टील की आपूर्ति करना एएम-एनएस इंडिया के लिए गर्व की बात है। चेनाब ब्रिज के लिए एएम-एनएस इंडिया ने लगभग 25,000 मीट्रिक टन उच्च-शक्ति संरचनात्मक स्टील की आपूर्ति की, जो ब्रिज निर्माण की कुल स्टील आवश्यकताओं का 70% हिस्सा है। इसमें विभिन्न घटकों के लिए विशिष्ट स्टील ग्रेड शामिल हैं, जैसे आर्क के लिए उच्च शक्ति वाला स्टील और पिलर के लिए कस्टमाइज्ड ग्रेड। यह सभी स्टील हजीरा स्थित उत्पादन इकाई में निर्मित हुए हैं और कठोर गुणवत्ता जांच के बाद उपयोग किए गए हैं, जिससे इसकी टिकाऊ क्षमता, जंग-रोधी विशेषताएं और ऊंचाई पर निर्माण की उपयुक्तता सुनिश्चित होती है। अंजी खाड ब्रिज के लिए एएम-एनएस इंडिया ने लगभग 7,000 मीट्रिक टन विशिष्ट रूप से फैब्रिकेटेड स्टील स्ट्रक्चर्स की आपूर्ति की, जो प्रोजेक्ट की 100% स्टील आवश्यकता को पूरा करता है। हजीरा प्लांट में तैयार किया गया यह स्टील ब्रिज की असाधारण डिजाइन और पर्यावरणीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। स्टील फैब्रिकेशन को इन-हाउस सुविधाओं के माध्यम से किया गया, जिसमें डिजाइन की जटिलताओं को संभालने के लिए कंपनी ने आवश्यक उपकरणों का उन्नयन भी किया।

# पर्यावरण दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन, योगेश तिवारी ने एक पेड़ मां के नाम लगाओ, जीवन बचाओ का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ग्राम सोढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सतनाम सत्संग समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता रही, बतौर मुख्य अतिथि पधारे भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति, जिनके प्रेरणादायक विचारों और नेतृत्व ने पूरे आयोजन को एक नई दिशा दी। योगेश तिवारी ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को प्रकृति के प्रति अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, पर्यावरण केवल प्रकृति का नहीं, हमारे अस्तित्व का मूल आधार है। जब हम एक पौधा अपने की जीवन देने वाली माँ को नाम लगाते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों को जीवनदान देने का कार्य करते हैं। 'पेड़ लगाओ - जीवन बचाओ' कोई नारा मात्र नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ी आवश्यकता है। अपने प्रेरक वक्तव्य में बेमेतरा भाजपा नेता योगेश तिवारी ने गांव वासियों की भागीदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोढ़ ग्रामवासियों ने जो एकजुटता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दिखाई है, वह अनुकरणीय है। जब पूरा विश्व जलवायु संकट से जूझ रहा है, ऐसे में ग्राम स्तर पर इस तरह के आयोजनों से बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे प्रकृति से प्रेम करें, पौधे लगाएं और उनका पालन-पोषण करें।

# रविशंकर के पूर्व अध्यक्ष नर सिंह मण्डल का पुण्यतिथि पर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 10 अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी ने किया नमन

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष नर सिंह मण्डल का पुण्यतिथि पर नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान जोन 10 के सहयोग से न्यू राजेन्द्र नगर गुरु घासीदास कॉलोनी सांस्कृतिक भवन परिसर में स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 10 अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, नगर निगम के पूर्व पार्षद सुन्दरलाल रुखमणि जोगी सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने नमन किया।

# मध्य भारत में दिव्यांग बच्चों का पहला विशेष विद्यालय

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

दिव्यांगता भले ही जीवन भर साथ रहे, लेकिन समय पर सही इलाज और मार्गदर्शन से उसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा सप्रे स्कूल प्रांगण में संचालित विशेष विद्यालय दिव्यांग बच्चों के जीवन को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। यह मध्य भारत का पहला ऐसा विद्यालय है, जहां दिव्यांग बच्चों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की विशेष थेरेपी देकर उनकी दिव्यांगता पर नियंत्रण लाने का प्रयास किया जाता है ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और सामान्य बच्चों के साथ स्कूल में आगे की पढ़ाई सामान्य रूप से कर सकें। विद्यालय में जब किसी दिव्यांग बच्चे को लाया जाता है, तो सबसे पहले उसकी आवश्यकताओं के अनुसार बौद्धिक अवलोकन एवं असेसमेंट कर भिन्न-भिन्न थेरेपी दी जाती है। इन थेरेपी से बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से धीरे-धीरे मजबूत होते हैं। जब बच्चा सामान्य गतिविधियों को करने में सक्षम हो जाता है, तो उसे इसी विशेष विद्यालय की सामान्य कक्षा में शामिल किया जाता है। इसका उद्देश्य यह है कि बच्चे सामान्य वातावरण में ढल सके और आगे चलकर किसी भी सामान्य स्कूल में पढ़ाई कर सकें। पुनर्वास केंद्र में जब बच्चे सामान्य हो जाते हैं तो उन्हें केंद्र के ही प्री-प्राइमरी स्कूल में एडमिशन दिया जाता है ताकि वे मानसिक रूप से सामान्य स्कूल जाने के लिए तैयार हो सकें। विद्यालय में पांच प्रमुख प्रकार की थेरेपी दी जाती हैं। पहली है स्पीच थेरेपी जो उन बच्चों को दी जाती है जिन्हें सुनने या बोलने में हकलाकर बोलने में शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाने में परेशानी होती है। यदि सुनने में कमी पाई जाती है, तो उन्हें हियरिंग एड यानी श्रवण यंत्र दिया जाता है और फिर बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है। दूसरी ऑक्यूपेशनल थेरेपी है, जिसमें बच्चों को रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए तैयार किया जाता है। यह थेरेपी सेंसरी संवेदनात्मक रूप में दी जाती है जो रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट एवं गमक कौशल से बच्चों को सक्रिय बनाए रखता है। तीसरी, रेमेडियल थेरेपी है, जो पढ़ने-लिखने में कमजोर या ऑटिज्म, एडीएचडी, डीएसएल से प्रभावित बच्चों के लिए होती है। इसमें उनकी मानसिक क्षमता के अनुसार अभ्यास आधारित शिक्षा दी जाती है। चौथी थेरेपी नैदानिक मनोचिकित्सा है, जिसमें बच्चों के मानसिक विकास पर काम किया जाता है।

# प्रीतम सिंह ठाकुर ने जोन कमिश्नर सहित अटारी गौठान का किया आकस्मिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम के जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर ने जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन एवं अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में जोन के अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 के अंतर्गत अटारी गौठान का आकस्मिक निरीक्षण कर वहाँ रह रहे गौवंश की चारा पानी की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर जानकारी ली और तत्काल गौठान की व्यवस्था को सुधारने के सम्बन्ध में अधिकारियों को स्थल पर आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन अब आसान

# छत्तीसगढ़ में बीएलएस इंटरनेशनल की मदद से शुरू हो रहे आधुनिक सब-रजिस्ट्रार कार्यालय

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

जन सेवा को और अधिक आसान, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक अहम् कदम उठाते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्यभर में मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों के पहले चरण की शुरुआत कर दी है। इन नए रूप में तैयार किए जा रहे कार्यालयों के माध्यम से लोगों को अब जमीन और प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन से जुड़ी सेवाएँ पहले से कहीं ज्यादा आसानी, पारदर्शिता और रफ्तार से मिलेंगी। इन आधुनिक सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को तैयार करने, संचालित करने और संभालने की जिम्मेदारी बीएलएस इंटरनेशनल को दी गई है, जो दुनियाभर में टेक्नोलॉजी आधारित नागरिक सेवाओं के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के कई बड़े शहरों और जिलों में ये मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालय शुरू किए जाएँगे। राजधानी रायपुर में इसका प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा, जो दर्शाएगा कि आज के दौर में नागरिक सुविधाएँ कितनी सहज और सुलभ हो सकती हैं। राज्य में कुल 104 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय (एसआरओ) हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से मॉडल एसआरओ में बदला जाएगा। पहले चरण में 19 मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को डिजिटल बनाने का काम शुरू हो चुका है। प्रत्येक मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालय आधुनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होगा, जिसमें बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम, रियल-टाइम स्टेटस अपडेट और नागरिक सहायता काउंटर जैसी सुविधाएँ शामिल होंगी। इनका उद्देश्य कार्यालयों की जटिल प्रक्रिया को आसान बनाना और लोगों को तेज़, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएँ प्रदान करना है। साथ ही, इन कार्यालयों में एसी वेटिंग लाउंज, टोकन सिस्टम से कतार की सुविधा, पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए अलग काउंटर, पीने के पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था भी की जाएगी। रियल-टाइम जानकारी देने के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएँगे और जरूरी सेवाओं, जैसे फोटोकॉपी, प्रिंटिंग और डॉक्यूमेंट स्कैनिंग की सुविधा भी इन कार्यालयों में ही उपलब्ध होगी। शिकायत निवारण काउंटर के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर नागरिक को रजिस्ट्रेशन से जुड़ी सारी सेवाएँ एक ही जगह पर, बिना किसी परेशानी के मिल सकें। बीएलएस इंटरनेशनल के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और बीएलएस ई-सर्विसेस लिमिटेड के चेयरमैन, शिखर अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार के साथ इस दूरदर्शी पहल में साझेदारी करके हमें गर्व हो रहा है। ये मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालय स्थानीय प्रशासन में विश्व स्तर के सेवा मानकों को जोड़ने का काम करेंगे, जिससे रोजमर्रा के सरकारी कामकाज और भी अधिक सरल, तेज और जवाबदेह बनेंगे। बीएलएस ई-सर्विसेस की मूल कंपनी के रूप में बीएलएस इंटरनेशनल के पास दुनियाभर में बड़े स्तर पर सार्वजनिक सेवाएँ देने का व्यापक अनुभव है। ऐसे में, छत्तीसगढ़ सरकार के साथ इसकी साझेदारी जनता को सुविधाजनक सेवाएँ देने के एक नए दौर की शुरुआत को दर्शाती है, जो कि पूरी तरह जवाबदेही, सुलभता और नवाचार पर आधारित है। बीएलएस ई-सर्विसेस लिमिटेड के सीईओ, लोकनाथ पांडा, ने कहा, ये मॉडल सब-रजिस्ट्रार कार्यालय लोगों के लिए सरकार से जुड़ी सेवाओं के तौर-तरीकों में बेहतर बदलाव लाएँगे। डॉक्यूमेंट्स का डिजिटलीकरण हो, या वास्तविक समय में अपडेट्स मिलना; पूरा सिस्टम पारदर्शी, भरोसेमंद और जनता के अनुकूल हो जाएगा। यह बदलाव उस समय हो रहा है, जब पूरे भारत में शासन प्रणाली डिजिटल और जनता को सशक्त करने पर केंद्रित दृष्टिकोण को अपना रही है। छत्तीसगढ़ इस दिशा में आगे बढ़कर दूसरे राज्यों के लिए भी एक मिसाल बनने जा रहा है, जो स्मार्ट, पारदर्शी और जवाबदेह सार्वजनिक सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं।

# राजस्व शिविर में मेनरोड चौड़ीकरण की शिकायत नगर पंचायत क्षेत्र में फर्जी पट्टे की जांच की मांग

पायनियर संवाददाता | डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राजस्व शिविर में नागरिकों ने मेनरोड चौड़ीकरण की शिकायत की है। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र में हालिया वर्षों में आबंटित पट्टे की जांच की मांग भी उठी है। गलेजिंग यूनिट के बाउंड्री के अंदर किये गए निर्माण को लेकर शिकायत करते हुए जांच के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उक्त शिविर में कलेक्टर राजनांदगांव ने औचक निरीक्षण कर आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारी कर्मचारी को समय सीमा में आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। इस राजस्व शिविर में नगर के पत्रकारों ने लिखित आवेदन देते हुए कलेक्टर को नगर में फर्जी पटटा को जांच कर निरस्त करने की मांग की है। वहीं सड़क चौड़ीकरण को लेकर निर्माण ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। नगर के कुंभकार समाज ने कालेज के पास निर्माणाधीन ग्लेजिंग यूनिट के ईर्दगिर्द अवैध निर्माण की लिखित में शिकायत कर एक सप्ताह के भीतर अवैध मकान को हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

**कुंभकारो का चक्काजाम की चेतावनी -** कुंभकार समाज ने ग्लेजिंग यूनिट के ईर्दगिर्द एक सप्ताह के भीतर अवैध मकान को हटाने का अल्टीमेटम दिया है। समाज ने अवैध कब्जे नहीं हटाने पर चक्काजाम की चेतावनी भी दी है। इस मामले में कलेक्टर ने एसडीएम को तत्काल जांच कर मामले में कार्यवाही के लिए निर्देश दिया है।

# जनता की थाली तक अन्न की गारंटी 'चावल उत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा

## छत्तीसगढ़ सरकार का अनोखा आयोजन चावल उत्सव एक साप्ताहिक अन्न त्योहार : विजय सिन्हा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका बेमेतरा 'चावल उत्सव' कार्यक्रम में शामिल पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ में 1 से 7 जून तक चावल तिहार उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा यह चावल उत्सव एक वृहद अन्न का त्यौहार है जिसमें एक सप्ताह तक सरकार द्वारा तीन माह का एक मुश्त राशन छत्तीसगढ़ की लाभार्थी जनता को दिया जा रहा है। नगर पालिका परिषद में चावल उत्सव कार्यक्रम के तहत वार्ड 19-20-21 मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा नगर पालिका सभापति खाद्य विभाग विकास तंबोली शामिल होकर हितग्राहियो को चावल वितरण किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा एक मुश्त तिमाही चावल वितरण एक संवेदनशील सरकार, गरीबों की सरकार ही कर सकती है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 1 जून से 7 जून तक 'चावल उत्सव' मनाया, जिसका उददेश्य राज्य के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल एकमुश्त वितरित करना था। विजय सिन्हा ने कहा सभी राशन दुकानों से हितग्राहियों को चावल वितरण के साथ राशन सामान दिया ही जाता है, लेकिन इस बार इसमें सरकार, सरकारी पहल से साप्ताहिक आयोजन के माध्यम से गरीब परिवारों को 3 माह का एक मुश्त चावल और खाद्य सामग्री समय से पूर्व उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। विजय सिन्हा ने आगे कहा इससे उन गरीब किसान मजदूर को फायदा होगा जो आने वाले समय में खेती किसानी के कार्य में लगे रहेंगे। अब उन्हें खेती किसानी छोड़कर राशन दुकान के चक्कर काटना नहीं पड़ेगा इसलिए सरकार ने यह योजना जनता के बीच चलाई है। नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 जून से 7 जून तक 'चावल उत्सव' मनाया, जिसका उददेश्य राज्य के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल एक-मुश्त वितरित करना था। इस उत्सव के दौरान, प्रदेश की 13,928 उचित मूल्य दुकानों में चावल का वितरण किया जा रहा है। नगर पालिका सभापति खाद्य विभाग विकास तंबोली ने कहा जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में है तभी से भारत विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है ।हर देशवासी का पेट भी भरा है पक्का मकान भी है गाँव किसान युवा महिला व्यापारी सब लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो चुकी है भारत देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व स्तर पर 3 नम्बर पर आ गई है।चावल वितरण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार सहित हितग्राही काफी संख्या में उपस्थित थे।

# अमनों सुकून से ईदगाह में पढ़ी गई ईद-उल-अदहा की

### नमाज, देश में अमनों शांति और भाईचारे की मांगी दुआ



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले भर में शनिवार को अमनों सुकून के साथ ईद उल अदहा की नमाज पढ़ी गई। जिला मुख्यालय जशपुर में ईदगाह में नमाज पढ़ी गई। जामा मस्जिद के मुत्तवली मौलाना मंसूर आलम फैजी ने ईद उल अदहा की नमाज पढ़ाई। तय समय पर सुबह 8 बजे जमात के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अदहा की बधाई लोगों ने दी। और कब्रिस्तान जाकर अपने पूर्वजों के लिए दुआएं मांगी।

### त्याग के लिए बलिदान का पर्व

ईद उल अदहा हजरत इब्राहिम अलैह सलाम के त्याग और अल्लाह के प्रति समर्पण व बलिदान के याद में मनाया जाता है। हजरत इब्राहिम को ख्वाब में अपने सबसे अजीज प्यारी चीज अल्लाह के राह में बलिदान करने के लिए कहा गया था। उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए कुर्बानी का त्यौहार मनाया जाता है।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने कुलदीप जांगड़े को बनाया मुंगेली जिला प्रभारी

## नव नियुक्त जिला प्रभारी को संगठन विस्तार और सामाजिक न्याय की दिशा में मिले निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप जांगड़े को मुंगेली जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े ने की, जो संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को एक नया आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े ने कहा की कुलदीप जांगड़े एक समर्पित और जागरूक कार्यकर्ता हैं उन्होंने लगातार वंचित वर्गों दलित समुदाय और शोषित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उनकी सोच और कार्यशैली संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप है यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह और संस्थापक व नगिना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद के मार्गदर्शन और स्वीकृति के पश्चात की गई है। संगठन की ओर से यह संदेश स्पष्ट किया गया कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का एक आंदोलन है, जो संविधान, सामाजिक न्याय, और समानता की नींव पर खड़ा है। वही नियुक्ति के पश्चात कुलदीप जांगड़े ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे मुंगेली जिले की जिम्मेदारी दी गई है। मैं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आम जन तक पहुँचाने और दलित, पिछड़े, आदिवासी एवं अन्य वंचित वर्गों की आवाज बनने का प्रयास करूंगा। संगठन के विस्तार और जन-जागरूकता के अभियान को तेज़ किया जाएगा वही इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश बंजारे, जिला महा सचिव दुर्गेश जांगड़े, गीतेश टंडन जिला उपाध्यक्ष, एवं सभी सक्रीय सदस्यों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# लोक निर्माण विभाग के सचिव को गोपाल चतुर्वेदी ने एनएच 53 निर्माणधीन ओवर ब्रिज के कारण बने डायवर्सन मार्ग की खराब स्थिति से कराया अवगत

पायनियर संवाददाता ‹ मंदिर-हसौद
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद चौक एनएच 53 निर्माणधीन ओवर ब्रिज के कारण बने डायवर्सन मार्ग की स्थिति भारी वाहनों की आवाजाही एवं दिन भर बने रहने वाले ट्रैफिक जाम से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के द्वारा लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमे सचिव कमलप्रीत सिंह ने तुरंत संज्ञान में लिया और उसी समय पत्र टाईप कर प्रमुख अभियंता और एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर को पत्र जारी कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के त्वरित निर्देश दिए। गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद ने सचिव को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पार्षद हेमराज बंजारे, एकता अवधेश मिश्रा, बिंदु भूषण बघेल, आचार्य पंडित विनीत पाण्डेय, जितेंद्र चतुर्वेदी, लालदास मारकंडे, कमलेश भारती, देवादास मनहरे एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने ध्वनि की रफ्तार से तेज केटीएम ड्युक बाइक दौड़ाने वाले 2 बाईकर्स पर 15000 का ठोंका जुर्माना

## मोडिफाई कर खतरनाक रेसिंग करने वाले अनुराग तिग्गा और साहिल तिर्की पर जुर्माना



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला के थाना/चौकी क्षेत्र में नियमित रूप से नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का ब्रीथ एनलाईजर के माध्यम से चेक कर एवं तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले स्पीड बाइकर्स के विरूद्ध लगातार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को केटीएम ड्यूक दोपहिया वाहन की मोडिफाई कर खतरनाक तरीके से रेसिंग करने वाले अनुराग तिग्गा निवासी घोलेंग के विरूद्ध 10 हजार रू. का चालान काटा गया वहीं दूसरे प्रकरण में स्पीड बाइकर्स साहिल तिर्की के विरूद्ध 05 हजार रू. का चालान काटा गया है।

### दी जा रही समझाईश

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा इन सभी स्पीड बाईक चालक एवं उनके परिजनों को समक्ष में बुलाकर समझाईस भी दी गई है। खतरनाक तरीके से वाहन चलाना स्वयं को जोखिम में डालते हुये दूसरे भी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठ कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं।

आपका जीवन परिवार एवं देश के लिये अमूल्य है, कृपया लापरवाहीपूर्वक तेज गति से एवं शराब पीकर वाहन चलाकर इसे व्यर्थ न जाने दें, यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य को भी सुरक्षित रखें।

**शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अल्ट्राटेक कंम्युनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सौजन्य से किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक कंम्युनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सौजन्य से वृक्षारोपण किया गया एवं वहीं पर पौधो की देखरेख की भी जिम्मेदारी ली गई। रायपुर जिला, तिल्दा जनपद क्षेत्र के ग्राम किरना में विभिन्न प्रजाती के पौधों का रोपण किया गया वहीं पर उनके संरक्षण का भी जिम्मेदारी ली गई। वृक्षारोपण अभियान में क्षेत्र की एसएचजी समूह की महिलाएं, बालिका व पुरूषों शामिल हुए, जिन्हें पर्यावरण संरक्षित करने को लेकर जानकारियां प्रदान किया गया। जिसके तहत पेड़ों का सुरक्षा, नवीन पौधे रोपण से भविष्य में क्या फर्क पड सकता है, इन तमाम विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर आगंतुको के द्वारा ग्रामीणों को पौधा रोपण की प्रक्रिया उनके संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। वहीं पर कहा गया कि पौधारोपण करने मात्र से कर्तव्यों का निर्वहन नहीं होता, उपस्थित जनों से अपिल किया गया कि पौधारोपण करने के पश्चात उनके फलने फूलने तक देख रेख करने, संरक्षण की जिम्मेदारी को भी निभाने की आवश्यकता है। अल्ट्राटेक कंम्युनिटी वेलफेयर के द्वारा ग्राम किरना के वासिंदो के घर घर जाकर बड़े बुजुर्गो के हाथों उनके ही घर में वृक्षारोपण कराया गया। वहीं फलने फूलने तक योग्य बनाने की जिम्मेदारी भी घर के परिजनों के द्वारा लिया गया। वृक्षारोपण के इस अभियान में अल्ट्राटेक कंम्युनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन बैकुंठ सीमेंट वर्क्स व ग्राम किरना के सरपंच, उपसरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# नगर पालिका अध्यक्ष की माता की प्रथम पुण्यतिथि पर चल रही भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### सीताराम महाराज के आगमन से भागवत स्थल हुआ भक्तिमय

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन में तीसरे दिन कथा स्थल पर विशेष उत्साह और भक्तिभाव देखने को मिला, जब शिवरीनारायण से पधारे सीताराम महाराज ने भागवत कथा स्थल में पदार्पण किया। उनके आगमन के साथ ही समूचे परिसर में एक अलग ही आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन प्रभारी एवं महामंत्री अमरजीत चावला भी कथा स्थल पहुंचे और व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। हर दिन की तरह कथा आरती के बाद झांकियों के माध्यम से श्रीमद् भागवत की कथाओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कथा व्यास बाल व्यास गौरव दास महाराज (वृंदावन) की मधुर वाणी और सरल व्याख्या ने सभी श्रोताओं के मन को भक्ति रस में सराबोर कर दिया है। इस आयोजन की एक विशेष पहल यह भी है कि कथा के माध्यम से कोरोना काल में दिवंगत 50 आत्माओं को सामूहिक श्रद्धांजलि भी अर्पित की जा रही है। कथा 11 जून तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी। नगर के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस भक्तिमय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# कांग्रेस की प्रेसवार्ता: कहा, प्रदेश सरकार 10463 स्कूलों को बंद कर नए शिक्षक भर्ती करने से बचना चाह रही है



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार की स्कूलों में युक्तियुक्तकरण अभियान के विरोध में जिला जशपुर के कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर विरोध जताते हुए इसे बेरोजगारों के खिलाफ और शिक्षकों के अधिकार के साथ ही अभिभावक और शिक्षा के अधिकार के खिलाफ बताया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री भानुप्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, प्रदेश की बीजेपी सरकार की 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 40483 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है,नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदो की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में में छत्तीसगढ में प्राइमरी स्कलों में 21 छात्रो के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। कईयों के रोजगार छिन जाएंगे। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने सेन केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी मिडिल, हाईस्कल और हायर सेकेंडरी स्क्लो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक केपद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पडना निश्चित है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे हजारों लोगों रोजगार के अवसर समाप्त होंगे।

### जमीनी लड़ाई लड़ेंगे : सिंह

कांग्रेस इसके खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ने के इरादे में है। इसके लिए सभी जिलों एवं ब्लाकों में आंदोलन चलायेंगे, शीघ्र ही आंदोलन का कार्यक्रम, तिथि और स्वरूप की घोषणा होगी। प्रेसवार्ता में महामंत्री भानुप्रताप सिंह, पूर्व विधायक विनय भगत, जिला अध्यक्ष सागर यादव, पीसीसी सचिव हीरू राम निकुंज, उर्मिला भगत, शशि भगत, तारकेश्वर सिंह, अनोज गुप्ता, अनिल, अमित महतो सहस्त्रांशु पाठक के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है : अमरजीत

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




प्रदेश मे 10463 स्कूलों को बंद करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है,, जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पुरे प्रदेश मे विरोध प्रदर्शन किया जाना है जिसको लेकर आगामी दिनों मे जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे कार्यक्रम किया जायेगा। जिसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अमरजीत चावला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री (संगठन) के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री (संगठन) अमरजीत चावला ने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदो की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। ज्ञात हो कि रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रो के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए, समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, भाजपा ने विधानसभा चुनावों में दावा किया था राज्य में 58000 शिक्षकों के पद खाली है। विधानसभा में घोषणा किया 35000 पद भरे जायेंगे, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है लेकिन यह भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे। युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चैकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। जिसको लेकर कांग्रेस जमीनी लड़ाई लड़ेगी पत्रकारों से वार्ता के दौरान अमरजीत चावला ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास ही शिक्षा मंत्रालय है, अगर शिक्षकों के साथ न्याय हो रहा तो हमारे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ डिबेट कर ले, सारी बाते सामने आ जाएगी। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, हेमेंद्र गोस्वामी, संजीत बनर्जी, आत्मा सिंह क्षत्रिय, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, संजय यादव, राजा ठाकुर, जागेश्वरी वर्मा, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, दुर्गा यादव, जलेश यादव, मनोज सोनकर, अजय साहू, विष्णु खांडे, दादू मल्हा, कमल जांगड़े, कामता जांगड़े, महेंद्र यादव, शत्रुहन सोनकर, अभिषेक यादव, प्रेम सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

युक्तियुक्त करन को लेकर जो विसंगतिया आ रही है। शिक्षको में जो आक्रोश है उसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चार चरणों में आंदोलन किया जायेगा। इसी कडी में प्रेसवार्ता की गई है। इसके बाद अगले चरण में ब्लाक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। जब तक विसंगतिया दूर नही की जायेगी। तब तक प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस द्वारा आदोलन किया जायेगा ।

**अमरजीत चावला**
**पूर्व महामंत्री (संगठन) प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

इस पुरे मामले पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि एक तरफ सरकार शिक्षा के मंदिर को बंद कर रही है वही दूसरी तरफसरकारी शराब दुकानों मे बड़ोत्तरी कर रही। विपक्ष मे रहने के दौरान भाजपा ने पूर्ण शरब बंदी की मांग जोर शोर से करती रही,, वही सत्ता मे आने के उसी ने शराब दुकानों बड़ोत्तरी कर अपनी मनसा स्पष्ट कर दी है। प्रदेश की जनता के लिए शिक्षा से ज्यादा शराब महत्वपूर्ण है।

**घनश्याम वर्मा जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मुंगेली**

# आम की खेती किसानों की आय बढ़ाने में मददगार : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आम की खेती किसानों की आय बढ़ाने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। किसान जितने ज्यादा आम के पौधे लगाएंगे, उतना ज्यादा फायदा होगा। आम और उद्यानिकी फसलों की खेती से हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मण्डपम् में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऐसे उत्सवों से फलों और उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के क्रलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस अवसर पर विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के क्रलपति डॉ. गिरीश चंदेल, कृषि वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आये आम उत्पादक किसान और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विशेषकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं में आम का विशेष महत्व है। छत्तीसगढ़ में सभी मांगलिक एवं धार्मिक कार्यों में आम के पत्तों, फलों एवं अन्य अंगों का उपयोग किया जाता है तथा आम के पेड़ को बहुत ही शुभ माना जाता है। सीएम साय ने कहा कि भारत में आम की समृद्ध जैवविविधता देखने को मिलती है और यहां आम की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं जो अपने विशिष्ट स्वाद, सुगंध और गुणों के कारण दुनिया भर में बहुत लोकप्रिय हैं। आम के इन्ही विशिष्ट गुणों के कारण इसे फलों का राजा भी कहा जाता है। सीएम साय ने कहा कि इस भव्य और वृहद आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ वासियों को आम की सैकड़ों विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रजातियां देखने का अवसर प्राप्त हुआ। सीएम साय ने कहा कि उन्हें स्वयं आम की अनेकों दुर्लभ किस्में देखने को मिली जो उन्होंने अपने जीवन में इससे पूर्व नहीं देखी थी। इनमें से एक प्रजाति बीजापुर की हाथीझुल किस्म है जिसका एक-एक फल दो किलो से लेकर चार किलो तक वजन का होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षो में यहां आम महोत्सव और भी भव्य एवं वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिससे रायपुर को एक नई पहचान मिलेगी। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आम महोत्सव में लगी आम प्रदर्शनी में 2 इंच से लेकर 15 इंच आकार तक के आम के फल देखने को मिल रहे हैं जो रायपुर वासियां के लिए एक सुखद एवं अनोखा अनुभव है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास करना होना चाहिए की रायपुर शहर से अधिक से अधिक लोग आम महोत्सव में पहुंच कर आम की इन किस्मों को देख सकें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के क्रलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने राष्ट्रीय आम महोत्सव के बारे में मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अदाणी पॉवर ने की हरित पहल, 80 हजार पौधारोपण का लक्ष्य




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के पुसौर प्रखण्ड में अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ की ओर से इस वर्ष 'वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' की थीम पर हरित पर्यावरण पहल की शुरुआत की गई है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस सराहनीय पहल के तहत अदाणी पावर रायगढ़ ने वर्ष 2025-26 में कुल 80 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य के तहत 75000 पौधे संयंत्र परिसर और 5000 पौधे आसपास के ग्रामों में रोपित किए जाएंगे। मालूम हो कि अदाणी पावर रायगढ़ 'सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री' प्रमाणित संस्था है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और प्रोत्साहन के लिए जूट बैगों का वितरण किया गया। साथ ही जागरूकता के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ का हरित पर्यावरण पहल का यह प्रयास क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और वायुमंडल को शुद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संयंत्र परिसर में 500 से अधिक पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अदाणी पावर रायगढ़ के चीफ बिजनेस ऑफिसर सुधाकर टंडन, प्रोजेक्ट हेड सुरोंजित मण्डल, ओ एंड एम हेड शशधरा दास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस विशेष दिवस पर अदाणी पावर की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन की ओर से शासकीय विद्यालयों के 150 बच्चों ने आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने धरती, पेड़-पौधे और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक कल्पनाएं चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की। इससे विद्यार्थियों के मन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को बल मिला। ग्राम स्तर पर पौधारोपण के लिए आसपास के विद्यालयों के बच्चों द्वारा सीड बॉल (बीज बॉल) तैयार किए गए, जिन्हें गांवों की खाली जमीनों पर बिखेर कर प्राकृतिक रूप से पौधों को विकसित किया जाएगा।

# क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण की की गहन समीक्षा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सीईओ राजेश सिंह राणा ने सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तत्परता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सभी प्रकरणों के निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में समस्त जिला एवं जोनल कार्यालयों के अधिकारी व तकनीकी विशेषज्ञ वर्चुअल एवं भौतिक रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यभर में क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं विशेषतः जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना तथा अन्य सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं की प्रभावशीलता एवं निरंतरता सुनिश्चित करना था। बैठक की शुरुआत में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सीईओ राणा ने संयंत्रों की वास्तविक स्थिति, कार्यशीलता प्रतिशत, वारंटी की स्थिति, मरम्मत संबंधी प्रक्रियाओं एवं सामग्रियों की उपलब्धता पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता को निर्बाध पेयजल आपूर्ति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संयंत्रों की कार्यशीलता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि वारंटी अवधि में यदि स्थापना एजेंसी मरम्मत नहीं करती है तो सुरक्षा निधि से तुरंत मरम्मत कराई जाए। वारंटी के बाहर संयंत्रों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से समन्वय कर आवश्यक फंडिंग सुनिश्चित की जाए। मरम्मत की स्थिति, लागत, फोटो दस्तावेज सहित रिपोर्टिंग डिजिटल माध्यम से प्रधान कार्यालय को भेजी जाए। क्रेडा द्वारा पूर्व में पंप, कंट्रोलर, सोलर मॉड्यूल, केबल आदि उपकरणों की आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत किए गए थे। राणा ने पूछा कि ये सामग्री कितनी मात्रा में प्राप्त हुई, कहाँ-कहाँ भेजी गई, और संयंत्रों में इसे स्थापित करने की प्रगति क्या है। उन्होंने कहा सभी सामग्रियों को 5 दिनों के भीतर संयंत्रों में स्थापित कर उन्हें कार्यशील बनाना अनिवार्य है। यह कार्यदक्षता का मानक बनेगा। जिन जिलों में सामग्री स्थापित नहीं हुई, वहाँ की समीक्षा अलग से की जाएगी और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सौर सुजला योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर पंप संयंत्रों की भी समीक्षा की गई। यह योजना राज्य के कृषि क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा देने के लिए महत्वपूर्ण है। राणा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अकार्यशील संयंत्रों को प्राथमिकता से चिन्हित कर शीघ्र दुरुस्त किया जाए। किसानों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के दौरान क्रेडा को 40,000 से अधिक आवेदन और शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें प्रमुखता से विभिन्न प्रकार के संयत्रों की स्थापना संबधी माँग एवं संयंत्रों की कार्यशीलता, पानी की आपूर्ति, तकनीकी खामियाँ, एवं सामग्री की कमी से संबंधित विषय थे। राणा ने सभी जिला अधिकारियों से एक-एक प्रकरण की स्थिति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि हर आवेदन का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो। समस्त जानकारी 9 जून 2025 तक प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट के रूप में प्रेषित की जाए। बैठक के अंत में राणा ने कहा कि क्रेडा न केवल संयंत्र स्थापित करने वाली संस्था है, बल्कि यह जिम्मेदारी से संचालन और रखरखाव के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# पुलिस का उददेश्य जनता के जीवन, सम्पत्ति और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना : सुंदरराज

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बल को संविधान और कानून के तहत मिले अपने दायित्वों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध बताते हुए कहा हैं कि पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र की जनता के जीवन, संपत्ति और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। सुंदरराज पी. ने बताया है कि प्रतिबंधित एवं अवैध घोषित भाकपा माओवादी संगठन के विरुद्ध चलाए जा रहे समस्त अभियान विधिसम्मत प्रावधानों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत पूरी जिम्मेदारी, संयम और पारदर्शिता के साथ संचालित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में यह देखा गया है कि कुछ व्यक्तियों एवं संगठनों द्वारा प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही वैध कार्रवाइयों के संबंध में अफवाहें फैलाने और झूठे आरोप लगाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे प्रयास न केवल भ्रामक एवं मनोबल गिराने वाले हैं, बल्कि पूरी तरह से अनैतिक और कानून के विरुद्ध भी हैं। ये तथ्यात्मक सच्चाई से भी कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर स्पष्ट करना चाहते हैं कि सुरक्षा बलों की सभी कार्रवाइयाँ संविधान, कानून और संचालन की निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप ही होती हैं। हमारी नियमित प्रक्रिया के तहत हम प्रत्येक अभियान से जुड़ी जानकारी समयानुसार अपने आधिकारिक और प्रामाणिक बयानों के माध्यम से जनता एवं सभी संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराते रहेंगे। हम क्षेत्र की जनता और सभी हितधारकों से अपील करते हैं कि वे किसी भी प्रकार के झूठे प्रचार या मनगढ़ंत आरोपों से भ्रमित या गुमराह न हों। सुंदरराज पी. ने बस्तर की जनता को पुनः विश्वास दिलाते हुए कहा है कि बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और विकास हेतु असंख्य सर्वोच्च बलिदानों के बावजूद बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों का उद्देश्य पूरी तरह स्पष्ट है।

# संकल्प से सिद्धि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल बेमिसाल पर कार्यशाला संपन्न




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम मानने का रही है। इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाक्रर के नेतृत्व में वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया भाजपा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा 9 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है जिसके तहत कार्यशाला, योग दिवस सहित अन्य कार्यक्रमों से लेकर जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम करने की योजना भाजपा ने तय की है। इसी कड़ी में शहर जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया उक्त कार्यशाला में जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहे साथ ही रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित अन्य नेता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया उसके पश्चात संगठन गीत और वन्देमातरम का सामूहिक गान किया गया।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी लगाने वाले गिरोह का किया गया भंडाफोड़

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली पुलिस ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दो आरोपियों योगेंद्र क्रमार और प्रशांत राजपूत को गिरफ्तार किया गया है, जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। ये दोनों फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर बीएसएफ में नौकरी दिलाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से फर्जी दस्तावेज, मोबाईल और अन्य सामग्री बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ थाना लालपुर में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 जनू को योगेन्द्र क्रमार पिता प्रेमशंकर बघेल एवं प्रशांत राजपूत पिता मानसिंह दोनों अपने आपको ग्राम कतेली का निवासी होना बताते हुये विशाल पिता यशपाल सिंह के चरित्र सत्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पुलिस कार्यालय मुंगेली आये थे उक्त दोनों व्यक्ति एवं उनके द्वारा चाही गयी चरित्र सत्यापन के संबंध में संदिग्ध प्रतीत होने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल को दिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मुंगेली द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबड़ा के पर्यवेक्षण एवं उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल के नेतृत्व में साइबर सेल मुंगेली एवं थाना लालपुर पुलिस की विशेष टीम गठित कर सूक्ष्मता से जांच करने का आदेश दिये, जिस पर पुलिस टीम द्वारा जांच तस्दीक हेतु ग्राम कंतेली पहुंचकर सरपंच प्रतिनिधि, कोटवार एवं गणमान्य लोगो से जांच पूछताछ किया गया।

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

08 June 2025 Pride Of Raipur

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

हिप्नोसिस
● पूर्व जन्म दर्शन
● मानसिक अवसाद से मुक्ति
● किसी भी प्रकार का तनाव चिंता रिश्ते की समस्या
● ऐसा लगता है कि कोई है साथ में पर वो सिर्फ डर है खुद का
● भविष्य की चिंता
ऐसे सभी कारणों का निदान संभव है हिप्नोसिस के द्वारा
S. Nitin
Astrology & Numerology Expert
प्रथम मंजिल अशोक इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर छत्तीसगढ़
www.snitinnumerological.com 7000074769

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre Nursery Pre-Primary Classes
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
रायपुर शहर में स्थित एक मात्र कॉलेज
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
एडमिशन के लिए संपर्क करें या ऑनलाइन रजिस्टर करें
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 9425214413, 9329621221

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R. B. Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Nursery, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

CHHAYA APPLICATIONS
Waterproofing
With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
9301117779

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403